* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

05 मई, 2025
वैशाख, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 194

पहलगाम हमलाः पीएम के दौरे के वक्त हमला करने वाले थे आतंकी



### भारत ने कर दी है पाकिस्तान की चौतरफा घेराबंदी

# प्रधानमंत्री ने वायु सेना प्रमुख के साथ की बैठक

- मोदी शनिवार को नौसेना प्रमुख एडमिरल से मिले
- डीआरडीओ ने स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफार्म की टेस्टिंग की
- अरब सागर के लिए नेविगेशन अलर्ट जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/जम्मू कश्मीर।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में यह अहम बैठक हुई। इससे पहले नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी और उन्हें अरब सागर में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराया था।

एयर चीफ मार्शल और नरेंद्र मोदी के बीच दिल्ली में लोक कल्याण मार्ग स्थित पीएम आवास पर हुई। इसके पहले एयर चीफ मार्शल की प्रधानमंत्री से पिछले सप्ताह बैठक में मुलाकात हुई थी। उस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए थे। इसके बाद रविवार को यह एयर चीफ मार्शल से अलग से यह दूसरी बैठक थी।



## सैटेलाइट और ड्रोन के बीच की कड़ी के रूप में करता है काम

डिफेंस रीसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) ने मध्य प्रदेश के श्योपुर ट्रायल साइट से स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफार्म की पहली उड़ान की सफल टेस्टिंग की। इसे 17 किमी की ऊंचाई तक ले जाया गया। स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफार्म एक ऐसी टेक्नोलॉजी है, जो पृथ्वी की सतह से लगभग 20 से 50 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित वायुमंडलीय परत स्ट्रैटोस्फियर में काम करती है। यह तकनीक सैटेलाइट और ड्रोन दोनों के बीच की कड़ी के रूप में काम करती है। इसमें हाई-रेजोल्यूशन कैमरे, रडार, कम्यूनिकेशन ट्रांसमीटर्स और सिग्नल इंटेलिजेंस सिस्टम लगे होते हैं, जो ऊपर से निगरानी करते हैं।

## समुद्री जहाजों को खतरे के बारे में सतर्क करेगा यह यंत्र

भारतीय नौसेना के अरब सागर में चल रहे अभ्यास के मद्देनजर भारत के समुद्री अधिकारियों ने वाणिज्यिक जहाजों के लिए नेविगेशन चेतावनी जारी की है। नेविगेशन वॉर्निंग अलर्ट भारत के नेशनल हाइड्रोग्राफिक ऑफिस ने जारी किया है, जो भारतीय नौसेना के अधीन काम करता है। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वाणिज्यिक जहाजों को इस क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी गयी है। समुद्री यात्रा के दौरान जहाजों में नेविगेशन सिस्टम यात्रियों और चालक दल को किसी खतरे (जैसे तूफान, चट्टान, विमान के रास्ते में कोई वस्तु आदि) के बारे में सतर्क करता है। यही नेविगेशन अलर्ट कहलाता है।

# पाकिस्तान को एक और झटका भारत ने बागलीहार डैम बंद किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/जम्मू कश्मीर।** भारत ने रविवार को चिनाब नदी पर बने बागलीहार डैम का पानी पाकिस्तान के लिए रोक दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कश्मीर में किशनगंगा बांध के जरिये झेलम नदी का पानी रोकने की योजना चल रही है। सूत्रों ने बताया कि जम्मू के रामबन में बागलीहार और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा हाइड्रोपावर डैम के जरिये भारत अपनी तरफ से पानी छोड़ने के टाइम को रेगुलेट कर सकता है। इन बांधों के जरिए पाकिस्तान को पहुंचने वाले पानी को बिना किसी पूर्व चेतावनी के कम किया जा सकता है या फ्लो को बढ़ाया भी जा सकता है।

बताते चलें कि कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। इसमें 26 पर्यटक मारे गये थे। इसके बाद से भारत, पाकिस्तान के खिलाफ कई कूटनीतिक फैसले ले चुका है, जिनमें सिंधु जल संधि को निलंबित, पाक नागरिकों का वीजा रद्द, अटारी-वाघा बॉर्डर बंद, पाकिस्तानी न्यूज यू ट्यूब चैनलों को बंद, डाक-पार्सल पर रोक और पाक के जहाजों को भारतीय बंदरगाह पर आने पर पबांदी शामिल है।

**पंजाब में दो पाकिस्तानी जासूस पकड़े गये :** पंजाब की अमृतसर पुलिस ने रविवार को दो जासूसों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों सैन्य छावनी और एयरफोर्स बेस की संवेदनशील सूचनाओं और तस्वीरों को विदेश भेज रहे थे। इनकी पहचान पलक शेर मसीह और सूरज मसीह के तौर पर हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के संबंध आइएसआइ से जुड़े ऑपरेटिव से हैं। इनका पाकिस्तान में संपर्क हरप्रीत सिंह उर्फ पिट्ठू उर्फ हैप्पी के माध्यम से बना, जो इस समय अमृतसर सेंट्रल जेल में बंद है।

**इमरान और बिलावल का एक्स अकाउंट बैनः** भारत में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व मंत्री बिलावल भुट्टो का एक्स अकाउंट बैन कर दिया गया है। वहीं, पाकिस्तान के फेमस सेलेब्रिटिज फवाद खान, अतिफ असलम,मावरा होकेन और मशहूर सूफी गायिका आबिदा परवीन के इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिये गये हैं। इससे पहले माहिरा खान, हानिया आमिर, सनम सईद, अली जफर सहित 13 फिल्मी हस्तियों के अकाउंट बंद किये गये थे।



### बीएसएफ ने पाकिस्तानी रेंजर को हिरासत में लिया


राजस्थान में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर पाकिस्तानी रेंजर को हिरासत में लिया। रेंजर पर जासूसी करने का आरोप है। बीएसएफ और सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ करेंगी।

- किशनगंगा बांध बंद करने की योजना
- बीएसएफ ने राजस्थान बार्डर पर पाकिस्तानी रेंजर को हिरासत में लिया
- पंजाब में दो पाकिस्तानी जासूस पकड़े गये
- इमरान और बिलावल का एक्स अकाउंट बंद
- फवाद खान, आतिफ असलम के इंस्टा अकाउंट भी ब्लॉक














## पहलगाम आतंकी हमले में बड़ा खुलासा

# पीएम के दौरे के वक्त हमला करने वाले थे आतंकी

**वंदे भारत का उद्घाटन टला तो पहलगाम को दहलाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जम्मू कश्मीर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद जांच में परत दर परत नये खुलासे हो रहे हैं। जांच में पता चला है कि पहलगाम आतंकी हमले को लेकर खुफिया एजेंसियों को जो इनपुट मिले थे, उसके अनुसार आतंकियों के निशाने पर वंदे भारत ट्रेन थी। देश की सर्वाधिक गति वाली ट्रेनों में से एक वंदे भारत के कश्मीर तक पहुंचने से वे बौखलाए हुए थे। वे इस ट्रेन के उद्घाटन के अवसर पर ही हमला करना चाहते थे। जब इसके उद्घाटन की तारीख टल गयी तो आतंकियों ने पहलगाम में पर्यटकों का नरसंहार कर दिया। सुरक्षा एजेंसियों को इनपुट मिले थे कि आतंकवादी कटरा से श्रीनगर के लिए पहली ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की यात्रा के दौरान अपने नापाक मंसूबों को अंजाम देना चाहते हैं।

हालांकि कटरा क्षेत्र में तेज हवा चलने के पूर्वानुमानों के कारण प्रधानमंत्री की 19 अप्रैल को होने वाली यात्रा स्थगित कर दी गयी थी।

**चीनी कंपनी के सैटेलाइट फोन का किया गया इस्तेमाल :** पहलगाम आतंकी हमले की जांच के दौरान अहम खुलासा हुआ है कि हमले के वक्त बायसरन इलाके में प्रतिबंधित चीनी कंपनी हुवावे के सैटेलाइट फोन का इस्तेमाल हुआ था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने आशंका जतायी कि फोन पाकिस्तान या किसी अन्य देश से तस्करी कर लाया गया था।

देश में चीनी दूरसंचार कंपनियां हुवावे और झोंगक्सिंग टेलीकम्युनिकेशन इक्विपमेंट (जेडटीइ) को 5जी नेटवर्क के लिए उपकरण बेचने की इजाजत नहीं है। हालांकि इन पर कोई स्पष्ट प्रतिबंध नहीं है, लेकिन भारतीय दूरसंचार कंपनियों ने हुवावे व जेडटीइ को 5जी रोलआउट से बाहर कर दिया है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ये कंपनियां केंद्र सरकार की ओर से तय किये गये विश्वसनीय स्त्रोत की शर्त को पूरा नहीं करती हैं।

चीनी उपकरणों से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं के चलते भारतीय दूरसंचार कंपनियां यूरोपीय उपकरण इस्तेमाल करने के लिए ज्यादा पैसे देने को भी तैयार हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड ने भी हुवावे को अपने 5जी नेटवर्क से प्रतिबंधित कर दिया था। ये चारों देश कनाडा के साथ फाइव आइज इंटेलिजेंस शेयरिंग गठबंधन के सदस्य देश हैं।



### लश्कर-ए-तैयबा के साथ आइएसआइ और पाकिस्तानी सेना ने की मिलीभगत

इससे पहले, एनआइए की जांच में पहलगाम आतंकी हमले में लश्कर-ए-तैयबा के साथ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ और वहां की सेना की मिलीभगत का खुलासा हुआ है। एनआइए ने कश्मीर घाटी के करीब 20 ओवरग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) की पहचान की है। इन पर हमलावर आतंकियों की मदद करने का आरोप है। एजेंसी इन सभी से पूछताछ कर रही है। जांच में पता चला कि लश्कर ने आइएसआइ और पाकिस्तानी सेना के साथ मिलकर पहलगाम के बायसरन में हुए आतंकी हमले की साजिश रची थी। दो हमलावर हाशमी मूसा उर्फ सुलेमान और अली भाई उर्फ तल्हा पाकिस्तानी नागरिक हैं। ये पाकिस्तान में बैठे अपने सरगनाओं के लगातार संपर्क में थे और उनसे निर्देश ले रहे थे।

### 2800 से अधिक लोगों से पूछताछ, 180 से अधिक हिरासत में

सूत्रों ने बताया कि एनआइए अब तक 2800 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है। इसके अलावा 180 से अधिक लोग अभी हिरासत में हैं। हिरासत में लिये गये संदिग्ध ओवर ग्राउंड वर्कर, जमात-ए-इस्लामी और हुर्रियत के विभिन्न गुटों से जुड़े लोग हैं। एजेंसी पहलगाम के आसपास के मार्गों और सार्वजनिक जगहों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

## पहलगाम हमला: चार में से दो आतंकी कश्मीरी

**पर्यटकों से की दोस्ती फिर घटना वाली जगह ले जाकर गोली मारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/पहलगाम।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरे देश में गुस्से का माहौल है। इस हमले में 26 पर्यटकों की मौत हुई थी। आतंकियों ने पर्यटकों का धर्म पूछकर निशाना बनाया। इस हमले की जांच एनआइए कर रही है। इस बीच आतंकियों को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि पहलगाम हमले के चार आतंकवादियों में से दो जम्मू में कठुआ की तरफ से भारत में वापस आये और हमले से पहले पर्यटकों के साथ घुलमिल गये थे। इन आतंकियों ने पर्यटकों को एक फूड कोर्ट में इकट्ठा किया था।

**पर्यटकों के बीच घुल-मिल गये थे दो आतंकी:** सूत्रों के मुताबिक पहलगाम हमले के चार आतंकियों में से दो दक्षिण कश्मीर से थे। वे पहले अटारी बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान गये थे। लेकिन उनके भारत वापस आने का कोई रेकॉर्ड नहीं है। माना जा रहा है कि वे जम्मू में कठुआ की तरफ से भारत में वापस आये। ये आतंकी पर्यटकों के बीच घुल मिल गये। उन्हें फूड कोर्ट में इकट्ठा किया। इसके बाद अन्य दो आतंकियों ने पर्यटकों से धर्म पूछकर गोलियां चलायीं। गोली चलाने वाले आतंकी पाकिस्तान के थे।

### चार-पांच दिनों से बैसरन के आसपास थे आतंकी

एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादी 4-5 दिनों से बैसरन के आसपास ही थे। यह बिना स्थानीय लोगों की मदद के मुमकिन नहीं था। खुफिया जानकारी में वायरलेस चैट से भी पता चला था कि आतंकवादी उसी इलाके में हैं। लेकिन उनके संचार सेट अलग होने के कारण बातचीत को समझा नहीं जा सका। सरकार को इस बात की चिंता है कि हथियारबंद आतंकवादी खुलेआम घूम रहे हैं। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थलों से स्नाइपर राइफल, एम-सीरीज राइफल और कवच-भेदी गोलियां जैसे आधुनिक हथियार बरामद किये हैं। शक है कि ये अफगानिस्तान में नाटो सैनिकों के बचे हुए हथियार हैं।

# पाकिस्तान ने फिर दी परमाणु हमले की गीदड़भभकी

**पाकिस्तान के राजदूत ने रूस में कहा कि अगर भारत उस पर हमला करता है तो इस्लामाबाद अपने पूरे सैन्य शस्त्रागार का इस्तेमाल कर सकता है, जिसमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मॉस्को/इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान एक के बाद एक भारत के खिलाफ परमाणु हथियार के इस्तेमाल की धमकी दे रहा है। पाकिस्तान इसलिए बौखलाया हुआ है क्योंकि उसे पता है कि अगर भारत हमला करता है, तो उसका टिक पाना नामुमकिन है। इस बार पाकिस्तान ने भारत के दोस्त के घर से दिल्ली को धमकी देने की कोशिश की है। रूस में पाकिस्तान के राजदूत ने चेतावनी दी है कि अगर भारत ने उस पर हमला किया या अगर नयी दिल्ली ने पाकिस्तान की जल आपूर्ति बाधित की तो इस्लामाबाद अपने पूरे सैन्य शस्त्रागार का इस्तेमाल कर सकता है, जिसमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं।

शनिवार को रूसी ब्रॉडकास्टर आरटी को दिये गये एक इंटरव्यू में बोलते हुए मास्को में पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक मुहम्मद खालिद जमाली ने कहा, कि इस्लामाबाद के पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी है जो बताती है कि भारत पाकिस्तानी क्षेत्र पर सैन्य हमले की योजना बना रहा है। मॉस्को में पाकिस्तान के राजदूत ने गीदड़भभकी देते हुए कहा कि कुछ दस्तावेज लीक हुए हैं जिनके मुताबिक पाकिस्तान के कुछ क्षेत्रों पर हमला करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि इसलिए हमें लगता है कि ऐसा होने वाला है और यह निश्चित है।



### पाकिस्तान की परमाणु बम गिराने की धमकी

पाकिस्तान की तरफ से अभी तक परमाणु धमकी देने वाले लोगों में नेता और रिटायर्ड अधिकारी शामिल रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों में ये पहली बार है जब किसी शीर्ष डिप्लोमेट की तरफ से परमाणु हमले की धमकी दी गयी है। उन्होंने कहा, हम पाकिस्तान में पारंपरिक और परमाणु, दोनों तरह की पूरी शक्ति का इस्तेमाल करेंगे। जमाली की यह धमकी 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आयी है, जिसमें 26 लोग मारे गये थे। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु जल संधि को सस्पेंड कर दिया, जिससे आने वाले कुछ सालों में पाकिस्तान में जल संकट होने की आशंका बन गयी है। 1960 में किया गया सिंधु जल संधि एक ऐसा समझौता है, जिसे विश्व बैंक ने मध्यस्थता करके दोनों देशों के बीच सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी के वितरण को नियंत्रित किया था। यह संधि भारत और पाकिस्तान के बीच कई युद्धों के बावजूद कायम रही और इसे लंबे समय तक तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों में एक दुर्लभ स्थिर व्यवस्था के रूप में देखा जाता रहा। जमाली ने भारत के फैसले को 'एक्ट ऑफ वॉर' कहा है। उन्होंने कहा, निचले तटवर्ती क्षेत्र के पानी को हड़पने, उसे रोकने या उसकी दिशा बदलने का कोई भी प्रयास पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई होगी और इसका जवाब पूरी ताकत से दिया जायेगा, जिसमें पूरी ताकत भी शामिल होगी।

## पाकिस्तानी हैकर्स पीडीएफ फाइल भेजकर साइबर अटैक कर रहे

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तानी हैकर्स ने अब साइबर हमलों के जरिए भारतीय यूजर्स को ऑनलाइन फ्रॉड के जाल में फंसाना शुरू कर दिया है। इन हमलों में यूजर्स के कंप्यूटर, लेपटॉप और मोबाइल को निशाना बनाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 'ट्रांसपेरेंट ट्राइब' पाकिस्तानी हैकिंग ग्रुप नामक मैलवेयर सॉफ्टवेयर को फैलाने की कोशिश कर रहा है। इनमें ऐसी पीडीएफ फाइल भेजी जा रही हैं, जो सरकारी फाइल्स जैसी दिखती हैं, लेकिन इनमें फिशिंग लिंक छिपे होते हैं।

## पाक सांसद बोले, युद्ध छिड़ा तो वह इंग्लैंड भाग जायेंगे

**इस्लामाबाद (आजाद सिपाही)।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के सदस्य शेर अफजल खान मरवत ने कहा कि अगर दोनों देशों के बीच युद्ध छिड़ता है तो वह इंग्लैंड भाग जायेंगे। दरअसल अफजल पत्रकार के सवालों का जवाब दे रहे थे। जब उनसे पूछा गया कि अगर भारत के साथ युद्ध होता है तो क्या वह बंदूक लेकर सीमा पर जायेंगे? तो मरवत ने कहा कि अगर भारत के साथ युद्ध होता है तो मैं इंग्लैंड चला जाऊंगा।

# पहलगाम हमले पर राजनाथ सिंह की दो टूक- जैसा आप चाहते हैं, वैसा ही होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पहलगाम हमले को लेकर कहा कि रक्षा मंत्री के तौर पर मेरी जिम्मेदारी सशस्त्र बलों के साथ काम करना और भारत पर बुरी नजर रखने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना है। इसके साथ ही उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि आप हमारे प्रधानमंत्री को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं, उनकी कार्यशैली और दृढ़ संकल्प से परिचित हैं।

दिल्ली में आयोजित संस्कृति जागरण महोत्सव को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'राजनीति' शब्द दो शब्दों 'राज' और 'नीति' से मिलकर बना है... लेकिन विडंबना यह है कि राजनीति शब्द अपना अर्थ खो चुका है। मुझे पूज्य संतों का आशीर्वाद चाहिए... मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए ताकि हम इसे भारत की राजनीति में पुनः स्थापित कर सकें। राजनाथ सिंह ने कहा, एक राष्ट्र के रूप में हमारे वीर सैनिकों ने हमेशा भारत के भौतिक स्वरूप की रक्षा की है, जबकि दूसरी ओर हमारे ऋषियों और मनीषियों ने भारत के आध्यात्मिक स्वरूप की रक्षा की है। एक ओर जहां हमारे सैनिक रणभूमि पर लड़ते हैं, वहीं दूसरी ओर हमारे संत जीवनभूमि पर लड़ते हैं। एक रक्षा मंत्री के रूप में यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं अपने सैनिकों के साथ मिलकर देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करूं। हमारे देश पर हमला करने की हिम्मत करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना मेरी जिम्मेदारी है।




## असम में पाकिस्तान का समर्थन करने पर अब तक 39 लोग गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुवाहाटी।** असम में पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान का समर्थन करने पर रविवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन्हें मिलाकर असम में अब तक 39 लोग गिरफ्तार किये गये हैं। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि देशद्रोहियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, किसी को बख्शा नहीं जायेगा।



## कांग्रेस ने माना, ऑपरेशन ब्लू-स्टार गलती थी

# 80 के दशक में कांग्रेस से हुई गलतियों की मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं: राहुल गांधी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बॉस्टन (अमेरिका)।** अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी से सिख युवक ने ऑपरेशन ब्लू स्टार पर सवाल किया था। इस पर राहुल गांधी ने माना कि 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार गलती थी। इस पर उन्होंने कहा- जो भी गलतियां 80 के दशक में कांग्रेस से हुईं, मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। इस कार्यक्रम का वीडियो रविवार को वायरल हुआ। इसके बाद, बीजेपी आइटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा- अब राहुल गांधी की आलोचना सिर्फ भारत में नहीं, बल्कि विदेशों में भी होने लगी है। पिछले महीने अप्रैल में राहुल गांधी ब्राउन यूनिवर्सिटी के एक ओपन इवेंट में पहुंचे थे। इस दौरान एक कार्यक्रम में सिख युवक ने राहुल गांधी से पुराने बयान का हवाला देते हुए कहा-आप सिखों की बात करते हैं, लेकिन आप सिखों के बीच डर पैदा करते हैं कि बीजेपी क्या करेगी। हमें अभिव्यक्ति की आजादी चाहिए, जो कांग्रेस के राज में नहीं थी।

युवक ने आगे कहा- आनंदपुर साहिब रेजोल्यूशन दलित अधिकारों की बात करता है, लेकिन कांग्रेस ने उसे अलगाववादी करार दिया। वहीं कोर्ट ने सज्जन कुमार को सजा दी, लेकिन कांग्रेस में आज भी कई सज्जन कुमार जैसे लोग हैं।

इस पर राहुल गांधी ने कहा- मुझे नहीं लगता कि सिख किसी चीज से डरते हैं। कांग्रेस की ये गलतियां तब की हैं, जब मैं वहां नहीं था, लेकिन कांग्रेस के इतिहास में जो कुछ भी गलत हुआ, मैं उसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं।



### सिख दंगों में 3 हजार से ज्यादा सिख मारे गये

1980 के दशक में इंदिरा गांधी सरकार ने पंजाब में उग्रवाद के खिलाफ ऑपरेशन ब्लू स्टार चलाया था। इसमें भिंडरांवाले की मौत हुई थी और अकाल तख्त को भारी नुकसान पहुंचा था। इसके बाद इंदिरा गांधी की हत्या हुई और देशभर में सिख विरोधी दंगे भड़के। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इन दंगों में 3,000 से ज्यादा सिख मारे गये थे।

# एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंची गर्भवती महिला की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** एंबुलेंस के लाचार व्यवस्था के कारण एक आदिवासी गर्भवती महिला की मौत हो गयी। दुमका जिला के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के कुडंबा गांव के 30 वर्षीय गर्भवती महिला विनीता हेंब्रम (30) की इलाज के अभाव में मौत हो गयी। विनीता की मौत से उसके चार बच्चे अनाथ हो गये हैं। गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतका के पति सोम मुर्मू ने बताया कि पत्नी को बच्चा होने वाला था, इसके लिए रविवार सुबह करीब 10 बजे एंबुलेंस को फोन किया गया, लेकिन वह नहीं आयी। गांव की स्वास्थ्य सहिया द्वारा 11 बजे एंबुलेंस को फोन किया तब जाकर एंबुलेंस गांव पहुंची। तब तक विनीता की हालत बिगड़ चुकी थी। उसे गोपीकांदर सीएचसी में भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिर प्राइवेट वाहन से शव घर लाये। सोम मुर्मू ने बताया कि घर तक वाहन नहीं जाता है, इसीलिए सड़क पर उतार दिया गया। जिसके बाद खाट से विनीता के शव को घर लेकर गया, मृतका के पति ने आरोप लगाया है कि यदि एंबुलेंस सही समय पर पहुंचता तो उसकी पत्नी और बच्चे की जान बच सकती थी।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.5 °c | 19.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.18 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.13 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# संविधान बचाओ रैली में जातिगत जनगणना की सच्चाई बतायेगी कांग्रेस : केशव महतो कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 6 मई को रांची में प्रदेश कांग्रेस की ओर से संविधान बचाओ रैली आयोजित की जायेगी। रैली को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे संगठन महासचिव, केसी बेनू गोपाल, झारखंड के प्रभारी के राजू, श्रीबेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष, विधायक दल के नेता और प्रदेश के तमाम वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। इसके लिए पुराना विधानसभा स्थित ग्राउंड में तैयारी जारी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के मुताबिक, रैली के दौरान कांग्रेस जातिगत जनगणना की सच्चाई से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अवगत करायेगी ताकि आम लोगों तक पूरा सच सामने आ सके। जातिगत जनगणना की मांग का मोदी सरकार लंबे समय से मजाक उड़ाती रही और इसके विरोध में बातें करती थी लेकिन कांग्रेस के निरंतर दबाव और राहुल गांधी द्वारा मुखर होकर जातिगत जनगणना को सामाजिक न्याय के लिए आवश्यक बताकर लगातार संघर्ष करने के कारण केंद्र सरकार इस मांग को मानने को बाध्य हो गयी और जातिगत जनगणना करने की घोषणा की। कहा कि विगत दिनों कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद प्रस्ताव पारित कर विभिन्न मांग की गयी। इन मांगों में प्रमुख रूप से संविधान के अनुच्छेद 15 (5) को तत्काल लागू करना शामिल है ताकि दलित, आदिवासी, ओबीसी समुदाय को निजी शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण मिल सके। जातिगत जनगणना में देरी नहीं होनी चाहिए। जनगणना की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और समयबद्ध होनी चाहिए जिसमें संसद में तत्काल बहस और बजट का प्रावधान हो। जाति जनगणना के आंकड़ों का उपयोग आरक्षण शिक्षा, रोजगार और कल्याण नीतियों की मजबूती के लिए किया जाये।

श्री कमलेश ने कहा कि संविधान बचाओ रैली में जातिगत जनगणना के संदर्भ में इन मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाया जायेगा। खासकर अनुच्छेद 15 (5) के अविलंब क्रियान्वयन की मांग को लेकर रैली में आने वाले लोगों को भाजपा के बहुजन विरोधी सोच जातिगत जनगणना के विरोध और सामाजिक न्याय को दबाने के प्रयासों को विस्तार से बताया जायेगा ताकि पंचायत स्तर तक के ग्रामीणों तक यह बात पहुंचे कि किस तरह भाजपा उनके संवैधानिक अधिकारों को लगातार कुचल रही है।



## संविधान विरोधी भाजपा के मंसूबे को पूरा नहीं होने देंगे : डॉ एम तौसीफ

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ एम तौसीफ ने कहा कि 6 तारीख को संविधान बचाओ रैली रांची के विधानसभा मैदान में ऐतिहासिक होने जा रही है। हजारों की संख्या में झारखंड के कोने-कोने से कांग्रेस के कार्यकर्ता और समर्थक रैली में शामिल होंगे। डॉ तौसीफ ने राज्य की जनता से अनुरोध किया है कि 6 तारीख को संविधान बचाओ रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लें और संविधान बचाने का संकल्प लें।

# कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली नौटंकी खुद 79 बार किया संशोधन : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' को लेकर कड़ा प्रहार किया है। पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बार-बार संविधान की मूल भावना से खिलवाड़ किया है और लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास किया है। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के 60 वर्षों के शासन में 79 बार संविधान संशोधित किया गया, जिनमें अधिकांश संशोधन सत्ता में बने रहने और तुष्टीकरण की राजनीति के लिए किये गये। उनका आरोप था कि कांग्रेस ने संविधान को घोषणापत्र की तरह इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि संविधान लागू होने के कुछ समय बाद ही पहला संशोधन पंडित नेहरू ने कराया, जिससे अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सीमित हुई और प्रेस की आजादी पर अंकुश लगाया गया।



मरांडी ने अनुच्छेद 35 ए को भी असंवैधानिक बताते हुए कहा कि इसे संसद के बजाय राष्ट्रपति के आदेश से लागू किया गया, जो प्रक्रिया का उल्लंघन था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सत्ता और संविधान दोनों को अपनी जागीर समझती रही है। कांग्रेस पर राष्ट्रपति शासन के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि गैर-कांग्रेसी सरकारों को गिराने के लिए अनुच्छेद 356 का बार-बार दुरुपयोग हुआ। 1966 से 1977 के बीच 25 संशोधन इसका प्रमाण हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये गोलकनाथ केस के निर्णय को पलटने के लिए लाये गये 24वें संविधान संशोधन और केशवानंद भारती केस में सुप्रीम कोर्ट की 'बेसिक स्ट्रक्चर' अवधारणा को लेकर कांग्रेस की आलोचना की। कहा कि न्यायपालिका में दखल देने के लिए इंदिरा गांधी ने वरिष्ठ जजों को दरकिनार कर एएनरे को मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया।

आपातकाल के दौरान किये गये 42वें संशोधन को मिनी संविधान बताते हुए उन्होंने कहा कि यह न्यायपालिका, संसद और मौलिक अधिकारों को कमजोर करने की कोशिश थी। प्रस्तावना में समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष जैसे शब्द जोड़ने को उन्होंने जनमत के खिलाफ और तुष्टीकरण से प्रेरित बताया। राजीव गांधी सरकार पर हमला करते हुए मरांडी ने शाहबानो केस का ज़िक्र किया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के फैसले को कानून बनाकर पलट दिया गया। इसे उन्होंने समानता के अधिकार (अनुच्छेद 14) का उल्लंघन बताया।

राहुल गांधी द्वारा संसद में कैबिनेट पेपर फाड़े जाने को मरांडी ने संसदीय गरिमा का अपमान करार दिया। साथ ही इडी और न्यायालय के खिलाफ कांग्रेस द्वारा दिये गये बयानों और प्रदर्शनों को संविधान का अपमान बताया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल शरीयत को संविधान से ऊपर रखने जैसे बयान देकर संवैधानिक व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। मुस्लिम आरक्षण को लेकर सच्चर और रंगनाथ मिश्रा आयोग की सिफारिशों को उन्होंने आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने की साज़िश बताया। मरांडी ने मांग की कि कांग्रेस अपने इतिहास के लिए देश की जनता से माफी मांगे। प्रेसवार्ता में पार्टी प्रवक्ता राफिया नाज और योगेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।

# संविधान बचाओ रैली सिर्फ कार्यक्रम नहीं, एक संकल्प होगा : गुंजन सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने रविवार कांग्रेस भवन, रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 6 मई को रांची में आयोजित होने जा रहे राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली सिर्फ कार्यक्रम नहीं एक स़ंकल्प होगा। संविधान बचाओ रैली स्वाभिमान की लड़ाई है, संविधान सिर्फ कागज और डायरी में बंद करने वाली चीज नहीं है, देश में संविधान है तो हम सब हैं, संविधान नहीं रहेगा तो हम सामाजिक न्याय का हिस्सा नहीं बन पायेंगे और न ही हम सुरक्षित रह पायेंगे। संविधान हमें बोलने, रहने और राष्ट्र हित में कुछ करने की आजादी देती है।




उन्होंने कहा कि संविधान बचाओ रैली में शिरकत करने आधी आबादी को अधिकार दिलवाने की बात कहने वाली नेत्री अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्षत अलका लांबा 05 मई को रांची पहुंच रही हैं। राज्य भर से महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता भारी संख्या में रैली में शामिल होंगी। रैली संबंधित सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। संवाददाता सम्मेलन में मुख्य रूप से पिंकी सिंह, पार्वती सिंह, नीतू देवी, शाहनाज खातून, सीमा साहू, अनिता सहाय आदि शामिल थीं।

### झारखंड में 'पाकिस्तानियों भारत छोड़ो' कार्यक्रम चलायेगी भाजपा

# भाजपा आज शहीद चौक से डीसी कार्यालय तक जुलूस निकालेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में रह रहे वैध एवं अवैध पाकिस्तानी नागरिकों को तत्काल भारत से निकालने की मांग को लेकर सोमवार को रांची में प्रदेश भाजपा की ओर से पाकिस्तानियों भारत छोड़ो कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। रांची महानगर,जिला, भाजपा की ओर से जिला स्कूल मैदान (शहीद चौक) से भाजपा, रांची महानगर जिला द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान झारखंड में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को चिह्नित कर अविलंब देश से बाहर निकालने की मांग की जायेगी। इसे लेकर 5 मई को जिला स्कूल मैदान से पाकिस्तानियों भारत छोड़ो कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के दौरान आक्रोश प्रदर्शन होगा और जिला स्कूल मैदान से उपायुक्त कार्यालय तक जुलूस निकलेगा। पाकिस्तानियों पर तत्काल कार्रवाई हेतु भाजपा के प्रतिनिधिमंडल द्वारा रांची उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा जायेगा। पार्टी ने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक पार्टी कार्यकर्ताओं और अन्य से शामिल होने की अपील की है।



## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी में आपसी मतभेद दूर होंगे, आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा।

**वृष** कामों में व्यवधान आयेंगे.जहां तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें।

**मिथुन** आज का दिन काफी कुछ शुभ फलदायी है, व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा।

**कर्क** ग्रहयोग आज आपके पक्ष में नहीं है, परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी।

**सिंह** अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे। किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।

**कन्या** आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार का कार्य तेजी से चलेगा।

**तुला** आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा, किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।

**वृश्चिक** नौकरी में पदोन्नति, बेरोजगारों को जीविकोपार्जन का साधन उपलब्ध होगा।

**धनु** विशिष्ट कार्य सिद्धि,यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा,अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो।

**मकर** पत्नी-पुत्र का सुख मिलेगा, अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों से आप संबंध घनिष्ठ करने की चेष्टा करें।

**कुंभ** अनिवार्य कामों में आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है।

**मीन** आपने जिस पर भी आज तक भरोसा किया होगा, ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

### कल्याण मंत्री ने किया आदिवासी कॉलेज छात्रावास का औचक निरीक्षण

# आदिवासी बच्चों के भविष्य के लिए हेमंत सरकार प्रतिबद्ध: चमरा लिंडा



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** रविवार को कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने बुंडू स्थित आदिवासी कॉलेज छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां की मूलभूत सुविधाओं, प्रबंधन व्यवस्था और विद्यार्थियों की स्थिति का मूल्यांकन किया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री चमरा ने छात्रावास में रह रहे छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और सुझावों को गंभीरता से सुना। छात्रों ने भोजन, पढ़ाई, स्वास्थ्य और सफाई व्यवस्था से जुड़ी कई महत्वपूर्ण बातें सामने रखीं, जिन पर मंत्री ने त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

**सभी आदिवासी छात्रावास में हो समुचित व्यवस्था :** श्री लिंडा ने विद्यार्थियों से कहा कि आप सभी इस राज्य का भविष्य हैं। हमारी सरकार आपकी शिक्षा, सुरक्षा और सुविधा के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। मेरी प्राथमिकता है कि सभी छात्रावास में समुचित खानपान, पढ़ाई, पुस्तकालय, स्वच्छता और देखरेख की व्यवस्था सुनिश्चित हो।

मंत्री श्री चमरा लिंडा ने कहा कि जल्द ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विशेष बैठक कर आदिवासी छात्रावासों की स्थिति में व्यापक सुधार हेतु योजनाओं पर चर्चा की जायेगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आने वाले समय में राज्य के हर आदिवासी छात्रावास में कुक, लाइब्रेरियन, वार्डन और सफाईकर्मी की स्थायी नियुक्ति की जायेगी। बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण भोजन भी उपलब्ध कराया जायेगा।

## भवन निर्माण में अनियमितता पर सख्ती

निरीक्षण के दौरान श्री लिंडा ने छात्रावास के नये भवन निर्माण कार्य में पायी जा रही अनियमितताओं पर नाराजगी जतायी। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य की गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

## संघर्ष की प्रेरणादायक बातों से छात्रों को किया उत्साहित

कल्याण मंत्री ने अपने संघर्षों की कहानी साझा करते हुए छात्रों से कहा कि मैं भी आप लोगों की तरह एक साधारण आदिवासी परिवार से आया हूं। जो कुछ भी आज हासिल किया है, वह माता-पिता के त्याग और अपनी मेहनत का परिणाम है। आप सबको आगे बढ़ने के लिए सिर्फ अवसर चाहिए और वह अवसर सरकार उपलब्ध करा रही है। अब बारी आपकी है कि आप मेहनत से अपने और अपने समाज का भविष्य संवारें। इस मौके पर तमाड़ विधायक विकास मुंडा, विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, प्रबंधन समिति के सदस्य और कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### धर्मांतरण और विवाह पर वायरल एफिडेविट पर पूर्व मुख्यमंत्री ने साधा निशाना

# आदिवासी बेटियों को निशाना बना रहे लव जिहादी : चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम।** धनबाद की एक युवती का एफिडेविट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उसके मुस्लिम धर्म अपनाने और विवाह करने का उल्लेख है। इस प्रकरण को लेकर झारखंड की राजनीति में नया बवाल खड़ा हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इस मुद्दे पर सोशल मीडिया एक्स के जरिए सरकार पर निशाना साधा है।

चंपाई सोरेन ने अपने पोस्ट में कहा कि झारखंड में एफिडेविट के आधार पर धर्म परिवर्तन अथवा विवाह वैध नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह लव जिहाद का हिस्सा है और लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।



उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि नीमडीह की एक पूर्व घटना की तरह ही, इस बार भी युवती की उम्र 19 वर्ष बतायी जा रही है, जो संदेहास्पद प्रतीत होती है। एफिडेविट में न तो तस्वीर है, न ही किसी प्रकार का प्रमाण पत्र संलग्न है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने झारखंड धर्म स्वतंत्र अधिनियम (2017) का हवाला देते हुए कहा कि राज्य में धर्म परिवर्तन से पूर्व संबंधित व्यक्ति को जिलाधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य है। नियमों के उल्लंघन पर सजा का प्रावधान होने के बावजूद, राज्य सरकार ऐसे मामलों में कोई सख्त कार्रवाई नहीं कर रही है।

उन्होंने यह भी उठाया कि जब युवक और युवती दोनों एक ही गांव के निवासी हैं, तो फिर धर्म परिवर्तन के लिए पश्चिम बंगाल के आसनसोल और विवाह प्रमाण पत्र के लिए वीरभूम का सहारा क्यों लिया गया? इससे यह संदेह और गहरा हो जाता है कि कहीं कोई सुनियोजित षड्यंत्र तो नहीं चल रहा है।

चंपाई सोरेन ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार इन मामलों में चुप्पी साधे बैठी है क्योंकि उसे समाज की सुरक्षा और बेटियों की चिंता से अधिक अपने वोट बैंक की फिक्र है। उन्होंने बोकारो में बीएसएल प्रबंधन द्वारा हाल ही में पकड़े गये बांग्लादेशी घुसपैठियों का जिक्र करते हुए पूछा कि ऐसे मामलों में भी सरकार की चुप्पी क्या दर्शाती है?

उन्होंने समाज से अपील की कि ऐसे मुद्दों पर सजग और जागरूक रहकर सख्त कदम उठाने होंगे, अन्यथा यह घटनाएं लगातार बढ़ती जायेंगी। प्रेम के नाम पर छलावा, जबरन धर्मांतरण और विवाह जैसे मामलों में आदिवासी बेटियों को निशाना बनाया जा रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

# लातेहार में नक्सलियों का तांडव, आठ वाहनों में लगायी आग

### खनिज सर्वे करने वाली कंपनी सीएमपीडीआइ की साइट पर धावा बोला

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** नक्सलियों ने शनिवार की रात जमकर उत्पात मचाया. नक्सलियों ने इस दौरान चंदवा थाना क्षेत्र के तोरीसोत गांव के पास खनिज सर्वे करने वाली कंपनी सीएमपीडीआइ की साइट पर धावा बोला और वहां खड़ी दो ड्रिलिंग मशीन समेत 8 गाड़ियों में आग लगा दी। नक्सलियों की ओर से फायरिंग की भी करने की सूचना मिल रही है। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर बालूमाथ डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन की।



दरअसल चंदवा थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत तोरीसोत गांव के पास खनिज सर्वे कंपनी का साइडिंग बनाया गया था। कंपनी के द्वारा क्षेत्र में कोयला का सर्वे किया जा रहा था। इसी बीच शनिवार देर रात हथियारबंद नक्सली साइट पर पहुंचे और वहां फायरिंग करते हुए गाड़ियों में आग लगा दी। नक्सलियों ने यहां दो ड्रिलिंग मशीन, दो कार, दो पिकअप और दो ट्रक में आग लगा दी। लगभग 1 घंटे तक हंगामा करने के बाद नक्सली वहां से चले गये। घटना की जानकारी मिलने के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर डीएसपी विनोद रवानी के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की।

'घटना के संबंध में मैं इतना कहना चाहूंगा कि मामले की जांच हो रही है, पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर सर्च अभियान चला रही है' **-विनोद रवानी, डीएसपी, बालूमाथ।**

## काफी सुदूर है इलाका

बता दें घटनास्थल काफी सुदूर इलाका है। यह इलाका लातेहार-चतरा और रांची का बॉर्डर इलाका है। काफी सुदूर इलाका होने के कारण इस इलाके में नक्सलियों की गतिविधियों की सूचना मिलते रहती है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से यह इलाका पूरी तरह शांत था लेकिन नक्सलियों ने एक बार फिर से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया है।






# कोयला मंत्री ने सीएमपीडीआइ के प्रदर्शन की सराहना की

## सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने के महत्व पर बल दिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने रविवार को रांची में सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीच्यूट (सीएमपीडीआइ) के प्रदर्शन (परफॉर्मेंस) की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

इस बैठक में सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार, निदेशक (तकनीक/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/ आरडीएंडटी) अजय कुमार, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्ष और संस्थान के वरीय अधिकारी भी शामिल हुए।

समीक्षा के दौरान वर्ष 2024-25 के दौरान गवेषण, रिपोर्ट की तैयारी, पूंजीगत व्यय, अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं, सौर परियोजनाएं, सीएसआर पहल जैसे संचालित विभिन्न क्षेत्रों में सीएमपीडीआइ के प्रदर्शन (परफॉर्मेंस) के साथ-साथ वर्ष 2025-26 के लक्ष्य भी प्रस्तुत किये गये।

इस मौके पर मंत्री श्री दुबे ने सीएमपीडीआइ के प्रदर्शन की सराहना की और कोयला धुलाई में नयी प्रौद्योगिकियों की शुरूआत करने, महत्वपूर्ण खनिजों की खोज व कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ाने के महत्व पर बल दिया।

# दो नकाबपोश अपराधियों ने दुकानदार को मारी गोली, मौत

## जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे : एसपी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**साहिबगंज।** नगर थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड स्थित चाणक्या होटल के आगे दो अपराधियों ने रविवार की रात लगभग 8 बजे दुकान में घुस कर दुकानदार को गोली मार दी है। जिससे दुकानदार की मौत हो गयी। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश बाइक से फरार हो गये। इसके पहले घायल को अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार संजीव कुमार साह उर्फ गुड्डू साह अपने मकान के नीचे जीएस इलेकटोनिक्स नामक दुकान में बैठा था। तभी दो नकाबपोश अपराधी वहां बाइक से पहुंचे। दुकान में घुसते ही काला रंग के गमछा से चेहरा ढंके अपराधी ने दुकानदार को गोली मार दी। गोली दुकानदार के बाईं तरफ सीने में लगी। इसके बाद दोनों बदमाश वहां से फरार हो गये। आनन-फानन में स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने उसे सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार घटना से 10 मिनट पहले गुड्डू साह अपने पुत्री के लिए पास के ही मेडिकल से दवा लेकर दुकान लौटा था। जैसे ही गुड्डू दुकान में बैठा अपराधियों ने उसे गोली मार दी। सूचना मिलते ही नगर और जिरवाबाड़ी थाना की पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास के दुकानों की सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली है। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दोनों बदमाशों के आने, गोली मारने और फिर फरार होने का दृश्य कैद हुआ है। हालांकि दोनों ने अपना चेहरा ढंक रखा था। इधर सूचना मिलते ही एसपी अमित कुमार सिंह ने घटना स्थल पहुंच मामले की जांच-पड़ताल और आसपास के लोगों से पूछताछ की है और कहा कि अपराध करने वाला अपराधी जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होगा।

# श्री राधा-कृष्ण सेवा धाम मंदिर में हुआ 205वां अन्नपूर्णा महाप्रसाद का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 205वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। रविवार का श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा महाप्रसाद वासुदेव मोदी एवं निर्मला मोदी अपने स्वर्गवासी पुत्र दीपक मोदी की स्मृति में आयोजित किया गया। मोदी परिवार के सौजन्य से आयोजित अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडेय द्वारा लगाया गया। इसके बाद मंदिर में उपस्थित 2 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महा प्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसाद में केसरिया खीर, पूड़ी, पुलाव, दाल, सब्जी, आलू चिप्स आदि का वितरण किया गया। इसके बाद दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक भजन- कीर्तन के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायकों ने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गयी। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्रीराधा-कृष्ण मंदिर परिसर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन कीर्तन में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर में तीन हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। इस अवसर पर-ट्रस्ट के सह संरक्षक विजय कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, मनोज चौधरी, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, संजय सर्राफ, मधु जाजोदिया, प्रेमचंद श्रीवास्तव, सुरेश अग्रवाल, विशाल जालान, सुरेश भगत, पवन पोद्दार, विधा देवी अग्रवाल,मंगला मोदी, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं-पुरुष उपस्थित थे।

# फीस वृद्धि पर सरकार के आदेश को ठेंगा दिखा रहे प्राइवेट स्कूल : अजय राय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने राज्य के निजी स्कूलों में बेतहाशा और मनमानी फीस वृद्धि, गैर-कानूनी री-एडमिशन चार्ज और वार्षिक शुल्क को लेकर गहरी नाराजगी जतायी है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि शिक्षा का व्यवसायीकरण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि जब तक सभी मामलों पर स्पष्ट और पारदर्शी निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक सभी प्रकार की अतिरिक्त और अवैध फीस वसूली पर तत्काल रोक लगायी जाये।

श्री राय ने कहा कि झारखंड के शिक्षा मंत्री और शिक्षा साक्षरता विभाग द्वारा पहले ही सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देशित किया जा चुका है कि झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम 2017 के अंतर्गत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। साथ ही, पीटीए (पैरेंट्स-टीचर्स एसोसिएशन) के गठन और निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता अनिवार्य की गयी है। फिर भी, इस अधिनियम की धज्जियां उड़ायी जा रही हैं। प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

# वाइबीएन विश्वविद्यालय में सेमिनार का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** वाइबीएन विश्वविद्यालय के सभागार में लीगेसी टू रिफॉर्म : इंटरप्रेटिंग द थ्री न्यू लॉज विषय पर एक सफल सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें एनयूआरएल के एचबी असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शुभम श्रीवास्तव ने गेस्ट स्पीकर के रूप में आकर उपरोक्त विषय पर अपनी जानकारी विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं के बीच साझा किया। गेस्ट स्पीकर को वाइबीएन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के प्रिंसिपल सह डिन डॉ समीकेश राय ने पौधा देकर सम्मानित किया। वीसीवाइबीएन यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ सत्यदेव पोद्दार ने तीनों नये न्याय संहिता पर बहुत सरल शब्दों में इसके ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर चर्चा किया। वीसी को डॉ अजीत कुमार गोंड सहायक प्रवक्ता स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज वाइबीएन ने पौधा देकर सम्मानित किया। डॉ समीकेश राय प्राचार्य/डिन स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज वाइबी एन ने बोर्ड ऑफ थैंक्स देकर इस कार्यक्रम का समापन किया। निकिता सहायक प्रवक्ता स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज वाइबीएन (कन्वेनर) के रूप में कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय प्रयास किया। श्रेया शुक्ला छात्रा स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज वाइबीएन विश्वविद्यालय ने बहुत ही अच्छे से एंकरिंग के रूप में अपनी भूमिका निभाई।

इसके अतिरिक्त सहायक प्रोफेसर विक्रम कुमार दुबे, सुसोवन अधिकारी आइक्यूएसी के डायरेक्टर आशीष सरकार, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ संजय तिवारी एवं तमाम विद्वान, छात्र-छात्राओं एवं विश्वविद्यालय के सभी कर्मी सम्मिलित रूप से भाग लेकर नये तीनों लॉ बीएनएस, बीएनएसएस, बीएसए से लाभान्वित हुए।

# पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग में हेल्थ चेकअप, मेडिकल कैंप का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग ट्रेनिंग, कृष्णपुरी, चुटिया, रांची और अन्वी न्यूबोर्न एंड चाइल्ड हॉस्पिटल, रांची के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को नव शिशु से सत्रह साल के बच्चों के लिए एक हेल्थ चेकअप / मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। हेल्थ कैंप में डॉक्टर रवि शेखर सिंह, डॉक्टर सिद्धार्थ पटौदी, डॉक्टर हर्ष पांडेय ने योगदान दिया। इस कैंप में शिशु रोग के विशेषज्ञ के चिकित्सक उपस्थित थे। इस कैंप में शिशु रोग के समस्या के 60 मरीजों की निशुल्क जांच की गयी। जिसमें करीब 20 मरीजों में गंभीर लक्षण भी पाये गये। सभी मरीज चुटिया, अनंतपुर, कृष्णपुरी, अमरावती, रामनगर, द्वारिकापुर के थे। कैंप में अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर सह शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रवि शेखर सिंह ने बताया कि जो लोग इस कैंप में इलाज के लिए आये हैं। सप्ताह से 10 दिनों के अंदर अस्पताल में ओपीडी में 10 प्रतिशत, पैथोलॉजिकल जांच में 10 प्रतिशत और दवाइयों में 10 प्रतिशत कि विशेष छूट दी जायेगी। इस अवसर पर संस्था के नर्सिंग शिक्षिका एवं नर्सिंग छात्राओं ने भी चिकित्सक दल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग ट्रेनिंग के अध्यक्ष और अस्पताल के डायरेक्टर के बीच आपसी सहमति बनी कि वहां पढ़ रहे नर्सिंग छात्राओं को अन्वी न्यूबोर्न एंड चाइल्ड हॉस्पिटल में इंटर्नशिप करने की सुविधा दी जायेगी और भविष्य में भी ऐसे निशुल्क कैंप आयोजित किये जायेंगे। इस कैंप का प्रबंधन पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग ट्रेनिंग और अन्वी न्यूबोर्न एंड चाइल्ड हॉस्पिटल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया जिसमें संस्था के डायरेक्टर और प्रबंधन कर्मचारियों और अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ विमल कुमार एवं ऋतु सानेट टेटे और मार्केटिंग इंचार्ज अंकेश सिंह का योगदान रहा। अन्वी न्यूबोर्न एंड चाइल्ड हॉस्पिटल के चिकित्सक दल के प्रमुख डॉक्टर रवि शेखर सिंह एवं चिकित्सक दल के अन्य सदस्यों ने पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग ट्रेनिंग के अध्यक्ष सुनील कुमार पुष्कर का आभार व्यक्त किया।

# रोटरी में पब्लिक इमेज के महत्व पर जूम मीटिंग

**बेहतर पब्लिक इमेज के लिए जरूरी है कम्युनिटी और मीडिया का साथ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** रोटरी में पब्लिक इमेज के महत्व पर रविवार को जूम मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग की शुरुआत डीजीआइ नम्रता ने रोटरी में पब्लिक इमेज के महत्व पर चर्चा और उसे बेहतर बनाने पर अपने संबोधन के साथ किया। रोटरी की पब्लिक इमेज को और बेहतर बनाने के तरीकों पर प्रकाश डाला। डीएलएफ पीपी रेखा सिंह ने कहा कि रोटरी की पब्लिक इमेज को बेहतर बनाने से संगठन को लाभ हो सकता है। लोगों के बीच संगठन के प्रति जागरूकता बढ़ने से क्लब को मजबूती मिलेगी।

डीपीआइसी पीडीजी अनिल सिंह ने पब्लिक इमेज के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक अच्छी पब्लिक इमेज रोटरी की प्रतिष्ठा को बढ़ा सकती है। पब्लिक इमेज संगठन की पहचान है और इसका सीधा प्रभाव संगठन की सफलता पर पड़ता है।

डीजीइ नम्रता ने संचार के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि कैसे प्रभावी संचार माध्यम रोटरी की पब्लिक इमेज को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि संचार संगठन की पब्लिक इमेज को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

एजी पीपी प्रवीण राजगढ़िया ने मीडिया संबंधों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे मीडिया के साथ अच्छे संबंध रोटरी की पब्लिक इमेज को बढ़ावा दे सकते हैं। मीडिया के साथ बेहतर संबंधों के माध्यम से संगठन अपनी पब्लिक इमेज को मजबूत कर सकता है।

डीपीआइसी पीडीजी अनिल सिंह ने कम्युनिटी को जोड़ने के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कम्युनिटी के साथ जुड़ने से संगठन को अपनी पब्लिक इमेज को मजबूत करने में मदद मिलती है। मीटिंग का समापन डीएस पीपी वीना जैन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस मीटिंग में रोटरी की पब्लिक इमेज को बेहतर बनाने के लिए कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गयी। सभी सदस्यों ने अपने विचार साझा किये। इस मीटिंग का उद्देश्य रोटरी की पब्लिक इमेज को बेहतर बनाना और संगठन को मजबूत करना था। मीटिंग में डिस्ट्रिक्ट 3250 झारखंड एवं बिहार के तमाम कलबों से रीजनल डायरेक्टर, असिस्टेंट गवर्नर, अध्यक्ष, सचिव, पब्लिक इमेज चेयर्स एवं महत्वपूर्ण पदाधिकारी जुड़े थे।

# नशाखुरानी गिरोह ने धनबाद के स्क्रैप कारोबारी को अपना शिकार बनाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** नशाखुरानी गिरोह के द्वारा एक बस यात्री को शिकार बनाया गया है। पटना से रांची आने के दौरान बस यात्री को गिरोह ने अपना शिकार बनाया और उनके बैग में रखे लाखों रुपये और कीमती सामान ले उड़े।

**बस में बेहोशी की हालत में मिला यात्री :** पटना से रांची आने वाली चंद्रलोक बस में टिंकू सोनी नाम का एक यात्री बेहोशी के हालत में पुलिस को मिला। होश में आने के बाद टिंकू सोनी ने पुलिस को बताया कि वे पटना से रांची के लिए पौने तीन लाख रुपये लेकर निकले थे। पास में बैठे यात्री ने रात के समय उन्हें कुछ खाने को दिया था। जिसके बाद वह अचेत हो गये। बस में जब उन्हें होश आया तो उन्होंने देखा कि उनके बैग में रखे पैसे, उनकी सोने की चेन और पर्स सब कुछ गायब था। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा। नशाखुरानी गिरोह का शिकार टिंकू सोनी स्क्रैप का व्यापार करते हैं।

अपने काम के सिलसिले में ही वे धनबाद से पटना गये हुए थे। टिंकू को पटना से धनबाद ही जाना था, लेकिन पटना बस स्टैंड पर ही नशाखुरानी गिरोह के अपराधियों ने उन्हें झांसे में लेकर रांची जाने वाली बस में बिठा दिया। फिर उन्हें लूट कर आरोपी फरार हो गये। दरअसल जो जानकारी अब तक मिली है उसके अनुसार दो लोग टिंकू के साथ बस पर सवार हुए थे। वे दोनों हजारीबाग में ही उतर गये, जबकि टिंकू रांची पहुंच गये। जब काफी देर तक वे नहीं उठे तो बस के कर्मियों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी।

जिसके बाद बस कर्मियों की मदद से टिंकू को रांची के सदर अस्पताल में इलाज के लिए एडमिट कराया गया। टिंकू सोनी के रांची में रहने वाले एक परिजन को मामले की जानकारी दी गयी। जिसके बाद परिजन अस्पताल पहुंचे। टिंकू सोनी के स्वस्थ होने के बाद रांची पुलिस की टीम उनसे पूछताछ करेगी। जिसके बाद अपराधियों की धर-पकड़ के लिए प्रयास किये जायेंगे।

# संविधान बचाओ रैली को सफल बनायें कार्यकर्ता : राजू राम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रविवार को झारखंड प्रदेश प्रभारी के राजू और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनूसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान के निर्देशानुसार रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चैयरमैन राजू राम की अध्यक्षता में तिरिल रोड में बैठक हुई। आगामी मंगलवार को 10:30 बजे संविधान बचाओ रैली में पुराना विधानसभा ध्रुव मैदान में अनूसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से मनोहर कुमार, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपचेयरमैन सूरज कुमार पासवान, शिव कुमार, प्रकाश राम, अंकित कुमार पासवान, अमित कुमार, राज कुमार राम, राहुल कुमार, आर्यन दास, राजा कुमार, अंबर कुमार, विशाल धरलाल, विक्की कुमार, मंटू कुमार पासवान, अनीश कुमार आदि उपस्थित थे।




आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# 20 और 21 जून को राजधानी में झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मिशन ब्लू फाउंडेशन और आई 3 फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड सीएसआर कॉन्क्लेव 2025 का आयोजन 20 और 21 जून को होटल चाणक्य बीएनआर, रांची में किया जायेगा। इस संबंध में रविवार को आयोजकों ने प्रेस कांफ्रेंस कर जानकारी दी। आयोजकों ने बताया कि इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर ) को और अधिक प्रभावशाली और सशक्त बनाना है। इसमें कॉरपोरेट, एनजीओ, सिविल




सेवाओं के प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को एक साझा मंच प्रदान करना है। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और आजीविका जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त प्रयास करना। स्थायी विकास लक्ष्यों को गति देने में सहायक सिद्ध होना। बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन में पैनल चर्चा, सीएसआर प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी, नेटवर्किंग सेशंस। एनजीओ को पंजीकरण करने के लिए निम्न लिंक पर जाने का अनुरोध किया गया है। किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए +91 74881 80691 पर संपर्क किया जा सकता है। इस मौके पर आई 3 फाउंडेशन के चेयरमेन राजीव गुप्ता, मिशन ब्लू फाउंडेशन के प्रेसिडेंट पंकज सोनी, डीजीक्रॉव के चेयरमेन अमित मोदी सहित टीम के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## भाजपा रांची महानगर ने चलाया वक्फ सुधार जन जागरण अभियान

# गरीब मुसलमानों को उनका हक दिलाना ही वक्फ सुधार का उद्देश्य : सीपी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची। भाजपा** रांची महानगर एवं ग्रामीण जिला द्वारा वक्फ सुधार के मुद्दे पर लोगों के बीच जागरूकता फैलाने हेतु रविवार को भाजपा रांची महानगर कार्यालय में वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।

वक्फ सुधार जन जागरण अभियान जिला कार्यशाला में उपस्थित रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि वक्फ की संपत्ति पर सिर्फ गिने चुने लोगों और धर्म की राजनीति करने वालों लोगों का ही अधिकार नहीं है। वक्फ सुधार कानून 2025 से यह सुनिश्चित होगा कि वक्फ की संपत्तियों पर गरीब मुसलमान को भी अधिकार मिले। कांग्रेस मुसलमान समाज को दिग्भ्रमित करने का कोशिश कर रही है और प्रोपेगेंडा के तहत नये-नये भ्रम मुस्लिम समाज में फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। यह कानून भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीब मुसलमान के




हित के लिए बनाया गया कानून है। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यक्रम के संयोजक कमाल खान ने कहा कि आजादी के समय से ही कांग्रेस ने मुसलमान को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया, कभी उनकी भलाई की नहीं सोची। भाजपा सरकार ने जब भी मुस्लिम समाज की भलाई के लिए कदम आगे बढ़ाएं कांग्रेस ने भ्रमजाल फैलाकर मुस्लिम समुदाय को तोड़ने का प्रयास किया।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य वक्फ में किये गये संशोधन से गरीब मुसलमान जनता को क्या लाभ मिलेगा, यह समाज में जाकर उनको जागरूक करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष वरुण साहू एवं संचालन ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रांची के विधायक सीपी सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, वरिष्ठ नेता मो. कमाल खान, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मो. अनवर हयात, मो. सोना खान, मो. काजिम कुरैशी, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, पूर्व विधायक जीतू चरण राम, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, अनीता वर्मा, विनय सिंह, विकास रवि, बिना मिश्रा, सोनू सिंह, आलमगीर अंसारी, मो इमरान खान, आरिफ भट्ट सहित बड़ी तादाद में मुस्लिम समाज के कार्यकर्ता, अधिवक्ता, डॉक्टर एवं आम जनता उपस्थित रहे।

# बिरला हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची बरियातू के जोड़तालाब, रानी बगान स्थित बिरला हनुमान मंदिर प्रांगण में रविवार को एक भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में आचार्य रोहित सांकृत्यायन, उप आचार्य राघव मिश्रा, रश्मि मिश्रा आदि ने मंत्र उच्चारण के साथ बजरंगबली, मां दुर्गा, शंकर भोले बाबा, राम दरबार, कृष्ण भगवान, शनि महाराज जी एवं अन्य




देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की। बिरला हनुमान मंदिर का निर्माण बिरला जी की जमीन पर किया गया है, जिसे उन्होंने समाजसेवी टीएमसी पार्टी के नेता दयानंद प्रसाद सिंह और आम जनता के सहयोग से लगभग 30 वर्षों के प्रयास से प्राप्त किया था। इस पुण्य कार्य में आम जनता, नेता रमाकांत सिंह, ओम पांडेय, बजरंगबली मिश्रा, मुन्ना , मनजीत सिंह, संजीत सिंह, उदय भानु सिंह, विक्रमादित्य सिंह, खगेश महतो आदि का पूर्ण सहयोग रहा है। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पुरुष और महिलाएं, साधु-संतों के साथ उपस्थित थे।

## इसीआइएनइटी ऐप लांच करने की तैयारी में चुनाव आयोग

# वोटर्स को एक प्लेटफॉर्म पर मिलेगी 40 ऐप की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया यानी भारतीय चुनाव आयोग ने एक नया ऐप लॉन्च करने की प्लानिंग कर रहा है। जिसका नाम इसीआइएनइटी है। चुनाव आयोग द्वारा इस डिजिटल प्लेटफॉर्म को लॉन्च करने का मकसद 40 मोबाइल और वेब एप्लिकेशन को एक स्थान पर लाना है। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के अनुसार, यह प्लेटफॉर्म वोटर्स, पोलिंग ऑफिसर्स और पॉलिटिकल पार्टीज समेत सिविल सोसाइटी के लिए एक आसान और बेहतरीन इंटरफेस प्रदान करता है।

इस ऐप को लॉन्च करने का प्रस्ताव सबसे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रखा था। उनका मानना था कि इससे यूजर्स एक्सपीरियंस और इंटरफेस दोनों बेहतर होंगे। इस प्लेटफॉर्म के साथ चुनाव आयोग द्वारा चलायी जाने वाले कई ऐप्स को जोड़ा



जायेगा, जिनमें वोटर हेल्पलाइन, वोटर टर्नआउट, सीवीजिल, सुविधा 2.0, इएसएमएस, सक्षम, और केवाइसी ऐप भी शामिल होंगे। इन सभी ऐप्स को मिलाकर अभी तक कुल 5.5 करोड़ से भी ज्यादा डाउनलोड दर्ज किये जा चुके हैं।

### नये एप से क्या फायदे होंगे?

भारतीय निर्वाचन आयोग ने कहा है कि उनके द्वारा लॉन्च किये गये इस नये ऐप यानी इसीआइएनइटी के जरिए भारत के करीब 100 करोड़ मतदाताओं की जरूरत पूरी होगी। इससे वोटिंग सिस्टम को मदद मिलेगी और यूजर्स को अलग-अलग काम के लिए अलग-अलग ऐप्स को डाउनलोड करना पड़ता था, जो अब नहीं करना पड़ेगा। अब वोटर्स को सिर्फ एक ही ऐप में वोटिंग से संबंधित जानकारियां मिल जायेगी। इससे यूजर्स के लिए वोटिंग से संबंधित जानकारियों को जानना आसान होगा और उनका टाइम भी बचेगा।

### चुनाव के दौरान काम होगा आसान

इस डिजिटल प्लेटफॉर्म से वोटर्स के साथ-साथ 10.5 लाख बूथ लेवल ऑफिसर्स, 45 लाख पोलिंग अधिकारियों, 15,597 सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी, 4,123 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी और 767 जिला निर्वाचन अधिकारियों की भी मदद होगी। चुनाव के दौरान उनका काम भी आसान हो जायेगा।




# पंजाब ने लखनऊ को 37 रन से हराया

## लगातार दूसरी जीत से नंबर-2 पर आया, प्रभसिमरन ने 91 रन की पारी खेली

आजाद सिपाही संवाददाता

**धर्मशाला।** पंजाब किंग्स ने आइपीएल 2025 के 54वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स पर 37 रन की जीत हासिल की है। टीम लगातार दूसरी जीत से प्वॉइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर आ गयी है, जबकि लखनऊ ने लगातार तीसरा मुकाबला गंवाया है और 7वें नंबर पर है।

धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में 237 रन का टारगेट चेज कर रही लखनऊ 20 ओवर में 7 विकेट पर 199 रन ही बना सकी। आयुष बडोनी 74 रन बनाकर आउट हुए। अब्दुल समद ने 45 रन बनाये। शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके। अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट झटके। अजमतुल्लाह ओमरजई को 2 विकेट मिले।



इससे पहले, टॉस हारकर बैटिंग करते हुए पंजाब किंग्स ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 236 रन बनाये। प्रभसिमरन सिंह ने 48 बॉल पर 91 रन की पारी खेली। उन्होंने 6 चौके और 7 छक्के लगाये। कप्तान श्रेयस अय्यर ने 45, शशांक सिंह 33* रन, जोश इंग्लिस ने 30 रन का योगदान दिया। दिग्वेश राठी और आकाश महाराज सिंह को 2-2 विकेट मिले।

# केंद्र सरकार ने फिर लिखा पत्र, अनुराग गुप्ता को रिटायर माना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता के मुद्दे पर राज्य सरकार का जवाब मिलने के बाद केंद्र सरकार ने दुबारा पत्र लिखा है। केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को पत्र भेज कर यह सूचित किया है कि अनुराग गुप्ता 30 अप्रैल को रिटायर हो गये हैं। केंद्र सरकार ने इस बात को दोहराया है कि राज्य सरकार द्वारा डीजीपी नियुक्ति के लिए बनाया गया नियम सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के खिलाफ है।

केंद्र सरकार ने डीजीपी नियुक्ति के मामले में राज्य सरकार के तर्कों को अस्वीकार कर दिया



है। डीजीपी अनुराग गुप्ता के मुद्दे पर राज्य और केंद्र के बीच छिड़ी जंग का सबसे रोचक पहलू यह है कि केंद्र सरकार अपने पत्र की प्रतिलिपि अनुराग गुप्ता को नहीं भेज रही है।

उल्लेखनीय है कि डीजीपी की नियुक्ति के लिए फरवरी माह में राज्य सरकार ने नयी नियमावली बनायी थी। जिसके तहत अनुराग गुप्ता को डीजीपी के पद पर नियुक्त किया था। राज्य सरकार का तर्क है कि नियमावली के तहत अनुराग गुप्ता का डीजीपी पद पर नियुक्ति दो साल के लिए है। लिहाजा वह तय तारीख 30 अप्रैल 2025 को रिटायर नहीं होंगे। राज्य सरकार के इस फैसले पर अप्रैल के अंतिम सप्ताह में केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को पत्र लिख करके सूचित किया था कि अनुराग गुप्ता 30 अप्रैल की तारीख से रिटायर माने जायेंगे। पत्र में यह भी कहा गया था कि उनकी नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार नहीं है। ना ही केंद्र सरकार ने अनुराग गुप्ता को एक्सटेंशन दिया है। इसलिए वह 30 अप्रैल की तारीख से रिटायर माने जायेंगे। केंद्र सरकार के इस पत्र के जवाब में राज्य सरकार ने 30 अप्रैल की रात एक पत्र केंद्र सरकार को भेजा था। जिसमें कहा गया था कि डीजीपी पद पर अनुराग गुप्ता की नियुक्ति नियमानुसार की गयी है और सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के आलोक में वह नियुक्ति की तिथि से दो साल तक के लिए डीजीपी के पद पर रहेंगे। राज्य सरकार ने अपने पत्र में यह भी कहा था कि इस मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका भी विचाराधीन है।

### तीन पुलिस अधिकारियों का तबादला, प्रकाश रजक बने कांके थानेदार

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची एसएसपी ने तीन पुलिस अधिकारियों को तबादला कर दिया है। प्रकाश रजक को कांके थाना का थानेदार बनाया गया है। रणविजय शर्मा को तमाड़ अंचल भेजा गया है। सुशील कुमार को पुलिस केंद्र भेजा गया है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# संविधान बचाओ रैली से भाजपा घबरा गयी है : लाल किशोरनाथ शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्य प्रवक्ता लाल किशोरनाथ शाहदेव ने बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से संविधान बचाओ रैली पर दिये गये बयान पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस की ओर से 6 मई को रांची में आयोजित होने वाले संविधान बचाओ रैली को अपार जनसमर्थन मिल रहा है, उससे भाजपा पूरी तरह से घबरायी हुई है। ऐसे में



संविधान की मूल भावना से खिलवाड़ करने वाले भाजपा नेताओं और बाबूलाल मरांडी को खुद जनता से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि बाबूलाल मरांडी और भाजपा के तमाम नेता जातिगत जनगणना पर कहते थे कि बंटोगे, तो कटोगे। लेकिन कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के संघर्ष के आगे केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार को झुकना पड़ा। किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश के लोगों से जाति जनगणना कराने का वादा किया था। कांग्रेस के दबाव के कारण केंद्र सरकार को जाति जनगणना कराने का फैसला लेना पड़ा।

# आपे साजे आपे रंगे आपे नदर करे...

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु अंगद देव जी महाराज के पावन प्रकाश को लेकर आयोजित दो दिवसीय महान गुरमत समागम के दूसरे और अंतिम दीवान की शुरूआत रविवार को सुबह 11 बजे स्त्री सत्संग सभा की शीतल मुंजाल द्वारा सा धरती भई हरीआवली जिथै मेरा सतिगुरु बैठा आइ .....₹ शबद गायन से हुई। हजूरी रागी जत्था भाई महिपाल सिंह जी ने ₹ सिमर सिमर सदा सुख पाओ.... शबद गायन कर संगत को गुरुवाणी से जोड़ा

गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह जी ने कथावाचन कर श्री गुरु अंगद देव जी की जीवनी पर प्रकाश डाला और साध संगत को बताया कि श्री गुरु अंगद देव जी का नाम लहणा था और उनका प्रकाश मती दी सराय शहर,जिला फिरोजपुर,पंजाब में पिता बाबा फेरू मल और माता दया कौर के घर सन 1504 में हुआ.वे पेशे से व्यापारी थे और हर वर्ष माता ज्वाला जी के दर्शन करने जाते थे.हमेशा की तरह वो माता ज्वाला जी के दर्शन करने अपने घर से सुबह सुबह निकले तो उन्होंने रास्ते में गुरुनानक के एक शिष्य भाई जोध को आसा दी वार की गुरुवाणी ' जित सेविऐ सुख पाइए सो साहिब सदा समालियै'



उच्चारण करते हुए सुना जिसका अर्थ है जिस की सेवा में मनुष्य को सुख मिलता है वो साहिब को याद करता है। इस वाणी को सुनकर उन्हें आत्मिक शांति मिली और ठहराव आ गया। उन्होंने भाई जोध से पूछा कि यह किसकी वाणी है तो उसने कहा कि यह गुरुनानक की वाणी है जो करतारपुर में रहते हैं, तो वे गुरुनानक देव जी के पास गये और उनके सानिध्य में रहकर सेवा करने लगे और शिष्य बन गये। उनकी सेवा भावना और समर्पण को देखकर गुरुनानक देव जी ने उन्हें अंगद नाम देकर गुरता गद्दी सौंपी और वे श्री गुरु अंगद देव के नाम से सिख पंथ के दूसरे गुरु बने। समागम में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे सिख पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनी जत्था भाई कमलदीप सिंह जी चंबा (हिमाचल प्रदेश)वाले ने दोपहर एक बजे से ढाई बजे तक आपे साजे आपे रंगे आपे नदर करे...... एवं संता कै कारज आप खलोएआ, हर कम्म करावण आया राम...... शबद गायन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। शबद गायन के साथ साथ उन्होंने साध संगत को वाहेगुरु का जाप भी कराया। श्री अनंद साहिब जी के पाठ, जानी जिवेंदर सिंह द्वारा अरदास अरदास, हुकुमनामा और कढ़ाह प्रशाद वितरण के साथ दीवान की समाप्ति दोपहर तीन बजे हुई। इस मौके पर सत्संग सभा द्वारा दोपहर एक बजे से गुरु का अटूट लंगर चलाया गया,जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर गुरु का लंगर चखा।

गुरु नानक सत्संग सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल ने भाई कमलदीप सिंह एवं साथियों को गुरु घर का सरोपा ओढ़ाकर सम्मानित किया। सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने गुरमत समागम के सफल समापन पर सभी सेवादारों का आभार व्यक्त किया एवं साध संगत से इसी तरह गुरु घर से जुड़े रहने का आग्रह किया। दीवान का संचालन मनीष मिढ़ा ने किया। गुरु घर के सेवक पवनजीत सिंह खत्री ने कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब के चैनल मेरे साहब पर किया।

दो दिवसीय समागम में लंगर सेवा में स्त्री सत्संग सभा, अशोक गेरा, सुरेश मिढ़ा, मोहन काठपाल, अनूप गिरधर, बिनोद सुखीजा, राजकुमार सुखीजा, हरीश मिढ़ा, नानक चंद अरोड़ा, महेंद अरोड़ा तथा जोड़े की सेवा में बसंत काठपाल, प्रेम मिढ़ा, लक्ष्मण अरोड़ा, पुरुषोत्तम सरदाना, तुषार मिढ़ा, गीता मिढ़ा की सक्रिय भागीदारी रही। प्रचार प्रसार की सेवा नरेश पपनेजा एवं सोशल मीडिया की सेवा जय गाबा, पीयूष थरेजा, साहिल सरदाना ने निभाई।

रविवार के दीवान में द्वारका दास मुंजाल, सुंदर दास मिढ़ा, केशव दास मक्कड़, हरगोविंद सिंह, भगवान सिंह बेदी, संतोष बेदी, लेखराज अरोड़ा, भगत सिंह मिढ़ा, वेद प्रकाश मिढ़ा, अमरजीत गिरधर, मनीष मिढ़ा, चरणजीत मुंजाल, जीवन मिढ़ा, लक्ष्मण दास मिढ़ा, मनोहर लाल मिढ़ा, इंदर मिढा, कौर, शीतल मुंजाल, गुरमीत मिढ़ा, रोशनी गिरधर समेत अन्य श्रद्धालु शामिल हुए।

# अवैध नशा मुक्ति केंद्र

भारत में पिछले कुछ दशकों के दौरान विशेष रूप से युवाओं में नशे की लत में भारी वृद्धि होने के कारण उनके इलाज के लिए नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना की आवश्यकता बढ़ी है। इसका अनुचित लाभ उठाते हुए समाज विरोधी तत्वों ने अवैध नशा मुक्ति केंद्र खोल कर पीड़ितों का इलाज करने की बजाय उन्हें नशीली दवाएं आदि देकर ठगना शुरू कर रखा है और उनसे भारी-भरकम रकमें वसूल की जाती हैं। ऐसे अवैध नशा मुक्ति केंद्रों में नशे की तलब होने पर जब नशेड़ी तड़पते हैं, तो उनसे मारपीट तक की जाती है। कई बार उन्हें बांध कर भी रखा जाता है और दवा के नाम पर नशा दे दिया जाता है। अवैध नशा मुक्ति केंद्रों में इलाज के लिए लाये गये नशेड़ियों के उत्पीड़न के उदाहरण दर्ज हैं। 25 फरवरी को डबवाली (हरियाणा) के गांव लोहगढ़ में बिना मंजूरी और बिना डाक्टर के अवैध रूप से चलाये जा रहे एक नशा मुक्ति केंद्र पर छापा मार कर वहां नशा मुक्ति के नाम पर बंधक बनाकर रखे गए 30 युवकों को मुक्त करवाया गया। इनमें से 25 युवक पंजाब से संबंधित थे। 20 मार्च को बिजनौर (उत्तर प्रदेश) में एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती फैसल नामक नशेड़ी द्वारा रात के समय चीखने-चिल्लाने और शोर मचाने पर कपड़ा ठूंस कर उसका मुंह बंद करके मारपीट करने के बाद गमछे से गला घोंट कर उसकी हत्या कर दी गयी। 27 मार्च को अधिकारियों ने बठिंडा (पंजाब) के गांव बुलाढ़ेवाला में चल रहे एक अवैध नशा मुक्ति केंद्र में छापेमारी करके 38 मरीजों को मुक्त करवाया। नशे के आदी मरीजों के साथ नशा मुक्ति केंद्र के संचालकों के बाऊंसर मारपीट करते थे और नींद न आने पर उन्हें नशे की गोलियां दी जाती थीं। 4 अप्रैल को फरीदकोट (पंजाब) में स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक कोठी में चलाये जा रहे अवैध नशा मुक्ति केंद्र से छुड़वा कर 21 मरीजों को सरकारी नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवाया गया। यहां मरीजों के साथ अमानवीय व्यवहार करने की शिकायतें भी मिली थीं तथा यहां दाखिल रोगियों को भागने से रोकने के लिए कोठी की दीवारों पर फैंसिंग तारें भी लगायी गयी थीं। 4 अप्रैल को ही अधिकारियों ने बठिंडा (पंजाब) के गांव गुमटी कलां में एक अवैध नशा मुक्ति केंद्र का पर्दाफाश करके वहां से 10 मरीजों को मुक्त करवाया। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी इस सेंटर पर छापा मार कर उसे बंद करवाया गया था, परंतु संचालक ने इसे फिर से खोल कर मरीज दाखिल करने का काम शुरू कर दिया था। जानकारों के अनुसार भारत में केवल 4000-4500 मनोचिकित्सक ही हैं और वे सभी नशा मुक्ति उपचार से जुड़े हुए भी नहीं हैं, जिससे स्पष्ट है कि देश में नशा पीड़ितों के उपचार के लिए विशेषज्ञों की कमी है। अतः जहां देश में सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में सुविधाएं बढ़ाने की आवश्यकता है।

**जानकारों के अनुसार भारत में केवल 4000-4500 मनोचिकित्सक ही हैं और वे सभी नशा मुक्ति उपचार से जुड़े हुए भी नहीं हैं, जिससे स्पष्ट है कि देश में नशा पीड़ितों के उपचार के लिए विशेषज्ञों की कमी है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पाकिस्तान नाम पंजाब, अफगानिस्तान, एनएफडब्ल्यूपी, कश्मीर, सिंध के पहले अक्षरों से और बलूचिस्तान के अंतिम अक्षरों तान शब्द से बना है। उच्चारण में आसानी के लिए बाद में एक प शब्द जोड़ा गया। इस नाम का उस पौराणिक कहावत से कोई लेना-देना नहीं है कि पाकिस्तान का मतलब पवित्र भूमि है। उक्त पुस्तिका में एक वाक्य था, जिसने किसी कट्टर साम्राज्यवादी का ध्यान खींचा होगा, क्योंकि यह इस तरह की इकाई के लिए रणनीतिक तर्क प्रदान करता था, उत्तर-पश्चिम भारत का यह मुस्लिम संघ किसी भी दिशा से विचारों या हथियारों के भारत पर आक्रमण के खिलाफ एक बफर राज्य की दीवार प्रदान करेगा।**

# पाकिस्तान : एक अंतिम खेल, जिसे भारत को खत्म ही करना होगा

**मनीष तिवारी**



**अपने इस्लामी ढांचे के भीतर भी पाकिस्तान अपने मुस्लिम अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने में विफल रहा है। शिया, अहमदिया, हजारा, खोजा और अन्य को नियमित रूप से उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, जिन्हें अक्सर विधर्मी करार दिया जाता है। सांप्रदायिक हिंसा आम बात है, खास कर पंजाब और बलूचिस्तान में जहां सिपाह-ए-सहाबा और लश्कर-ए-झांगवी जैसे चरमपंथी समूह पनपते हैं। ऐसी ताकतों पर लगाम लगाने में राज्य की अक्षमता या अनिच्छा एक खोखली वैचारिक कोर को उजागर करती है।**

पाकिस्तान का विचार गोरसी कबीले के एक मुस्लिम गुज्जर रहमत अली द्वारा तैयार किया गया था, जो बलाचौर से था जो मेरे तत्कालीन संसदीय क्षेत्र श्री आनंदपुर साहिब में आता है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में एक स्थायी छात्र के रूप में उन्होंने 36 वर्ष की आयु में एक पुस्तिका लिखी जिसका नाम था 'अब या कभी नहीं-हम हमेशा के लिए मर जायेंगे' जिसमें उन्होंने भारत के उत्तर-पश्चिम में एक मुस्लिम राज्य का बौद्धिक आधार प्रस्तुत किया।

पाकिस्तान नाम पंजाब, अफगानिस्तान, एनएफडब्ल्यूपी, कश्मीर, सिंध के पहले अक्षरों से और बलूचिस्तान के अंतिम अक्षरों तान शब्द से बना है। उच्चारण में आसानी के लिए बाद में एक प शब्द जोड़ा गया। इस नाम का उस पौराणिक कहावत से कोई लेना-देना नहीं है कि पाकिस्तान का मतलब पवित्र भूमि है। उक्त पुस्तिका में एक वाक्य था, जिसने किसी कट्टर साम्राज्यवादी का ध्यान खींचा होगा, क्योंकि यह इस तरह की इकाई के लिए रणनीतिक तर्क प्रदान करता था उत्तर-पश्चिम भारत का यह मुस्लिम संघ किसी भी दिशा से विचारों या हथियारों के भारत पर आक्रमण के खिलाफ एक बफ र राज्य की दीवार प्रदान करेगा। शुरू में इस मूर्खतापूर्ण योजना का कोई भी समर्थक नहीं था, लेकिन 1940 तक इसके शुरुआती समर्थकों में से एक ग्रेट ब्रिटेन के युद्धकालीन प्रधानमंत्री सर विंस्टन चर्चिल बन गये।

**पाकिस्तान शायद एकमात्र ऐसा देश है, जहां सेना के पास एक देश है, न कि एक ऐसा देश, जिसके पास सेना है।**

ब्रिटेन की लड़ाई समाप्त होने के ठीक बाद 1940 के अक्तूबर-नवंबर तक चर्चिल मंत्रिमंडल में अपने सहयोगियों के साथ इस विचार पर गंभीरता से चर्चा कर रहे थे, क्योंकि उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पर बिल्कुल भरोसा नहीं था, जिसने अक्टूबर-नवंबर 1939 में तत्कालीन वायसराय विक्टर अलेक्जैंडर जॉन होप द्वितीय मार्कीस ऑफ लिनलिथगो के फैसले का विरोध करने के लिए सभी प्रांतीय मंत्रिमंडलों से इस्तीफा दे दिया था, तब तक 23 मार्च 1940 को पाकिस्तान प्रस्ताव पारित हो चुका था। 1947 में विपक्ष के नेता के रूप में चर्चिल ने ही जिन्ना को एक ऐसे पाकिस्तान को स्वीकार करने के लिए राजी किया, जिसे जिन्ना ने उपहासपूर्वक एक पतंगा खाया हुआ पाकिस्तान कहा था।

पश्चिमी पाकिस्तान विजयी एंग्लो-अमेरिकन गठबंधन की एक रणनीतिक परियोजना थी, क्योंकि शीत युद्ध 1945 में ही शुरू हो चुका था। पश्चिमी पाकिस्तान का भावी राज्य सोवियत प्रभाव को फैलने से रोकने के लिए बफर माना जाता था। इसलिए मित्र राष्ट्रों ने सफल होने के लिए पश्चिमी पाकिस्तान की स्थापना की। इसलिए उसे पश्चिमी पंजाब की समृद्ध सिंचित भूमि और लाहौर एवं कराची के समृद्ध व्यापारिक शहर मिले। इसके विपरीत पूर्वी पाकिस्तान का कोई रणनीतिक महत्व नहीं था, क्योंकि बर्मा में अंग्रेजों के पास पर्याप्त हिस्सेदारी थी, इसलिए इसे विफल होने के लिए स्थापित किया गया था और इसलिए यह ज्यादातर देहाती चरित्र का था।

पाकिस्तान शायद एकमात्र ऐसा देश है, जहां सेना के पास एक देश है, न कि एक ऐसा देश, जिसके पास सेना है। इसके पास परमाणु हथियार हैं, पहले हमले का सिद्धांत है। चीन के साथ ग्राहक-संरक्षक संबंध हैं और यह 1980-89 तक अफगान जिहाद में और फिर 2001-2021 तक आतंकवाद के खिलाफ युद्ध में अमेरिका का अग्रिम पंक्ति का सहयोगी था। पाकिस्तानी सेना राज्य की कमान संभाल सकती है, लेकिन वह एक एकीकृत राष्ट्र की कमान नहीं संभाल सकती। देश का अस्तित्व सैन्य प्रभुत्व, विदेशी सहायता और धार्मिक पहचान की निर्मित भावना पर टिका हुआ है। ये सभी दीर्घावधि में स्वाभाविक रूप से नाजुक हैं। पाकिस्तान दो-राष्ट्र सिद्धांत से पैदा हुआ है, जो इस गलत धारणा पर आधारित है कि हिंदू और मुसलमान एक साथ नहीं रह सकते। फिर भी 70 साल से ज्यादा समय बाद पाकिस्तान की पहचान संकीर्ण रूप से परिभाषित और बहुत कमजोर बनी हुई है। सिर्फ धार्मिक पहचान पर बना एक राष्ट्र स्वाभाविक रूप से आंतरिक दरारों और अस्तित्वगत असुरक्षा से ग्रस्त है।

**क्या इस्लाम भी पाकिस्तान को एकजुट करता है :** अपने इस्लामी ढांचे के भीतर भी पाकिस्तान अपने मुस्लिम अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने में विफल रहा है। शिया, अहमदिया, हजारा, खोजा और अन्य को नियमित रूप से उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, जिन्हें अक्सर विधर्मी करार दिया जाता है। सांप्रदायिक हिंसा आम बात है, खास कर पंजाब और बलूचिस्तान में जहां सिपाह-ए-सहाबा और लश्कर-ए-झांगवी जैसे चरमपंथी समूह पनपते हैं। ऐसी ताकतों पर लगाम लगाने में राज्य की अक्षमता या अनिच्छा एक खोखली वैचारिक कोर को उजागर करती है और कश्मीर में इसकी पवित्र भूमिका सहित मुस्लिम कारणों की रक्षा करने के इसके दावे को कमजोर करती है। पाकिस्तान के अति-केंद्रीकृत, सैन्य शासन ने विभिन्न जातीय और क्षेत्रीय समूहों को अलग-थलग कर दिया है। बलूचिस्तान उग्रवाद में उलझा हुआ है, जिसमें गायब होने और सैन्य दमन की विशेषता है। सिंध में विशेष रूप से शहरी मोहाजिर समुदाय के बीच पंजाबी-प्रभुत्व वाली स्थापना के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा है। सत्ता एकात्मक संरचना में केंद्रित है, जिसमें सेना और नौकरशाही का प्रभुत्व है, जहां राजनीतिक दल केवल परिधीय भूमिका निभाते हैं। औपनिवेशिक शक्तियों द्वारा खींची गई 'डूरंड रेखा' एक फ्लैश प्वाइंट बनी हुई है, जिसे तालिबान सहित किसी भी अफगान शासन द्वारा मान्यता नहीं दी गई है।

दोनों पक्षों के पश्तून समुदाय इस कृत्रिम विभाजन को अस्वीकार करते हैं और पाकिस्तान की लंबे समय से चली आ रही महत्वाकांक्षा 'रणनीतिक गहराई' के लिए काबुल को नियंत्रित करने की है जो न केवल फिर से विफल हुई है, बल्कि असफल भी हुई है। पाकिस्तान के विघटन की संभावना अब अटकलों के दायरे तक सीमित नहीं है। इसके आंतरिक विरोधाभास, वैचारिक कठोरता, जातीय अशांति, आर्थिक नाजुकता और राजनीतिक शिथिलता इतनी गहरी हो गयी है कि राज्य का पतन अब अकल्पनीय नहीं है और समय की बात है। यह वह अंतिम खेल है, जिस पर भारत को इन विरोधाभासों को तेज करके ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जब तक पाकिस्तानी राज्य अपने वर्तमान स्वरूप में मौजूद है, तब तक इसका मूल व्यवहार नहीं बदलेगा।

**(लेखक : वकील, सांसद एवं पूर्व मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### ब्राह्मण गौरव सम्मान समारोह का आयोजन

# ब्राह्मण के शौर्य और वीरता से ही अखंड विश्व का कल्याण संभव : कमल किशोर

**ऋत्विक शांडिल्य सहित कई वयोवृद्ध सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति द्वारा बिस्टुपुर के माइकल जॉन ऑडिटोरियम में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 21 ब्राह्मण विप्रों द्वारा शंखनाद और स्वस्तिवाचन के साथ की गयी। इस अवसर पर न्यायिक सेवा में सफलता प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करने वाले ऋत्विक शांडिल्य को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। ऋत्विक के पिता मनोज ठाकुर वर्तमान में सीसीआर में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण समाज के 80 वर्ष की आयु पार कर चुके 31 वरिष्ठ ब्राह्मणों को ब्राह्मण गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। मौके पर समिति के संयोजक कमलकिशोर ने कहा कि ब्राह्मण के शौर्य और वीरता से ही अखंड विश्व का कल्याण संभव है। ब्राह्मण गौरव सम्मान प्राप्त करने वालों में डीके मिश्र, सरोज मिश्रा, चंद्रेश्वर खान, गणेश चंद्र झा, उमाकांत झा, चंद्रशेखर मिश्रा शामिल रहे। मौके पर गायिका श्रद्धा दास व प्रेशा झा ने अपने भजनों से समां बांधी। मौके पर राजेश शुक्ला, अनिल तिवारी, सुधांशु ओझा, ओम प्रकाश उपाध्याय, अरुण शुक्ला, संतोष जोशी, बबुआ सिंह, अमिताभ चटर्जी, शालिनी पांडेय, ब्यूटी तिवारी, विनीता मिश्रा उपस्थित रहे।

### विधायक ने चार योजनाओं का किया शिलान्यास

# सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गांव-गांव तक पहुंच रही विकास की रोशनी : संजीव सरदार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पोटका प्रखंड के तेंतला, नारदा, फोड़ा और धिरौल पंचायतों में चार महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को मुख्य अतिथि विधायक संजीव सरदार द्वारा जिला अनाबद निधि एवं आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत चारों योजनाओं का नारियल फोड़ कर विधिवत शिलान्यास किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्री सरदार ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गांव-गांव तक विकास की रोशनी पहुंच रही है। विधायक ने कहा चुनाव के समय ग्रामीणों से जो वादे किये थे, उन्हें अब एक-एक कर पूरा किया जा रहा है। शिलान्यास की गयी योजनाएं में तेंतला पंचायत (भूरसाडीह) पीसीसी पथ निर्माण (22,39,400 रुपये), नारदा पंचायत (लेढ़ोकोचा) में धूमकुड़िया भवन निर्माण (33,15,200 रुपये), फोड़ा तेंतला पंचायत (हितबासा) में धूमकुड़िया भवन निर्माण (33,15,200 रुपये) और धिरौल पंचायत (एदलगाजाड़ तक) में पीसीसी पथ निर्माण (40,26,800 रुपये) शामिल है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद हीरामणी मुर्मू, मुखिया मीरु सरदार, ग्राम प्रधान श्याम चरण सरदार, वकील बास्के, नरसिंह सरदार, श्याम चरण हांसदा, उदय बास्के, बोरों हांसदा, बास्ता हेंब्रम, महेश्वर बास्के, प्रदीप सिंह, हिमांशु सिंह, विश्वनाथ सोरेन, चिन्मय गोप, कीनू हांसदा, राजाराम बास्के शामिल रहे।

## एमजीएम हादसे पर भाजपा का तीखा हमला कहा : मंत्री इरफान अंसारी माफी मांगें



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** एमजीएम अस्पताल में लापरवाही के कारण हुई तीन मरीजों की मौत के बाद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी की संवेदनहीन टिप्पणी पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। रविवार को जमशेदपुर महानगर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सह पूर्वी के विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के बयान को बेशर्मी और ओछी मानसिकता का प्रतीक बताया। श्री यादव ने कहा हादसा मंत्री की नाकामी और लापरवाही का नतीजा है। गुंजन यादव ने कहा जिस अस्पताल की आधारशिला भाजपा सरकार ने रखी थी, उसकी अधूरी इमारत का चुनाव पूर्व उद्घाटन कर सस्ती वाहवाही लूटी गयी, जबकि आज वहां ऑक्सीजन प्लांट, ब्लड बैंक और ऑपरेशन थिएटर तक नहीं है। उन्होंने मंत्री द्वारा विधायक पूर्णिमा साहू पर की गई अभद्र टिप्पणी को महिला विरोधी मानसिकता का उदाहरण बताते हुए तत्काल माफी देने और इसकी उच्चस्तरीय जांच के लिए मांग की। भाजपा ने सीएम हेमंत सोरेन से अपील की वे ऐसे अक्षम और बड़बोले मंत्री को मंत्रिमंडल से बाहर करें।

## कपाली में जमीन विवाद ने पकड़ा तूल, महिला ने भू-माफियाओं पर लगाये गंभीर आरोप



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** सरायकेला जिले के कपाली ओपी क्षेत्र में जमीन विवाद एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। जादूगोड़ा निवासी महिला पार्वती सिंह ने स्थानीय भू-माफिया के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए।महिला के अनुसार उनके पूर्वजों की संपत्ति कपाली के हांसाडुगरी क्षेत्र में है, जिस पर अब कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा। उन्होंने पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में बताया उन्हें बार-बार धमकाया जा रहा है और वैध दस्तावेज होने के बावजूद उनकी जमीन हड़पने की साजिश रची जा रही है। महिला के भतीजे जो असम राइफल्स में कार्यरत हैं।उन्होंने ने जब वह मामले को लेकर कपाली पहुंचे, तो भू-माफियाओ ने उन्हें गाली-गलौज कर भगा दिया। उन्होंने प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की।इस मामले में पूजा कुंभकार नामक महिला ने भी दावा किया जमीन उनकी है और वे बीते 40 वर्षों से उसका देखरेख कर रही हैं। पूजा का आरोप है पार्वती सिंह द्वारा फर्जी कागजात के माध्यम से उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है भू-माफिया के बढ़ते मनोबल से आम जनता असुरक्षित महसूस कर रही है। वही कपाली पुलिस के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों पर निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है।

# एमजीएम हादसे को लेकर डालसा की टीम ने किया अस्पताल का दौरा

**घायलों और मृतक के परिजनों को हरसंभव सहायता का दिया आश्वासन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जमशेदपुर के मार्गदर्शन में डालसा की टीम ने एमजीएम अस्पताल का दौरा किया। रविवार को टीम ने एमजीएम अस्पताल में हादसे में घायल सुनील कुमार एवं टीएमएच में गंभीर रूप से घायल रेणुका देवी की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने घायल और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हरसंभव सहायता के लिए आश्वासन दिया। वहीं घटना में मौत हुई लुकास साइमन तिर्की, डेविड जॉनसन और श्रीचंद तांती की परिजनों की पहचान कर उन्हें विधिक सहायता एवं प्रक्रिया में सहयोग का आश्वासन दिए। मीडिया से वार्ता के दौरान बिमलेश कुमार सहाय ने कहा पीड़ितों को न्याय दिलाने और परिजनों को हरसंभव सहायता देने के लिए डालसा प्रतिबद्ध है। डालसा जमशेदपुर एवं सरायकेला की संयुक्त कोशिशों से सभी पीड़ितों के परिजनों से संपर्क स्थापित कर विधिक सहायता पहुंचायी जायेगी।

# झीमड़ी गांव धर्मांतरण विवाद पर दो समुदायों के बीच तनाव

### सांसद बिद्युत महतो ने पुलिस कार्रवाई पर उठाये सवाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल।** सरायकेला-खरसावां जिले के नीमडीह थाना क्षेत्र स्थित झीमड़ी गांव में हिंदू युवती के कथित जबरन धर्मांतरण और विवाह के मुद्दे को लेकर दो समुदायों के बीच तनाव है। हालात की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने झीमड़ी और आसपास के गांवों में धारा 144 लागू कर दी। इस संदर्भ में भाजपा सांसद बिद्युत वरण महतो ने एकता मंच के बैनर तले मुरुगडीह गांव में एक जनसभा की। उन्होंने नीमडीह थाना प्रभारी की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि रात 9 बजे पुरुष पुलिस बल भेजकर एक ग्रामीण महिला को घर से उठाकर पीटना और जेल भेजना कौन से कानून के तहत होता है। क्या यही न्याय व्यवस्था है। सांसद ने प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करते हुए चेताया यदि ग्रामीणों पर अत्याचार और पक्षपात बंद नहीं हुआ तो भाजपा जन आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक साधु चरण महतो की धर्मपत्नी सारथी महतो ने जबरन धर्मांतरण और विवाह को सामाजिक न्याय के विरुद्ध बताया। ग्रामीणों ने भी पुलिस प्रशासन पर हिंदू पक्ष के साथ पक्षपात करने का आरोप लगाया, जिससे जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। बैठक में सांसद बिद्युत महतो के साथ भाजपा नेता नीरज सिंह, सारथी महतो, वीरेंद्र महतो, सुदर्शन महतो, मधु महतो, गौतम महतो, मुखिया सुलोचना देवी, चिंटू सिंह, धर्मेंद्र सिंह, पद्मोलोचन महतो, मकर महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नक्सलवाद की जगह विकास की लकीर खींची जा रही है क्षेत्र में: एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़गड़।** बड़गड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बोडरी गांव स्थित आम बगीचा में शनिवार को सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि जिले के पुलिस कप्तान दीपक कुमार पाण्डेय सहित एएसपी राहुल देव बड़ाइक, रंका डीएसपी राहुल रंजन सिंह, इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्र उपस्थित थे। सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गढ़वा एसपी श्री पांडेय ने कहा की बड़गड़ जिले का सुदूरवर्ती थाना हैं यह क्षेत्र लंबें समय से नक्सलवाद की समस्या से ग्रसित था, लेकिन आज इस क्षेत्र का काला अध्याय समाप्त हो चुका है इस क्षेत्र से नक्सलवाद पुरी तरह समाप्त हो गया है। अब आपसी सहयोग से यहां की बेरोजगारी, पलायन, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होनें बाल विवाह, बाल श्रम जैसे गंभीर मुद्दों पर भी लोगों से अपील करते हुए कहा कि बाल विवाह बड़े अपराध की श्रेणी में आता है जो भी माता-पिता अपने लड़के या लड़कीयों की शादी बाल्य अवस्था में करते हैं वे सजा के भागीदार हैं।

सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत जिला पुलिस प्रशासन के द्वारा थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव के स्कूली छात्र-छात्राओं को पठन पाठन सामग्री सहित युवा वर्ग के खिलाड़ियों को खेल सामग्री के रूप में फुटबॉल किट, वालीबॉल किट, क्रिकेट किट आदि सहित किसानों को कृषि उपकरण और गरीब एवं असहाय महिला, पुरुषों के बीच साड़ी एवं धोती का वितरण किया गया। इस मौके पर उपरोक्त के अलावा बड़गड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार मोर्य, पुलिस पदाधिकारी राम सिंह गगराई, विजय कुमार राय, संतोष कुमार उपाध्याय, योगेन्द्र उरांव, मुखिया बिन्को टोप्पो, जंगलपती लकड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सोमा टोप्पो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन मींज, विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश आदी सहित काफी संख्या में विभिन्न गांवों के ग्रामीण महिला-पुरूष उपस्थित थे।

# गढ़वा से रांची पहुंचे 100 से अधिक वकील, मुख्यमंत्री का जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा राज्य के अधिवक्ताओं के लिए शुरू की गयी स्वास्थ्य बीमा योजना की सराहना करते हुए गढ़वा जिले के 100 से अधिक अधिवक्ता शनिवार को रांची पहुंचे। इन अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री से मिलकर इस ऐतिहासिक पहल के लिए उनका आभार जताया और उम्मीद जताई कि सरकार आगे भी अधिवक्ताओं के हित में ऐसे ही कदम उठाती रहेगी। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सरकारी वकील (गवर्नमेंट प्लीडर) परेश तिवारी ने किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह योजना राज्य के हजारों अधिवक्ताओं के लिए एक बड़ी राहत लेकर आई है। अधिवक्ताओं को अब स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों में आर्थिक मदद मिलेगी, जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा और वे निर्बाध रूप से न्याय व्यवस्था में अपनी भूमिका निभा सकेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत राज्य के पंजीकृत अधिवक्ताओं को पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जायेगा। इस अवसर पर गढ़वा व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता परशु राम तिवारी को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से स्वास्थ्य बीमा योजना का प्रमाणपत्र भी सौंपा। रांची में आयोजित इस सम्मान समारोह के दौरान वकीलों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखा गया। परेश तिवारी ने कहा कि हम सभी अधिवक्ता मुख्यमंत्री के इस निर्णय से बेहद प्रसन्न हैं। वर्षों से हम ऐसी योजना की उम्मीद कर रहे थे जो हमारे स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी दे सके। इससे अधिवक्ताओं को न सिर्फ आर्थिक राहत मिलेगी, बल्कि न्याय प्रणाली में उनकी सहभागिता और अधिक प्रभावी होगी। इस कार्यक्रम में गढ़वा जिला अधिवक्ता संघ के कई वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल हुए, जिन्होंने सरकार की इस पहल को मील का पत्थर बताते हुए राज्य के अन्य वर्गों के लिए भी ऐसी योजनाओं की अपेक्षा जताई। आभार करने पहुंचे अधिवक्ताओं में परशुराम तिवारी, परेश तिवारी के अलावा ओमप्रकाश उपाध्याय, धीरज कुमार दुबे, प्रत्यूष प्रतीक शांडिल्य, मंजूर अंसारी, दिग्विजय कुमार, पंचम सिंह, शशि भूषण तिवारी, संजय भारती, रवि शंकर दुबे सहित सैकड़ो अधिवक्ता शामिल थे।

### सरकारी स्कूलों में बच्चों का ठहराव पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला

# शिक्षकों के रचनात्मक प्रयास से सरकारी स्कूलों के बच्चे भी बनने लगेंगे आइपीएस: प्रखंड प्रमुख

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेराल।** झारखंड शिक्षा परियोजना व समग्र शिक्षा के तहत प्रखंड स्तरीय रुआर कार्यशाला का आयोजन प्रमुख दीपमाला कुमारी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, रुपू महतो के अलावा प्रखंड के दर्जनों स्कूलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यशाला में प्रखंड प्रमुख ने स्कूल से ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल से जोड़ने और उनके भविष्य को संवारने पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षकों के रचनात्मक प्रयास से सरकारी स्कूलों के बच्चे भी आइएएस और आइपीएस बनने लगेंगे। उन्होंने कहा कि मैं प्रखंड के कई स्कूलों का भ्रमण किया हूं, जिससे कह सकती हूं कि यहां शिक्षक अगर ईमानदारी से प्रयास करें तो प्राइवेट स्कूल की तरह सरकारी स्कूल में भी बच्चों का ठहराव होने लगेगा, बच्चे और बेहतर कर सकेंगे। बीईईओ ने स्कूल रुआर 2025 अभियान के उद्देश्यों को समझाते हुए कहा कि इस अभियान के तहत यह सुनिश्चित करना है कि शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन स्कूल में हो और ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए अभियान चलाना है। कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, रुपू महतो, बीपीओ, कोऑर्डिनेटर आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सीआरपी धर्मेंद्र मिश्रा ने किया।

# वाहन के धक्के से बाईक पर सवार पति-पत्नी और पुत्र घायल

आजाद सिपाही संवाददाता




**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बनसानी मुख्य पथ स्थित बडका आहर के समीप शनिवार की रात अज्ञात वाहन के धक्के से बाईक पर सवार पति, पत्नी और उनका दो वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों में सुरेंद्र राम, उसकी पत्नी सोनी देवी 28 वर्ष और पुत्र सृष्टि कुमार 2 वर्ष का नाम शामिल है। उक्त सभी को स्थानीय युवक इंद्रजीत, कुमार, राहुल सिंह, बसंत पासवान, रितेश कुमार, सीताराम सिंह और रामलखन सिंह ने घटनास्थल से उठाकर 108 एम्बुलैंस से ईलाज के लिए सीएचसी भवनाथपुर लाया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज हेतु तीनों को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है, कि उक्त दंपति अपने बेटे के साथ बाईक पर बैठकर खरौंधी के चंदनी गांव से भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बरवाबांध गांव में अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे, तभी बनसानी बड़का आहर के समीप मुख्य पथ पर विपरीत दिशा से आ रही एक अज्ञात वाहन धक्का मारकर फरार हो गया।

### यादव महासभा की जिला इकाई की बैठक संपन्न

# नये पदाधिकारियों की हुई घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता




**डंडई।** गढ़वा शहर के चिनिया रोड स्थित इंजीनियर श्यामदास सिंह यादव के आवास पर रविवार को यादव महासभा जिला इकाई, गढ़वा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता यादव महासभा के जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद यादव ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला स्तर पर संगठन के विस्तार और मजबूती को लेकर था। सर्वसम्मति से जिला कमेटी का पुनर्गठन करते हुए विभिन्न पदों पर जिम्मेदारियां सौंपी गयी। कमेटी में बीरेंद्र प्रसाद यादव, राजकिशोर यादव और जगदीश यादव को उपाध्यक्ष बनाया गया। महासचिव पद की जिम्मेदारी रंजीत यादव को सौंपी गई, जबकि सुनील कुमार यादव को कोषाध्यक्ष और अशोक यादव, बालमुकुंद यादव एवं लक्ष्मण यादव को सचिव पद का दायित्व सौंपा गया। युवा मोर्चा की कमान सोनू कुमार यादव को दी गयी, वहीं महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षता रिंकी देवी को सौंपी गयी। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रामजी प्रसाद यादव, श्यामदेव यादव, कन्हाई यादव, रूपेश यादव, उमाकांत यादव, संजय यादव, युवराज यादव, गोपाल कुमार यादव, अरविंद यादव, सुनील प्रसाद यादव, संतोष प्रसाद यादव तथा सत्येंद्र प्रसाद यादव को शामिल किया गया। बैठक के दौरान सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उत्साह का माहौल रहा और सभी सदस्यों ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद यादव ने कहा कि सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारी संगठन के हित में ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान और एकजुटता के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

# अनंत प्रताप देव ने मृतक के घर पहुंचकर शोक यक्त की, आर्थिक सहयोग किये



आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र में विगत दिनों घटित तीन अलग- अलग घटना की सूचना पर विधायक अनंत प्रताप देव मृतक के परिजनों के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ढढ़ास बढ़ाया। प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के चेचरिया झामुमो नेता परशु नारायण सिंह के पुत्र जितेंद्र सिंह की रिम्स में इलाज के दौरान मौत ,दूसरी घटना मुकुन्दपुर पंचायत के बेलावार गांव निवासी इमामुद्दीन अंसारी के पुत्र हसनैन अंसारी का सड़क दुर्घटना में मौत एवं तीसरी घटना विगत दिनों ट्रैक्टर चालक नावाडीह निवासी अशोक बैठा की ट्रैक्टर से ही दबने से मृत्यु हो गया था। इन सभी के घर विधायक पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट किया।

विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा इस तरह से जीवन की पहली पड़ाव में चले जाना दिल को झकझोर देता है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि सभी की आत्माओं को शांति प्रदान करें। वही विधायक के द्वारा परिजनों को आर्थिक सहयोग किया।मौके पर उपस्थित झामुमो नेता अमरनाथ पांडे, प्रदीप सिंह, विश्वनाथ पाल, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम, पंचायत अध्यक्ष सुशील यादव, अवध यादव, रमेश गुप्ता, राजू बैठा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मुखिया ने विकास सभी योजनाओं की समीक्षा की




आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** पंचायत स्तर पर मुखिया के द्वारा सभी विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आहुत किया गया। इस बैठक में पिपरीकला एवं पतिहारी पंचायत के सभी कर्मी उपस्थित होकर अपने अपने विभाग के सभी योजना संबंधित स्टोल लगाकर बैठे हुए थे। इस दौरान उपायुक्त शेखर जमुआर ने दोनों पंचायत पिपरीकला एवं पतिहारी पंचायत का दौरा किया। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त शेखर जमुहार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, वीडियो राजेश कुमार समीक्षात्मक बैठक में उपस्थित हुए। बैठक में विभिन्न विभाग का अधिकारी जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, पेय जल, आंगनबाड़ी केंद्र, आदि के पंचायत स्तरीय कर्मियों का विभागीय योजना का कार्यक्रमों का बारी-बारी से समीक्षा की गयी। इस मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर, जिला आपुर्ति पदाधिकारी, बीडिओ राजेश कुमार, सहित पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, प्रखंड कर्मी, पंचायत के सभी प्रधानाध्यापक पंचायत के सभी डीलर, आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया, पंचायत के सभी वार्ड सदस्य, सभी रोजगार सेवक उपस्थित थे।

# बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय का इंजीनियरिंग, बीसीए और डिप्लोमा परीक्षा का परिणाम घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** तीन मई 2025 (शनिवार) को बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय ने फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के विभिन्न परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया। बताते चलें कियह फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग की पहली परीक्षा थी। जिसमें शत प्रतिशत परीक्षार्थी सफल रहे हैं। बीसीए (सत्र 2024-27)में सोनू कुमार पाल ने सबसे अधिक 8.50 एसजीपीए प्राप्त किए हैं और डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग (सत्र 2024-27) में 9.84 एसजीपीए लाकर अनुराग ठाकुर सबसे ऊपर रहे हैं ।बीटेक के सभी कोर्सों (सत्र 2024-27) में सबसे अधिक नंबर सुजय कुमार को मिला है, जिन्होंने 9.84 एसजीपीए लाये हैं। यह सारी परीक्षाएं फरवरी-मार्च 2025 में आयोजित की गयी थी। परीक्षा फल प्रकाशित होने के बाद बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने संकयाध्यक्ष पंकज कुमार और उस विभाग के सभी शिक्षक एवं गैर-शिक्षक को अच्छे परीक्षा फल के लिए बधाई दिया है। इस मौके पर इस विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो डॉ एमके सिंह ने भी सभी परीक्षाथ्रीयो को बधाई और सुनहरे भविष्य के लिए और अधिक मेहनत करने के लिए बोले हैं।

### महर्षि वेद व्यास परिषद ने किया विधायक प्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन

# योजनाओं का लाभ दिलाकर समाज को करें सशक्त: डॉ कुलदेव

**अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी हो मछुआ आयोग का गठन हो : रामाशंकर चौधरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** महर्षि वेदव्यास परिषद जिला इकाई गढ़वा के तत्वाधान में विधायक प्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संगठन के माध्यम से मनोनीत विधायक प्रतिनिधियों को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले और सरकारी सेवा में योगदान करने वालों को भी पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया और उनका मनोबल बढ़ाया गया। मुख्य रूप से उपस्थित महर्षि वेदव्यास परिषद झारखंड के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ कुलदेव चौधरी ने कहा कि पूरे झारखंड में निषाद समाज से एक भी विधायक नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन खुशी इस बात की भी है कि कम से गढ़वा और विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से विजय हुए विधायकगणों ने अपना प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत किया है। विश्रामपुर विधानसभा से बसंत चौधरी और गढ़वा विधानसभा से दिनेश चौधरी को विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। इसके लिए संगठन की ओर से बहुत बहुत आभार व्यक्त करते हैं और आशा करते हैं कि निषाद समाज के विकास में आपका महत्वपूर्ण योगदान हो, ताकि लोग समान अधिकार के साथ अपना जीवन यापन कर सकें। इसके अलावा चुनाव के पश्चात पलामू लोकसभा के सांसद महोदय से वात्तार्लाप हुई थी, उम्मीद करते हैं कि बहुत जल्द सांसद प्रतिनिधि के रूप में भी घोषणा की जायेगी। परंतु इसके लिए समाज के भी गणमान्य लोगों के साथ-साथ सभी माताओं-बहनों, युवा साथियों को भी ईमानदारी के साथ मेहनत करना पड़ेगा, एक दूसरे से सामंजस्य बनाकर रणनीति के साथ कार्य करना होगा, तभी आने वाली पीढ़ी को हम सशक्त बना पायेंगे। मत्स्य विभाग के अंतर्गत मछली पालन, प्रशिक्षण रोजगार, सब्सिडी,आवास, बीमा आदि के बारे में भी बताने की जरुरत है। वहीं रामाशंकर चौधरी ने झारखंड सरकार से अन्य राज्यों की तरह झारखंड में भी मछुआ आयोग का गठन का मामला उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गढ़वा जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार एवं संचालन युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर चौधरी ने किया। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमलाल चौधरी, विद्वत प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम चौधरी, चंद्रदेव चौधरी, पूर्व मुखिया नंदू चौधरी, लालमुनी चौधरी आदि उपस्थित थे।

### एसडीओ ने नशा उंमूलन को लेकर बच्चों और बुजुर्गों से किया संवाद

# शराब सड़क दुर्घटना और विधि व्यवस्था समस्याओं की बड़ी वजह है : एसडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जल्द ही सदर अनुमंडल क्षेत्र में अवैध शराब और ऐसे ही नशे के व्यापार के विरुद्ध सामाजिक प्रशासनिक एकजुटता से एक प्रभावी अभियान की शुरूआत होगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के कई गांव ऐसे हैं जहां पर लोगों ने अवैध शराब निर्माण को अपनी जीविका का साधन बना लिया है, ऐसे लोग इस व्यवसाय को भय या दंड की वजह से कुछ दिन के लिए कम कर देते हैं पर कुछ ही दिनों में फिर शुरू कर देते हैं। किंतु अगर उन्हें इस व्यवसाय से हमेशा के लिए दूर करना है तो उनके व्यवहार में परिवर्तन लाने की आवश्यकता है। इसको लेकर इसी सप्ताह सामाजिक प्रशासनिक सहभागिता से एक बड़े अभियान की शुरूआत की जायेगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग अपने कामकाजी परिजनों को इस व्यवसाय में तौबा करवाने के लिए अच्छे प्रेरक की भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे अपने माता-पिता को जितनी अच्छी तरह से समझा सकते हैं उतनी अच्छी तरह से और कोई नहीं समझा सकता है। वे उन्हें समझाएं कि अवैध शराब बनाने और बेचने का कार्य न केवल अपराध है बल्कि अनैतिक होने के कारण समाज में हेय दृष्टि से देखा जाता है। कुछ इसी प्रकार गांव के बुजुर्गों से भी संजय कुमार ने इस सामाजिक पहल में सहयोग का अनुरोध किया।वन विभाग, पुलिस विभाग, उत्पाद विभाग, पंचायती राज संस्थाएं, सामाजिक संस्थाएं, स्वयं सहायता समूह, मीडिया, सोशल मीडिया आदि की मदद से व्यवहारात्मक परिवर्तन हेतु एक अभियान इसी सप्ताह शुरू किया जायेगा। अक्सर नशेड़ी लोग लूटपाट, चोरी, रैश ड्राइविंग आदि गतिविधियों में शामिल पाए जाते हैं किंतु इसके पीड़ित भुक्त भोगी वे लोग हो जाते हैं जिनका नशे से कोई मतलब नहीं है। इसलिए समाज के हर व्यक्ति को नशा के विरुद्ध किसी भी अभियान में स्वैच्छिक रूप से शामिल होना चाहिए।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 05 मई, 2025
www.azadsipahi.in



# तालाब में डूबने से दो मासूमों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** शहर के आजाद रोड के रहने वाले दो मसूम बच्चों की रविवार को तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतकों में 11 वर्षीय अब्दुल समद और नौ वर्षीय हमजा अंसारी शामिल हैं। एक साथ दो मासूमों की इस तरह की मौत ने सभी की आंखों को नम कर दिया। अब्दुल समद, रांची के टेंडर हर्ट स्कूल में कक्षा चार का छात्र था। फिलहाल अपने दादा मो मन्नान अंसारी के पास खूंटी में रह रहा था। उसके पिता राजा मुराद सऊदी अरब में काम करते हैं। हमजा अंसारी, आइडियल स्कूल में पढ़ता था वह काफी चंचल, हंसमुख बच्चा था। वह सब्बन अंसारी का इकलौता पुत्र था। रविवार को अपराह्न लगभग एक बजे गर्मी से राहत पाने के लिए चार बच्चे महादेव मंडा के पीछे बने एक अधूरे डोभा में नहाने गये थे। मासूमों को क्या पता था कि यह ठंडा पानी उनकी जिंदगी लील लेगा। दो बच्चे नहाने उतरे और फिर कभी ऊपर न आ सके। अन्य दो बच्चों ने शोर मचाकर लोगों को बुलाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और दोनों बच्चे मौत के आगोश में जा चुके थे।

घटना की सूचना मिलते ही शहर के लोग शोक संतप्त परिवार कें घर पहुंचे। बच्चों के स्वजनों के क्रंदन से सभी की आंखें नम हहो गयी। मृतक के रिश्तेदार मो अजहर ने बताया कि रविवार था और चार बच्चे दूसरी बेला खेलने की बात कहकर निकले थे, लेकिन वे नहाने के लिए तालाब चले गये। नहाने के दौरान तालाब में डूबने से उनकी मौत हो गयी। खालिक हुसैन ने बताया कि बच्चे खेलने के की बात कह कर घर से निकले थे और वे चारों बच्चे गिरजा टोली के पीछे एक तालाब में पहुंचे और नहाने लगे। दो बच्चे डूब गए। आनंन-फानन में उन्हें निकाल कर सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# डकरा में तेज आंधी में पेड़ के गिरने से घर हुआ क्षतिग्रस्त



डकरा में क्षतिग्रस्त घर का हाल बताता पीड़ित।

**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा सेंट्रल अस्पताल के समीप शनिवार की शाम तेज आंधी में कटहल का पेड़ के गिरने से अस्पताल के बगल में रहने वाले राकेश कुमार का घर पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। राकेश कुमार ने बताया कि शाम में आयी तेज आंधी में घर के बगल में लगा एक कटहल का पेड़ उनके घर की छत पर गिर गया। पेड़ गिरने से उनके घर के तीन कमरों की छत पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। उन्होने बताया कि पेड़ गिरने के क्रम में कमरों में कोई भी परिजन नही था जिसके कारण परिजन बाल-बाल बच गए। उन्होने बताया कि घर के क्षतिग्रस्त होने से परिवार के लोगों के समक्ष काफी परेशानी खड़ी हो गई है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर कांग्रेस प्रदेश सचिव इंदिरा देवी तुरी ने राकेश कुमार के घर पहुंचकर उनका हाल जाना। साथ ही उन्होने खलारी अंचलधिकारी से पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की मांग किया है।

# रोहिणी परियोजना के सीसीएल कर्मी की सड़क दुर्घटना में मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



प्रदीप करमाली की फाइल फोटो।

**खलारी।** रोहिणी परियोजना के माइनिंग सरदार प्रदीप करमाली की शनिवार को छतीसगढ़ में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। घटना छतीसगढ़ के जशपुर में हुआ। जहां प्रदीप करमाली अपने दोस्तों के साथ कार से एक शादी पार्टी में गया था। शनिवार की शाम में लौटने के क्रम में जशपुर के पास कार के ऊपर पेड़ गिर गया जिससे प्रदीप की तत्काल मौत हो गया। वही कार में अन्य साथी घायल हो गए।

घटना की जानकारी मिलने पर रोहिणी परियोजना के माइनिंग स्टाफ एव कामगारो के बीच शोक की लहर दौड़ गया। प्रदीप करमाली मूल रूप से प्रदीप करमाली रांची जिला ओरमांझी प्रखंड के टुंडा हुली के बीजान का रहने वाला था। वे रोहिणी परियोजना में कार्यरत थे और रोहिणी कॉलोनी के क्वार्टर में रहते थे। प्रदीप के निधन पर रोहिणी परियोजना के अधिकारियों एव कामगारों ने शोक सभा आयोजित कर शोक व्यक्त किया है। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से उसकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

शोक व्यक्त करने वाले लोगों में परियोजना पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद, मैनेजर दीपक कुमार, सुधीर कुमार सिंह, अमृत भोगता,ध्वजा राम धोबी, नरेश प्रसाद, अजय प्रसाद, नीतीश कुमार, संजय प्रसाद, राघवेंद्र पासवान, बिरेंन पासवान,रामा उरांव, जसवंत पांडेय, रंजन सिंह, सूरज प्रधान मुंडा, नागेंद्र उरांव, ऋषिदेव प्रसाद, रामस्वरूप राम, चन्दा कुमारी, एतवारिया देवी, रिझू गंझू, रूपलाल गंझू, बुधुवा उरांव, अभय नारायण राम सहित कई कामगार शमिल थे।

## रामानंद तिवारी बने दपू रेलवे जोन परामर्शदातृ समिति के सांसद प्रतिनिधि



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी के जानेमाने अधिवक्ता और कांग्रेस के पूर्व महामंत्री रामानंद तिवारी को सांसद कालीचरण मुंडा ने दक्षिणी पूर्व रेलवे जोन की परामर्शदात्रि समिति का सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया है। तिवारी को सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा, प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, सहकरिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन खां, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, रविकांत मिश्रा, सुनीता गोप, ओमप्रकाश मिश्रा, गोपाल भगत, शांता खाखा, हेलेन तिडू, सुषमा भेंगरा, मगरीता खेस, जुनैद खान, सोहेल अंसारी, जेम्स तोपनो, फिरोज आलम, जुलियूस भेंगरा आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

## पाकिस्तानियों को चिह्नित करने की मांग राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेगी भाजपा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिले में अवैध रूप से रह रहे पाकिस्तानियों को अविलंब चिह्नित कर उन्हें वापस पाकिस्तान भेजने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी खूंटी की ओर से सोमवार को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा जाएगा। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा और तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी भाजपा के जिला उपाध्यक्ष संजय साहू ने दी।

## सारूगड़ा में खुली डाकघर की शाखा





**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी सब डिवीजन अंतर्गत सारूगड़ा डाकघर शाखा (मुरहू उपडाकघर एसी ऑफिस) का उदघाटन रविवार को सारूगड़ा के समाजसेवी लखन मुंडा ने पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार किया। इस अवसर पर बंदगांव डाकघर की शाखा डाकपाल बहालेन टूटी, सारुगड़ा शाखा डाकपाल अमृता देवी, लक्ष्मण पूर्ति, मोगो पूर्ति, संगी पूर्ति, उअल पूर्ति, बुधवा कंडुलना, बसंती पूर्ति, अनीषा भेंगरा, अजय कुमार समेत अन्य गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे। सारुगड़ा शाखा डाकघर सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र में खोला गया है। इसके लिए ग्राम प्रधान सहित अन्य लोगों ने डाक विभाग के डाक निरीक्षक दीपक कुमार का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस सुदूरवर्ती गांव में डाकघर खुलवाने में सहयोग किया। नवनियुक्त शाखा डाकपाल सारुगड़ा अमृता देवी ने कहा कि डाक विभाग की सभी सेवाओं जैसे बचत खाता, आरडी खाता,टीडी खाता, ग्रामीण डाक जीवन बीमा योजना, डाक जीवन बीमा योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास करुंगी।

## झारखंड रग्बी (बालक वर्ग) की टीम में खूंटी के छह खिलाड़ी शामिल



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा छह से नौ मई तक पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स पटना में आयोजित होनेवाली खेलो इंडिया यूथ गेम्स प्रतियोगिता के लिए झारखंड रग्बी (बालक वर्ग) की टीम आज रांची से रवाना हुई। टीम में खूंटी जिले छह खिलाड़ियों को झारखंड टीम में शामिल किया गया है। टीम में जिन खिलाड़ियो को शामिल किया गया है, उनमें नामजन मुंडू, अजित नाग, अभय होरो, उत्तम धान, सुशांत बाघवार तथा अजय पाहन शामिल हैं। टीम का कोच अभिषेक टूटी को बनाया गया है। ज्ञात हो कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स में पहली बार रग्बी को शामिल किया गया है, जिसमें देश की टॉप आठ टीमों का चयन अंडर 18 नेशनल टूनामेंट से किया जाता है। झारखंड की टीम नेशनल टूनामेंट में क्वालीफाई कराने में खूंटी के खिलाड़ियों का भरपूर योगदान रहा। इसके कारण 12 सदस्यों की टीम में खूंटी के छह खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु जालान, वरीय उपाध्यक्षकृष्ण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, महासचिव हेजाज असदक, कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता सहित कई खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

# पिपरवार के तरवां में बेमौसम बारिश में वज्रपात से बच्चे और पांच पशु की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के किचटो पंचायत अन्तर्गत ग्राम तरवां में शनिवार को अचानक हुई बेमौसम वज्रपात और तेज बारिश के दौरान एक दर्दनाक घटना घटी। इस घटना में ग्राम तरवां का 13 वर्षीय बालक सौरभ कुमार, जो महुआ के पेड़ के नीचे बारिश से बचने गया था, वज्रपात (गिरे हुए पेड़ की शाखा) की चपेट में आकर मौत हो गयी। इसी घटना में स्थानीय निवासी जोधी महतो (पिता स्व. महावीर महतो) की पांच बकरियों की भी मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक बालक सौरभ कुमार संदीप राम का इकलौता बेटा था। अचानक आयी बारिश से बचने के लिए वह महुआ के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया, जहां अचानक पेड़ की एक बड़ी शाखा टूट कर गिर गयी।

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने उसे निकाला, लेकिन तब तक वह जिंदा नहीं बचा। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा टंडवा अंचलाधिकारी विजय दास को घटना की सूचना दी गयी। साथ ही आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा वज्रपात से हुई मौत के मामले में परिजनों को 4 लाख रुपये का मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया है।

वहीं पिपरवार थाना प्रभारी को भी इस घटना की जानकारी दे दी गयी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक आये तूफान और ओलावृष्टि से क्षेत्र में कई पेड़ों को नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने प्रशासन से खतरनाक पेड़ों की कटाई और मौसम चेतावनी व्यवस्था सुधारने की मांग की। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। परिवार वालों के साथ-साथ ग्रामीण भी इस अप्रत्याशित दुर्घटना से स्तब्ध हैं। इस घटना के पश्चात तरंवा के ग्रामीणो एवं परिजनो द्वारा तत्काल उपचार के लिए उक्त बालक के शरीर में गोबर चिपकाया गया हैं।

वहीं इस घटना को लेकर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि वज्रपात से बालक की हुई मौत का पोस्टमार्टम के पश्चात आपदा प्रबंधन द्वारा तत्काल चार लाख की मुआवजा राशि सहित मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता राशि दाह संस्कार को लेकर पिपरवार प्रशासन द्वारा दी जायेगी।

## डकरा में कोलफील्ड मजदूर यूनियन उत्तरीकर्णपूरा क्षेत्र (सीएमयू) की बैठक

### संयोजक मंडली का हुआ गठन, अध्यक्ष मुबारक अंसारी बने



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा वीआईपी सभागार में रविवार को कोलफील्ड मजदूर यूनियन उत्तरीकर्णपूरा क्षेत्र (सीएमयू) की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुबारक अंसारी और संचालन दिवाकर साव (टुन्नु साव) ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन के केन्द्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विनय सिंह मानकी तथा विशिष्ट अतिथि इस्लाम अंसारी एवं रविन्द्र बैठा भी उपस्थित थे। बैठक में सीएमयू असंगठित मजदूरों के हक अधिकारों के बारे चर्चा किया गया। साथ ही कई निर्णय भी लिया गया। जिसमे मुख्य रूप से एक संयोजक मण्डली का गठन किया गया जो अगले 60 दिनों के अन्दर स्थायी असंगठित मजदूर कमेटी की घोषणा किया जायेगा। बैठक के बाद ग्यारह सदस्यों का एक संयोजक मण्डली का भी गठन किया गया। जिसका अध्यक्ष मुबारक अंसारी को बनाया गया। वहीं कार्यकरणी सक्रिय सदस्यों में उपेंद्र ठाकुर, कृष्णा उरांव, सरफराज खान, सुरेंद्र चैहान, अजमुल अंसारी, मनोज यादव, दिवाकर साव(टुन्नु साव), मिथलेश चैहान, श्याम महतो और सतीश कुमार को चुना गया। इस बैठक में मुख्य रुप से सुरेंद्र चैहान, सरफराज खान, सतीश कुमार, मुबारक अंसारी, मनोज कुमार यादव, अजमुल अंसारी, कृष्णा उरांव, नरेश गंझू, उपेन्द्र कुमार ठाकुर, मिथलेश चैहान, बिनोद सतनामी, रवींद्र बैठा, दिवाकर कुमार, कुंदन कुमार, अख्तर खान, श्याम महतो सहित आदि लोग उपस्थित थे।

## कोयला कामगारों के राष्ट्रीय कन्वेंशन में शामिल होने पहुंचे हरभजन सिंह सिद्धू, किया गया स्वागत





**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीएमपीडीआई रांची में 05 मई सोमवार को आयोजित होने वाले कोयला कामगारों के राष्ट्रीय कन्वेंशन में बतौर उद्घाटकर्ता के रूप में शामिल होने के लिए रविवार को रांची पहुंचे हरभजन सिंह सिद्धू महामंत्री, एचएमएस सह हिन्द खदान मजदूर फेडरेशन का जनता मजदूर संघ के पदाधिकारियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान होटल रेडिशन ब्लू में जनता मजदूर संघ महामंत्री सिद्धार्थ गौतम ने हरभजन सिंह सिद्धू को बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। साथ ही जनता मजदूर संघ सहित एचएमएस के अन्य सम्बद्धय यूनियनों के पदाधिकारियों ने भी हरभजन सिंह सिद्ध का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। स्वागत करने वालों में जनता मजदूर संघ के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, जनता मजदूर संघ के एनके एरिया अध्यक्ष गोल्डेन प्रसाद यादव, आशीष दुबे, मंतोष सिंह, पवन कुमार आदि शामिल थे।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

# ब्राह्मण समाज के पुरोधा थे भगवान परशुरामः सतीश

आजाद सिपाही संवाददाता





**खलारी।** खलारी कोयलांचल क्षेत्र के केडी नेहरू क्लब में सर्व ब्राह्मण महासभा खलारी पिपरवार के द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस जन्मोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार तिवारी और संचालन अवधेश उपाध्याय और दिनेश पांडेय उर्फ घंटू ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विकास दुबे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम भगवान परशुराम की विधिवत पूजा अर्चना और आरती की गई। इसके बाद उपस्थित सर्व ब्राह्मण महासभा के सभी सदस्यों ने बारी-बारी से जाकर भगवान परशुराम के चित्र पर फूल चढ़ाकर पूजा किया। कार्यक्रम के दौरान अमित मिश्रा, प्रिंसी पांडय, पीहू पांडेय, अर्श मिश्रा, अक्षित मिश्रा, विश्वजीत घोषाल, प्राची पांडेय, दिव्यानि पांडेय समेत अन्य बच्चों ने भगवान परशुराम पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से क्षेत्र के सभी मंदिरों में पूजा करने वाले पुजारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में शामिल होने वाले सैकड़ों ब्राह्मण परिवारों के बीच भगवान परशुराम की तस्वीर भेंट की गई। परशुराम जयंती कार्यक्रम के अवसर पर उपस्थित सभी वक्ताओं ने उनके जीवन और पराक्रम की गाथा की जानकारी दी। सर्व ब्राह्मण महासभा के संरक्षक मंडली के सतीश कुमार पांडेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा ब्राह्मण समाज के पुरोधा थे भगवान परशुराम, उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज के लोगों को संस्कारों पर अडिग होकर निभाने और सभी को एक सूत्र में संगठित रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि ब्राह्मणों का जन्म समाज कल्याण के लिए हुआ है इसलिए समाज की सभी लोगों के सहयोग में आगे रहना है। बी एन पांडेय ने कहा कि भगवान परशुराम जी के बताएं मार्ग पर चलते हुए समाज के उत्थान के लिए कार्य करने की जरूरत है। सभी विधाओं से परिपूर्ण भगवान परशुराम क्रोधी के साथ-साथ पराक्रमी के रूप में भी देवताओं के बीच में जाने जाते थे। जन्मोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर क्षेत्र के सभी ब्राह्मणों को एकजुट होने का अवसर मिला है। जितेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के अवतार हैं जो हमेशा पुजनीय हैं। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नव कुमार बनर्जी, राजीव मिश्रा, एस एन तिवारी, अनिल कुमार कुंवर, निशा कुमारी, मिथिलेश शर्मा, रवि भारद्वाज, सोनु पांडेय, अनिल कुमार पांडेय, धीरेंद्र कुमार शर्मा, एसके दुबे, अजय दुबे, बीबी पांडेय, पंकज कुमार मिश्रा, गिरधर तिवारी, रमेश शर्मा, पुष्पा देवी, आशीष कुमार तिवारी, अजय कुमार दुबे, सोनु तिवारी, मनीष तिवारी, जसवंत पांडेय, बाल्मिकी दुबे, अवधेश पाण्डेय, शंभू नाथ पांडेय, अजय शुक्ला, अभिमन्यु तिवारी उपस्थित थे।

## निकोलस हुन्नी पूर्ति के पुरोहिताभिषेक समारोह में शामिल हुए सुदीप गुड़िया



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** संत मिखाइल गिरजाघर बंदगांव में खूंटी धर्मप्रांत के उपयाजक निकोलस हुन्नी पूर्ति के पावन पुरोहिताभिषेक समारोह में तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया शामिल हुए। उन्होंने नव अभिषेक प्राप्त पुरोहित को शुभकामना देते हुए कहा कि बंदगांव की धरती से बहुत सारे व्यक्तित्व उभर कर आये हैं। मेरा विश्वास है कि आपके नेतृत्व में हम सभी निरंतर आगे बढ़ते जाएंगे। कार्यक्रम में बिशप विनय कंडुलना, फादर बिशु, जिला परिषद सदस्य सुशांति कोनगाड़ी, दियांकेल मुखिया शिशिर टोपनो, अजीत टोपनो, अनुज गुड़िया, अरमान टोपनो और विभिन्न क्षेत्रों से आये मसीही विश्वासी मौजूद थे।

## हल्माद भुलि में मंडा पूजा पर छऊ नृत्य

**मुरी (आजाद सिपाही)।** हल्माद भुलि में मंडा पूजा के अवसर पर छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला परिषद सदस्या वीणा देवी ने फीता काट कर किया। वीणा देवी के पहुंचने पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर उनका स्वागत किया। छऊ नृत्य कलाकारों के द्वारा धार्मिक कथाओं पर आधारित प्रस्तुत की गयी। इसे सफल बनाने में स्थानीय कमेटी के अध्यक्ष संजय मंडल, सचिव भुनेश्वर बेदिया, कोषाध्यक्ष मिथुन बेदिया,उप कोषाध्यक्ष राज किशोर बेदिया, सदस्य तारकेश्वर बेदिया, परमेश्वर, नागेश्वर, कामेश्वर, नेबा मंडल, चमन, दुबराज, डोमन, देवेंद्र, प्रदीप, सचिन, विकास, गोदेशवर, महावीर, राजेन्द्र, मुकेश, आनंद, शिबू, राजू, सागर, शंभु, लालदेव, जयपाल, अशोक, सीओ महेंद्र मंडल, दीपू आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

## तमाड़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के शिव पूजा समिति कोरलोंदा की ओर से विराट छऊ नृत्य, बूगी वूगी डांस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आजसू पार्टी केंद्रीय समिति सदस्य हीरालाल दास, तमाड़ पूर्वी प्रभारी अनिल कुमार महतो, गांव के समाजसेवी अशोक सिंह मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। हीरालाल दास ने आयोजकों को कहा कि गांव कस्बों में इस तरह की आयोजन होते रहना चाहिए, जिससे कि हमारी संस्कृति जीवित रहे। इसके आलावा कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि दिवाकर पातर, जारगो पंचायत उप मुखिया हीरालाल महतो, समाजसेवी अभिषेक उरांव ,सम्मानित अतिथि दीनबंधु स्वासी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु प्रमोद पुरान, संतोष पुरान, राजेन्द्र सिंह मुंडा, अनिल पुरान, दिगम सिंह मुंडा, सुखराम सिंह मुंडा, रणजीत पुरान, जगतसिंह पुरान, जनक पुरान आदि की मुख्य भूमिका थी।

## अखंड हरिकिर्तन में खीर प्रसाद का वितरण



**बुंडू (आजाद सिपाही।)** राधा रानी मंदिर में हो रही अखंड हरिकिर्तन में समाजसेवी खुशबू मुखर्जी ने लोगों को खीर प्रसाद का वितरण किया उन्होंने कहा कि मैं अपने तरफ से भगवान को खीर चढ़ाई और सभी लोगों को खीर वितरण किया इसमें परिवार के लोग साथ रहे।

## विधायक रामसूर्या मुंडा ने शहीद सुनील धान को दी श्रद्धांजलि, कहाः बाला मोड़ में स्थापित होगी प्रतिमा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी विधायक रामसूर्या मुंडा ने सोमवार को शहीद सुनील धान को उनके पैतृक गांव कर्रा प्रखंड के कांटी पोरहा टोली पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। विधायक ने शहीद के स्वजनों से मुलाकात कर उन्हें हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि बाला मोड़ में शहीद सुनील धान की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। बताते चलें कि झारखंड पुलिस के द्वारा चलाये गये नक्सल विरोधी अभियान के दौरान पश्चिमी सिंहभूम जिला के सुरक्षा बलों द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर सारंडा के जंगल इलाके को घेर कर सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में 12 अप्रैल को सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गयी थी। उसी दौरान सुनील धान घायल हो गये थे। इलाज के दौरान वे शहीद हो गये थे।

## सुरेश बैठा ने किया सुकुरहुटू गांव में कालीकरण और पीसीसी पथ का शिलान्यास

# निगरानी कमेटी बनाकर की जायेगी सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच : विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांके।** रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार, नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से रविवार को कांके प्रखंड के सुकुरहुट्टू सरना टोली से लेकर रिंग रोड तक लगभग 2.5 किलोमीटर कालीकरण और पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सुरेश बैठा, उप प्रमुख अंजय बैठा और मुखिया अनीता मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि कांके क्षेत्र के सुकुरहुट्टू गांव को पूर्व के सभी विधायक हमेशा विकास के नाम पर नजरअंदाज करते रहे है। पूर्व के विधायक यहां की जनता से सिर्फ वोट लेते रहे हैं। इन 35 सालो से सुकुरहुट्टू के सरना टोली गांव की यह सड़क जर्जर अवस्था में थी। बरसात के दिनों में चलने का लायक नहीं था। मैंने चुनाव के दौरान ही इस सड़क को बनाने का वादा किया था। आज सुकुरहुट्टू के लोगों को इस सड़क की सौगात दे कर अपना वादा पूरा कर रहा हूं। वहीं, सुकुरहुट्टू के तेलिया टंगरा टोली की सड़क भी बरसात से पहले पहले बना दिया जाएगा। विधायक ने संवेदक को चेताते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी तरह के गुणवत्ता पर अनियमिता नहीं बरती जानी चाहिए। शिकायत मिलने पर कार्रवाई भी की जाएगी। इस दौरान सड़क कार्य निगरानी कमेटी भी बनाई जाएगी, जो सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखेगी। इस मौके पर उप प्रमुख अंजय बैठा, मुखिया अनीता मुंडा, झामुमो नेता समनूर मंसूरी, मो फुरकान, दिलेशर महतो, अजीजुल अंसारी, संजीव महतो, बिनोद साहू, हरिनाथ साहू, गौरी शंकर महतो, मनीष महतो, संजू देवी आदि मौजूद थे।



पीसीसी पथ निर्माण कालीकरण कार्य का शिलान्यास करते कांके विधायक सुरेश बैठा एवं अन्य गणमान्य लोग।

# जैलेंद्र कुमार ने की जरूरतमंद की मदद

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** रामदगा निवासी जीतू महतो (52) का विगत दिनों निधन हो गया था। परिजनों की ओर से श्राद्ध में सहयोग के लिए कामेश्वर महतो ने भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार से संपर्क किया। इसके बाद जैलेंद्र कुमार उनके घर जा कर नगद एवं खाद्य सामग्री पत्नी दुती देवी एवं पुत्र अरुण महतो, अनुज महतो को दिया। उनके साथ भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष कामेश्वर महतो, भाजपा एससी मोर्चा के जिला महामंत्री संजय नायक, सोनू बेदिया, जगेसर महतो और गोपाल महतो आदि उपस्थित रहे।



# स्कॉलरशिप के नाम पर 600 स्कूली बच्चों से लाखों रुपये की ठगी, एक हिरासत में

**धनबाद।** स्कॉलरशिप के क्विज के नाम पर धनबाद के 600 स्कूली बच्चों से लाखों रुपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। इसका खुलासा उस समय हुआ, जब करीब 500 बच्चे रविवार को धनबाद पॉलिटेक्निक में क्विज में हिस्सा लेने पहुंचे। यहां उन्हें पता चला कि यहां किसी तरह की स्कॉलरशिप के लिए क्विज नहीं है। इसके बाद एक दर्जन से अधिक बच्चे धनबाद थाना पहुंचे और लिखित शिकायत की। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और उससे पूछताछ कर रही है।



### एडमिट कार्ड लेकर पहुंचे थे स्कूली बच्चे

**स्कॉलरशिप के लिए होने वाली क्विज के लिए धनबाद पॉलिटेक्निक में 500 से ज्यादा विद्यार्थी रविवार को एडमिट कार्ड लेकर पहुंचे थे। सुबह से ही धनबाद पॉलिटेक्निक में भीड़ लग गयी। किसी को अंदर जाने नहीं दिया जा रहा था। इस दौरान कुछ छात्रों ने कॉलेज में मौजूद लोगों से स्कॉलरशिप के लिए क्विज के बारे में पूछा, तो बताया गया कि इस तरह का कोई क्विज नहीं है।**

### क्या है मामला

खरखरी नावागढ़ निवासी प्रिया चटर्जी, तेतुलमारी के दीपक कुमार व तन्नु चौबे ने बताया कि दो माह पहले उनकी कोचिंग में एक सर आये। कहा कि स्कॉलरशिप के लिए फर्स्ट माइंड रिजनल टैलेंट सर्च क्विज होना है. इसमें प्रथम आने वाले को 30 हजार, द्वितीय को 20 हजार रुपये दिये जायेंगे. इसके अलावा कई तरह प्राइज का प्रलोभन दिया गया है। यह भी बताया गया कि यह परीक्षा देने से आगे की पढ़ाई में स्कॉलर भी मिलेगी। इसके बाद हम लोगों से 250-250 रुपये फॉर्म के नाम पर लिया गया. लगभग 600 से ज्यादा स्टूडेंट्स दो साल पहले फॉर्म भर चुके थे. सभी को परीक्षा के लिए रविवार को बुलाया गया था। यहां आने पर पता चला कि हमलोगों के साथ ठगी हुई है।

# कांके थाना में नये इंस्पेक्टर ने दिया योगदान

**कांके (आजाद सिपाही)।** इंस्पेक्टर प्रकाश रजक को कांके थाना का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। वे 2012 बैच के हैं। फिलहाल वे तमाड़ अंचल के इंस्पेक्टर के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने रविवार को पदभार संभाल लिया। उनको इंस्पेक्टर सुशील कुमार की जगह प्रभारी बनाया गया है। वहीं इंस्पेक्टर सुशील कुमार को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। इसी वर्ष चार फरवरी को ही सुशील कुमार को इंस्पेक्टर केके साहू की जगह थाना प्रभारी बनाया गया था। लेकिन सुशील कुमार की कार्यशैली और व्यवहार की लगातार शिकायत वरीय अधिकारियों को मिल रही थी। क्षेत्र के लोग सीधे उनसे संपर्क नहीं साध पाते थे, क्योंकि वे अपने पास ना तो सरकारी मोबाइल रखते थे और ना ही थाना में उनसे मिलने की कोई समय सीमा ही निर्धारित थी। साथ ही उनके अजीबोगरीब व्यवहार से आमजन से लेकर क्षेत्र के प्रबुद्ध लोग काफी असहज महसूस कर रहे थे। नए थाना प्रभारी प्रकाश रजक कांके थाना के समीप हुए वरीय भाजपा नेता सह समाजसेवी अनिल टाइगर हत्याकांड के लिए बनाए गए एसआईटी टीम में भी शामिल थे, जिसने मामले का त्वरित उद्भेदन किया था। इंस्पेक्टर प्रकाश रजक का सब इंस्पेक्टर बम शंकर यादव, राजकुमार तिग्गा, कफील अहमद, रौशन कुमार, टिंकू रजक सहित अन्य अधिकारियों और कर्मियों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।



# सांसद प्रतिनिधि के प्रयास से दुरुस्त हुआ खराब ट्रांसफॉर्मर

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** बरगावां देवी मंडप स्थित श्री शिवेश्वर हनुमान मंदिर के सामने लगे ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी को रविवार को ठीक कर दिया गया। यह कार्य सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह के प्रयास से संभव हो पाया। पिछले कई दिनों से मंदिर परिसर में लगी रेलिंग में करेंट आ रहा था, जिससे श्रद्धालुओं को पूजा-पाठ में भारी असुविधा हो रही थी। इस समस्या के कारण मंदिर आने वाले भक्तों की सुरक्षा पर भी खतरा बना हुआ था। वहीं, छह मई से शुरू हो रही मंडा पूजा को देखते हुए समस्या का समाधान और भी जरूरी हो गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह ने कार्यपालक अभियंता राजेश मंडल से दूरभाष पर बात की। अभियंता ने तत्परता दिखाते हुए टीम भेजकर ट्रांसफार्मर की मरम्मत कराई, जिससे मंदिर परिसर में फैली विद्युत समस्या का समाधान हो सका। मनोज सिंह ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में ट्रांसफार्मर को वर्तमान स्थान से हटाकर किसी सुरक्षित स्थान पर स्थापित किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी समस्याएं दोबारा उत्पन्न न हो।



## आरसेटी में 13 दिवसीय वाणिज्यिक बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बैक ऑफ इंडिया आरसेटी खूंटी मे चल रहे 13 दिवसीय प्रषिक्षण का समापन समारोह रविवार को आयोजित किया गया। 22 अप्रैल से जारी प्रशिक्षण में विभिन्न प्रखंडों के 33 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। दुमका से आयीं प्रशिक्षिका स्नेहली हेम्ब्रोम ने प्रशिक्षुओं को वाणिज्यिक बागवानी से संबंधित विभिन्ना पहलुओं की जानकारी व प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का अंतिम मुल्यांकन नेशनल एकेडमी ऑफ रूडसेटी के विवेकानंद भगत और नीरज गुप्ता ने किया। प्रषिक्षण के दौरान बागवानी संबंधी उन्नत बीजों और खादों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विभिन्न मौसमों में फलने वाले फलों व वृक्षों की जानकारी के साथ उन्हें उन्नत बीजों व पौधों को रोपने का सही तरीका बताया गया। इसके अलावा प्रशिक्षुओं को पेड़-पौधों की सही देखभाल और ज्यादा फलदार वृक्षों की जानकारी दी गई। बागवानी खेती के व्यावसायीकरण व ज्यादा मुनाफे के तरीकों की भी जानकारी दी गई। इसके अलावा उन्हें बागवानी के आधुनिकरण, विस्तारीकरण एंव व्यावसायिक रणनीति का भी प्रशिक्षण दिया गया। बागवानी प्रषिक्षण के समापन समारोह में आरसेटी खूंटी के वरिष्ठ संकाय सदस्य सुशील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाणीकरण पत्र सौंपा और उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरसेटी के संजय कुमार, सतनाम कंडुलना, निर्मल हेमरोम व जितेन्द्र महतो ने योगदान दिया।

# लापुंग के गरई में सरना झंडा गाड़ी सह प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** सापूकेरा पंचायत के गरई गांव में नवा सरना झंडा गाड़ी वर्षगांठ सह प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि मगरा मुंडा, विशिष्ट अतिथि सापुकेरा पंचायत की मुखिया सबिता उरांव और पूर्व पंसस नसीम आलम उपस्थित हुए। इस अवसर पर मांगरा मुंडा ने कहा कि हम सभी को अपनी आदिवासी परंपरा को बनाए रखना है। सरना धर्म प्रकृति के पुजारी हैं और इसकी रक्षा करनी है। वहीं, सबिता उरांव ने कहा कि अपने धर्म, रीति रिवाज एवं परंपरा को बनाए रखें। सुनील उरांव ने कहा कि अपनी संस्कृति को ना भूले। एक गोत्र में शादी-विवाह नहीं होता। इसे बनाए रखें। शादी विवाह, जन्म, मरण के अलावे आदिवासी में 12 महीना में 12 राग रागिनी होता है। इस मौके पर सुषमा मुंडा, विजय बारला, पंकज खाखा, सुनील उरांव हुए। सरना झंडा गड़ी के आयोजक सह संरक्षक सुनील बारला,अध्यक्ष एतवा मुंडा ने कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी।



# खलारी प्रखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक में संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने पर हुई चर्चा

### मजहर आलम कांग्रेस में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक जेहलीटांड़ में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सलामत अंसारीह्व ने किया। बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि रांची जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) शमीम अख्तरह्न एवं रांची जिला अध्यक्ष एससी सेल रोशन लाल ने पूर्व भाजपा नेता मजहर आलमह्व को कांग्रेस पार्टी में शामिल कराया। कांग्रेस में शामिल होने पर मजहर आलम ने कहा कि ह्लमैं कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों, नीतियों और केंद्रीय नेतृत्व से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ा हूँ। मैं पार्टी के हित में अनुशासित रहकर काम करूंगा और झारखंड के विकास में योगदान दूंगा। वहीं बैठक में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने मजहर आलम के कांग्रेस में स्वागत करते पार्टी की एकजुटता, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लक्ष्य को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। साथ ही बैठक में 6 मई को रांची के पुराने विधानसभा मैदान में आयोजित होने वाली ह्लसंविधान बचाओ रैलीह्वह्न पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। सभी नेताओं ने क्षेत्र के लोगों से इस रैली में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष साबीर अंसारी, रांची जिला महासचिव राजेश सिंह मिंटू, रांची जिला कोषाध्यक्ष तनवीर आलम, मंडल अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, विधायक प्रतिनिधि जावेद अंसारी, विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद बशीर, विधायक प्रतिनिधि सलामत अंसारी, सुल्तान अंसारी, इस्लाम अंसारी और नबी जान अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी हलक सूखे

## शुद्ध पानी की आस, ग्रामीण कुआं का पानी पीने को मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की ओर से 14वें और 15वें वित्त मद की 2.5 लाख रुपये की लागत से बने जलमीनार और वर्तमान में चल रही नल जल योजना मद में करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बाद भी लोगों के घरों में शुद्ध पानी नहीं पहुंच पा रहा है। पिछले पांच साल से चल रही इन योजनाओं की हकीकत यह है कि आज भी गांव के अधिकांश घरों में एक बूंद पानी की सप्लाई नहीं हो पाई है। गांव के लोग कुंआ से ही पानी पीने को मजबूर हैं। जबकि गरीबों के नाम पर बन रही नल जल योजन के नाम पर लूट जारी है। करोडों रुपये खर्च होने के बावजूद ठूंठ बनी टंकियां एवं आधे अधूरे टंकी चीख-चीख कर कह रहे हैं कि सारा रुपया पानी में बह गया। गांव के लोग आज भी पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। पानी के बिना आज भी लोगों के हलक सूखें है। विभाग द्वारा फाइलों में योजना को शत- प्रतिशत पूरा करने का दावा किया जा रहा है, लेकिन जमीन पर इसकी हालत काफी खस्ताहाल है। कहीं जलमीनार आधे अधूरे है तो कहीं सूखी टंकी बदहाली की कहानी कह रही है। प्रखंड क्षेत्र के 17 पंचायत के 84 गांवों में बने नल-जल योजना के तहत जिस जलमीनार का निर्माण किया गया वहां से एक भी घर में शुद्ध पानी नहीं पहुंचा। योजना में गड़बड़ी को लेकर वरीय पदाधिकारियों से शिकायत भी की गई। लेकिन प्रखंड प्रशासन की ठेकेदारों से तालमेल होने की वजह से जनता की आवाज दब गई। यही कारण है कि आमलोग आज भी तालाब एवं कुएं के पानी से काम चला रहे हैं। सरकार ने योजना तो चलाई लेकिन इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिला। जिम्मेदारों की साठ गांठ से यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। यहां के दर्जनों गांव में अब भी नल-जल योजना बंद है। ग्रामीण पेयजल के लिए जूझ रहे हैं लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। सिर्फ आश्वासन पर आश्वासन दिया जाता है। गांव-गांव विकास का दावा करने वाली सरकार के दावे धरातल पर आज भी खोखले हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार पेयजल व्यवस्था की मांग की गई लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई हैं।



# कुच्चू में महायज्ञ के चौथे दिन पहुंचे केंद्रीय कोयला मंत्री

## पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने किया भव्य स्वागत

**जब जब होए धर्म की हानी, तब तब भगवान प्रकट होते हैं :पंडित अतुल कृष्ण भारद्वाज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के कुच्चू स्थित जगदंबा शिव संकट मोचन मंदिर में आयोजित श्री श्री 1008 शिव शक्ति हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के चौथे दिन धार्मिक उत्साह चरम पर रहा। हवन, पूजन, मंत्रोच्चार और सत्संग के बीच श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष दिव्यता प्रदान की। इस धार्मिक कार्यक्रम में भारत सरकार के कोयला मंत्री सतीश चंद्र दुबे, पुर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, लक्ष्मी कांत बाजपेई, कर्मवीर सिंह, रविंद्र राय दीपक प्रकाश, अमर बाउरी, मनीष जयसवाल ,नवीन जायसवाल, खीरू महतो, भानु प्रताप साही, सुदर्शन महतो कुमकुम देवी, शकुंतला देवी विशेष रूप से मंदिर प्रांगण पहुंचे। जिन्हें राज्यसभा सांसद आदित्य साहू पुर्व सांसद रामटहल चौधरी व आयोजन समिति के लोगों ने उनका स्वागत व आत्मीय अभिनंदन किया। साथ ही मां दुर्गा की (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया। अनुष्ठान में सीसीएल के वरीय पदाधिकारी आलोक गुप्ता, रंधीर चौधरी, अमरनाथ चौधरी, दिलीप मेहता, राजेश गुप्ता, दीपक बड़ाइक, रामकुमार महतो, शशि मेहता, राजधाम साहू, शिव कुमार मेहत, शंकर महतो, संतोष गुप्ता, कुन्दन साहू संतोष कुशवाहा, आनंद महतो, दुर्गा शंकर साहू सत्यनरायण तिवारी, उमाशंकर साहू उपस्थित रहे।

कोयला मंत्री ने कहा महायज्ञ न केवल सनातन संस्कृति की गरिमा को बढ़ाता है, बल्कि समाज को भक्ति, सेवा और एकता के सूत्र में भी बांधता है। राम कथा में कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज ने भगवान श्री राम जन्म को बहुत ही अलौकिक ढ़ंग से प्रस्तुत करते हुए कहा जब जब धर्म की हानी होती तब तब भगवान प्रकट होते हैं ।यज्ञ के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष रामटहल चौधरी ,राज्य सभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, अरविंद प्रसाद, संजय कुमार, अंकित राज, रंधीर चौधरी, नागेंद्र साहू, प्रेम कुमार, कृष्णा महतो, बालक महतो, भरत गुप्ता, अमित कुमार, शशि भुषण, कुलदीप कुमार, दिलेश्वर साहू, रविंद्र महतो, दिलीप भंडारी, आशीष साहू, विजय आनंद, चंद्र भूषण मेहता, राकेश कुमार, राम प्यारे महतो समेत महायज्ञ समिति के सभी पदाधिकारी लगे हुए हैं।



# पारिवारिक विवाद को डायन बिसाही के मामले में कर दिया गया परिवर्तित

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बारीडीह पंचायत अंतर्गत कोएना गांव में डायन बिसाही जादू टोना जैसा एक मामला प्रकाश में आया। मामले की छानबीन के लिए एसडीओ चैनपुर ने उक्त गांव का दौरा किया। जांच के बाद पता चला कि यह मामला पारिवारिक विवाद का मामला है। और इस पारिवारिक विवाद को जादू-टोना से जोड़ दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी, चैनपुर द्वारा चैनपुर प्रखंड के बारीडीह पंचायत अंतर्गत कोएना गांव का दौरा किया गया। बीते 3 मई को यह सूचना मिली थी कि उक्त टोले में कुछ ग्रामीणों द्वारा कथित तौर पर टोले के ही किसी व्यक्ति पर जादू-टोना करने संबंध में शिकायत की गयी थी। इस मामले को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा उक्त टोले में जाकर मामले की छानबीन की। जिसके बाद यह ज्ञात हुआ कि यह पारिवारिक विवाद का मामला है और इस पारिवारिक विवाद को जादू-टोना से जोड़ दिया गया। इस मामले में एसडीओ, चैनपुर द्वारा सुबह ग्रामीणों के साथ बैठक की। वर्तमान में उक्त टोले में स्थिति सामान्य बतायी जा रही है।



**आधारभूत सुविधाएं से वंचित है यह गांव :** बैठक के उपरांत एसडीओ, चैनपुर ने उक्त टोले में भ्रमण कर वहां उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी भी ली। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उक्त टोले में बोरिंग खराब है जिसके कारण पेयजल की समस्या है। इसके साथ ही यहां बिजली की समस्या भी है। सोलर पैनल के जरिए बिजली उपलब्ध करायी गयी है, लेकिन वर्तमान में वह सोलर पैनल खराब है। इसके अतिरिक्त यहां अबूआ आवास की भी जानकारी ली गयी। बताया गया कि छूटे हुए लोगों का आवास हेतु सर्वे पूर्ण कर लिया गया है। भ्रमण उपरांत एसडीओ द्वारा पेयजल एवं बिजली की समस्या के लिए जांच कर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिए गए।

इस दौरान अंचल अधिकारी, एसआइ, कुरूमगढ़, मुखिया, महिला पर्यवेक्षिका एवं ग्रामीण वहां उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत, पिता गंभीर



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के तीन सीमानी बोरांग मोड़ स्थिति बाइक के पेड़ में टकरा जाने से जम्टी नवाटोली निवासी संतोष उरांव 40 वर्ष की स्थिति गंभीर हो गयी जबकि उसके पुत्र अमृत उरांव 12 वर्ष की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। मृतक की मां ने बताया कि मेरे पति वह पुत्र रविवार को बनालात स्थित लगने वाला साप्ताहिक हाट गये थे। जहां से साग सब्जी खरीदने के बाद बाइक में सवार होकर वे दोनों लौट रहे थे तभी वे तीन तीन सिमानी बोरांग मोड पहुंचे जहां पर बाइक का संतुलन खराब हो गया और सड़क किनारे स्थित एक पेड़ से जा टकराया जिससे मेरे पुत्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी राहगीरों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और उक्त दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया जहां अमृत उरांव को चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। जबकि मृतक के पिता संतोष का प्राथमिक उपचार उपरांत बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## डुमरी का युवक गुरदरी थाना क्षेत्र से लापता



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** गुरदरी थाना अंतर्गत रांगे गांव ईट बनाने आये डुमरी थाना क्षेत्र के उदनी पंचायत स्थित चड़ी पाठ गांव निवासी 40 वर्षीय राजेश केरकेट्टा पिछले 9 दिनों से लापता है। रागें निवासी दीलबर खेरवार बताते हैं कि वह मेरा ईट बनाने एक माह पूर्व मेरा आया था जहां वह ईट बनाने का काम कर रहा था। परंतु पिछले 26 अप्रैल को गांव में सरहुल पर्व का वासी तेवासी चल रहा था। इसी दौरान वह गांव के कुछ लोगों से निकाला और लौट कर नहीं आया ना ही अपने घर चड़ी पाठ पहुंचा। मेरे एवं उसके परिजन के द्वारा उसका काफी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है परंतु उसका कुछ भी पता नहीं चल रहा है जिसको लेकर गुरदरी थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया है। फिर भी उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। वह हल्का लाल टी-शर्ट एवं नीचे सोर्स पहना हुआ है अगर किसी को यह दिखाता है तो परिजन के मोबाइल नंबर 8987881607/ 7321932388 जानकारी देने का आग्रह किया है। जानकारी देने वालों को 1000 इनाम स्वरूप दिया जायेगा।

## मारवाड़ी समाज ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी समाज की बैठक अध्यक्ष पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में पोद्दार स्मृति भवन में हुई। राजकमल राजगढ़िया की माताजी शारदा देवी की आकस्मिक निधन पर उनके आत्मा की शांति के लिए 1 मिनट का मौन रखा गया। ततपश्चात राजगढ़िया के घर जाकर श्रद्धांजलि दी गयी साथ ही शोकाकुल परिवार को समाज द्वारा ढाढस बांधते हुए कहा गया कि माताजी बहुत धार्मिक विचार की थी। राज कुमार अग्रवाल, गोविंद खंडेलवाल, कृष्णा नरसरिया, बृज किशोर फोगला, दिनेश गाड़ोदीया, पवन उदयपुरिया, आदित्य कुमार नरसरिया, अमित कुमार साबू, संजय अग्रवाल, पवन कुमार शर्मा, संजय अग्रवाल, सुरेश फोगला, राजकुमार गाड़िया, अनिल कुमार अग्रवाल अमित गाड़िया, जगदीश मालानी, हरि मालानी, मनीष शर्मा, अमित अग्रवाल, शंकर लाल जाजोदिया, प्रमोद कुमार गाड़ोदिया बैठक में उपस्थित थे।

## पेंटिग प्रतियोगिता सह सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला में दो हजार लोगों ने लिया भाग

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** एसआइपी एबीएसीयूएस और सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा कक्षा 3 से कक्षा 7 तक के बच्चों के द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा थीम पर पेंटिंग करना था। गुमला के विभिन्न स्कूलों से आये परिभागी जिसमें डॉन बॉस्को स्कूल, डीएवी स्कूल, नेट्रोडम स्कूल, शिशु मंदिर स्कूल और अन्य स्कूलों के लगभग 2000 बच्चों के साथ उनके परिवार के अभिभावक भी आए थे जिनके लिए जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया था। सभी अभिभावक से सड़क सुरक्षा के थीम के विषय में बात की गई और पूछा गया की गुमला को एक्सीडेंट से बचाने के लिए आप सभी को सुरक्षा पालन करने की जरूरत है। हेलमेट हेलमेट और हेलमेट , गाड़ी चलाने से पहले इसको नजरअंदाज करना बड़ा खतरनाक हो सकता है। भले आपको पड़ोस में ही राशन लेने क्यों ना जाना पड़े हेलमेट बहुत जरूरी है।

एसआइपी एबीएसीयूएस के प्रतिनिधि ने सभी अभिभावक से बच्चों के मोबाइल इस्लेमाल को लेकर भी सबको जागरूक किया गया। मोबाइल एक नशा है जो बच्चों के फ्यूचर को खराब करता है, इस नशे की वजह से बच्चे खाना, पीना, बोलना , पढ़ना सब में कंजूसी करना चालू कर देता है। इस दौरान आये लोगो को यातायात नियमो एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी व यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से एसआइपी एबीएसीयूएस के प्रतिनिधि और सड़क सुरक्षा के प्रबंधक प्रभास कुमार, रोड इंजीनियरिंग एनलिस्ट प्रणय काशी और आइटी सहायक मंटू रवानी शामिल थे।

## वृद्ध महिला की कुएं में डूबने से मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेलागड़ा ग्राम निवासी वृद्ध महिला सोमार देवी की मौत कुआं में डूबने से हो गयी। घटना रविवार अहले सुबह की बतायी जा रही है। घटना का बाबत परिजन सुरेंद्र उरांव ने बताया कि रविवार की सुबह लगभग साढ़े 5 बजे वह उठकर वह अपने कुआं की ओर गया। तो देखा कि टॉर्च जल रहा है। टॉर्च जलते देखा। वह कुएं के करीब पहुंचा तो देखा कि सोमांरी देवी का शव कुएं के पानी के ऊपर तैर रहा है। सुरेंद्र ने घर वालों की इसकी सूचना दी। थाने को भी इसकी सूचना दी गयी। जहां पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया और पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। वही परिजन ने यह भी कहा कि सोमारी सुबह उठकर शौच के लिए निकली होगी और उक्त कुआं में फिसल कर जा गिरी होगी। जिससे उसकी मौत हो गयी।

## डायन बिसाही का आरोप लगाकर महिला से मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के धोधरा पाकईर टोली निवासी 40 वर्षीय महिला सोमारी देवी पति घासी उरांव के साथ रविवार दिन के 2 बजे गांव के ही कुछ लोगों ने डायन बिसाही का आरोप लगाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद परिजन महिला को सदर अस्पताल लेकर आये जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी देते हुए सोमारी देवी ने बताया करीब एक माह पूर्व ट्रैक्टर से दबाकर तेतरु उरांव की मौत हो गयी थी वह शराब के नशे में था और ट्रैक्टर चला रहा था तभी ट्रैक्टर से गिरने से चक्का उसके शरीर में चढ़ गया और उसकी मौत हो गयी। उसके मौत का जिम्मेदार उसके परिवार वाले मुझे ही मानते हैं। कई बार डायन बिसाही बोलकर जान से मारने की धमकी भी दी है। बीते बुधवार को अंकित उरांव की मां हंसुआ लेकर मुझे मारने आयी थी। आज इसी मामले को लेकर गांव में पंचायत होना था तभी गांव के अंकित उरांव, पुनई उरांव अंगनी देवी, बंधु उरांव, आशीष उरांव मेरे घर आए। इसके बाद अंकित मुझे घर से बाल पकड़कर घसीटकर बाहर निकाला। इसके बाद लात घुसो से मुझे जमकर मारपीट किया। जब मैं बेहोश हो गयी तो वे लोग चले गये। घायल महिला का पति दूसरे प्रदेश में मजदूरी करता है। सोमारी अपने 12 वर्षीय बेटे के साथ घर पर रहती है। घटना के बाद वह काफी डरी सहमी है। मामले को लेकर परिजन सोमवार को गुमला थाना में आवेदन देने की बात कह रहे हैं।

## आंधी-तूफान में उड़ा घर का एस्बेस्टस



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के डुको पंचायत के खपिया गांव में आंधी तूफान से महिला कुवारी देवी के घर का एस्बेस्टस हवा में उड़कर जमीन पर जा गिरा। जिससे अल्बेस्टर टूट गयी। वही घर में रखे राशन के चावल भी भींग कर बर्बाद हो गये। इस संबंध में पीड़ित कुवारी देवी ने बताया कि तेज हवा आंधी बारिश के कारण उसके घर के अल्बेस्टर पूरी तरह उड़कर जमीन पर जा गिरे। इसके साथ ही घर में रख खाने के राशन चावल भी पानी से भींग कर बर्बाद हो गये। इस घटना में लगभग?70 हजार रुपए से ऊपर की आर्थिक नुकसान होने की बात कही। पीड़िता ने अंचल प्रशासन से मुआवजा की मांग की है। साथी अभी बताया कि वह ईट भट्ठा में मजदूरी कर कमाने गयी थी। जिसके बाद ईट भट्ठा से पैसे कमाकर लौटने के उपरांत घर बनायी थी। तेज आंधी बारिश के कारण पूरी एस्बेस्टस उड़ गयी। सहयोग की अपील भी की है।

## गुमला में भामाशाह की जयंती मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भामाशाह चौक पर जल्द ही भामा शाह की प्रतिमा स्थापित की जायेगी। यह निर्णय पिछ्ले दिनों राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन जिला गुमला की ओर से अयोजित भामाशाह की जयंती पर लिया गया था। नीलेश कॉम्प्लेक्स भवन के सभागार में अयोजित इस समरोह में तेली समाज पुरोधा महा दानवीर भामाशाह की जीवनी बतायी गयी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप नीलेश पूर्व भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शकुन्तला उरांव, समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेश कुमार लाल, मंच संचालन संजय कुमार साहू, एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ पदाधिकारी सरजू प्रसाद साहू ने की। मुख्य अतिथि दिलीप नीलेश ने अपने वक्तव्य में सभी स्वजातीय बन्धुओं को आपसी मतभेद भुला कर एकजुट रहने का आह्वान किया,एवं गुमला में भामाशाह चौक पर उनकी एक प्रतिमा लगाने का भी सुझाव दिया जिसे सभी लोगों ने एकमत से सहमति जतायी। अपने सम्बोधन में जिला अध्यक्ष महेश कुमार लाल ने भामाशाह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश भक्ति का जज्बा भामाशाह जी के योगदानों से सीखने की जरूरत है।

जिला अध्यक्ष ने उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष दिलिप नीलेश, गोपाल कुमार महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा गायत्री देवी, भाजपा नेत्री शकुन्तला उरांव, नीलाम्बर साहू, मनोज कुमार मुन्ना सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित कर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिलीप कुमार नीलेश शकुन्तला उरांव, गायत्री देवी, महेश कुमार लाल, पवन कुमार गुप्ता, संजय कुमार साहू मुन्नीलाल साहु, सरजू प्रसाद साहू समेत सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिकल सेल के खिलाफ गुमला में मुहिम

# 31 तक शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग का लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिकल सेल एनीमिया के खिलाफ जंग में गुमला जिला प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। जिले की 70% से अधिक आबादी आदिवासी समुदाय से संबंध रखती है, जहां यह आनुवंशिक रक्त विकार अत्यधिक व्यापक है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर जांच कराकर इस गंभीर बीमारी से बचाव में सहयोग करें। ज्ञात हो कि जिले में कुंडली मिलाओ ना मिलाओ, सिकल सेल जांच जरूर कराओ नामक अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान एसपीएमसीआइएल कोलकाता और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयासों से संचालित हो रहा है। इस पहल के तहत 0-40 वर्ष आयु वर्ग के 8.5 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य तय किया गया है। अब तक, 2 फरवरी 2025 तक 7,04,736 लोगों की जाँच पूरी की जा चुकी है, जो राज्य के अन्य जिलों की तुलना में सबसे अधिक है। सिकल सेल रोग लाल रक्त कोशिकाओं को प्रभावित करता है, जिससे मरीज को गंभीर दर्द, अंगों के नुकसान और कम जीवन प्रत्याशा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। रोग की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने सिकल सेल पीड़ितों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने का निर्णय लिया है, ताकि वे आवश्यक सामाजिक और आर्थिक सहायता के पात्र बन सकें। जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट किया है कि यदि 31 मई तक लक्ष्य पूरा हो जाता है, तो गुमला झारखंड का पहला ऐसा जिला बन जायेगा, जहां शत-प्रतिशत पात्र नागरिकों की सिकल सेल स्क्रीनिंग संपन्न हो चुकी होगी। प्रशासन ने शेष नागरिकों से अपील की है कि वे शीघ्र ही अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उपकेंद्र या जिला अस्पताल में जाकर जांच कराएं और इस महत्त्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियान का हिस्सा बनें। यह न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि भावी पीढ़ियों को भी सिकल सेल से सुरक्षित रखने का उपाय है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## परिजनों ने वृद्ध महिला को अस्पताल में छोड़ा मिशन बदलाव की टीम ने ली जिम्मेदारी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल गुमला में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। घाघरा प्रखंड के छठ मोहल्ला निवासी 65 वर्षीय वृद्धा फुलमनी कुजूर को इलाज के नाम पर परिजन अस्पताल में भर्ती कराकर चुपचाप छोड़कर भाग गये। यह मामला तब सामने आया जब मिशन बदलाव की जिला सचिव सैय्यदा खातून और नगर अध्यक्ष ज्योति कुमारी वर्मा अस्पताल विजिट पर पहुंचीं। टीम को अस्पताल के रूम नंबर 224, बेड नंबर 09 पर वृद्ध महिला अकेली, बेहद बीमार अवस्था में मिली। नर्स ने जानकारी दी कि फुलमनी कुजूर टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) से ग्रसित हैं और उन्हें समय पर दवा देना अत्यंत आवश्यक है। उनके पास कोई देखरेख करने वाला नहीं है, न ही आशा कार्यकर्ता सहिया बेबी देवी मौजूद हैं। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही है और फेफड़ों में पानी भर गया है। लंबे समय से भूखी फुलमनी ने फल खाने की इच्छा जाहिर की, जिसे देखते हुए मिशन बदलाव ने उन्हें फल और ब्रेड उपलब्ध कराये। साथ ही अस्पताल प्रबंधक प्रवीण एक्का को भी सूचना दी गयी ताकि भोजन की समुचित व्यवस्था की जा सके। ज्योति वर्मा ने कहा कि टीबी से ग्रसित मरीजों से डरने की जरूरत नहीं, बल्कि उनका सहयोग कर जान बचाना हमारी जिम्मेदारी है। परिजनों द्वारा महिला को बेसहारा छोड़ना निंदनीय है। इस संबंध में जल्द ही थाना में शिकायत दर्ज करायी जायेगी। मिशन बदलाव ने जिला प्रशासन और पुलिस से अपील की है कि वे इस मामले को गंभीरता से लें और वृद्ध महिला को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठायें। अस्पताल प्रबंधन द्वारा इलाज की हरसंभव कोशिश की जा रही है, और उम्मीद की जा रही है कि समय पर इलाज से उनकी जान बचायी जा सकेगी।

## स्पोर्ट्स



कोलकाता की टीम 11 मैचों में 5 में जीत और 5 हार के साथ अंक तालिका में छठे नंबर पर पहुंच गई है। वहीं राजस्थान की टीम 12 मैचों में तीन में जीत और नौ में हार के साथ 8वें नंबर पर मौजूद है

# केकेआर ने आरआर को एक रन से हराया


आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का 53वां मुकाबला रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में केकेआर ने आरआर को मात्र एक रन से हरा दिया। कोलकाता के इडेन गार्डेंस स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में केकेआर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 206 रन बनाये। जवाब में राजस्थान की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 205 रन ही बना सकी और एक रन से मुकाबला हार गयर। इस मुकाबले में जीत के साथ कोलकाता की टीम 11 मैचों में 5 में जीत और 5 हार के साथ अंक तालिका में छठे नंबर पर पहुंच गयी है। वहीं राजस्थान की टीम 12 मैचों में तीन में जीत और नौ में हार के साथ 8वें नंबर पर मौजूद है। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल को पहले ही ओवर में वैभव सूर्यवंशी के रुप में बड़ा झटका लगा। वैभव इस मैच में जल्दी आउट हो गये और मात्र 4 रन बना सके। अगले ओवर में कुणाल सिंह राठौर बिना खाता खोले आउट हो गए। दो विकेट जल्दी गंवाने के बाद सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कप्तान रियान पराग ने अच्छी साझेदारी की और छह ओवर की समाप्ति तक टीम के स्कोर को 50 रन के पार पहुंचा दिया। दोनों बल्लेबाजों के बीच 50 रन से ज्यादा की साझेदारी हो गई थी, इस बीच यशस्वी बड़ा शॉट मारने की कोशिश में कैच आउट हो गये। यशस्वी ने 21 गेंदों में 5 चौके और एक छक्के की मदद से 34 रन बनाये। फिर आठवें ओवर में राजस्थान को दो झटके लगे। पहले ध्रुव जुरेल और फिर वानिंदु हसरंगा बिना खाता खोले आउट हो गये। आधी टीम के पवेलियन लौटने के बाद रियान पराग ने शिमरॉन हेटमायर के साथ पारी को आगे बढ़ाया।

## चैतू उरांव ने संविधान बचाओ रैली में भाग लेने का किया आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा के संविधान बचाओ रैली पुराना विधानसभा धुर्वा रांची में आयोजित है। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के माननीय अध्यक्ष श्री मल्लिका अर्जुन खड़गे जी महासचिव संगठन प्रभारी श्री केसी वेणुगोपाल झारखंड प्रदेश के राजू पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शाह प्रभारी डॉक्टर वेल प्रसाद सहित कई प्रमुख राष्ट्रीय कांग्रेस नेता शामिल होंगे। गुमला जिला के 12 प्रखंडों के कार्यकर्ता रांची रैली में भाग लेने के लिए उत्साहित है पंचायत से लेकर जिला तक के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में संविधान बचाओ रैली में भाग लेने के लिए तमाम प्रखंड अध्यक्षौ ने अपने प्रखंड में पंचायत अध्यक्षों एवं बूथ अध्यक्षों को ज्यादा से ज्यादा रैली में भाग लेने के लिए निर्देश दिया गया। हमें उम्मीद है कि संविधान बचाओ रैली झारखंड के लिए मिल का पत्थर साबित होगा राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मल्लिकार्जुन खड़गे के आने से संगठन धारदार और मजबूत होगा झारखंड का विकास की गति और तेज हो जायेगी ।

## संवेदक संघ को कुछ संवेदक कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं: संतोष गुप्ता

**गुमला (आजाद सिपाही)।** संवेदक संघ के खिलाफ कुछ संवेदकों के द्वारा संगठन के पदाधिकारीयों पर जो आरोप लगाया गया है वह पूर्णत निराधार है यह कहना है संवेदक संघ के अध्यक्ष संतोष गुप्ता गुड्डू का। वे रविवार को दूरभाष पर आजाद सिपाही से बात कर रहे थे। उन्होने कहा कि आरोप लगाने वाले ये वही संवेदक है जो पूर्व में भी संगठन को कमजोर करने का प्रयास किए थे। एसीए मद का पेमेंट विभाग के द्वारा एक कमेटी गठित कर किया गया है इसमें संगठन के पदाधिकारी किसी तरह से सम्मीलित नहीं है। एसीए मद का पेमेंट सभी संवेदकों का हो जाय इसके लिए लोहरदगा गुमला के पदाधिकारियों के द्वारा कई बार रांची भी जाकर प्रयास किया गया है। संगठन आज भी एकजुट है यह संगठन संवेदको के ऊपर हो रही समस्याओं के समाधान के लिए ही बना है। परंतु अपनी ओछी मानसिकता के कारण कुछ संवेदकों के द्वारा संगठन को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। संवेदक संघ के किसी भी पदाधिकारी के द्वारा पद का दुरुपयोग नहीं किया गया है और अगर वैसी कोई बात है तो संगठन एक परिवार है परिवार के बीच में बैठकर इसका समाधान निकाला जा सकता है संगठन अपनी तीन वषों का कार्यकाल को निष्ठा के साथ पूरी करेगी संवेदकों के द्वारा संगठन को जो सहयोग किया गया है उसका पुरा ब्यौरा संगठन के कोशाध्यक्ष नीरज जी से जिन्हे जरूरत महसूस हो रहा है वे ले सकते हैं किन्हीं के कह देने से संगठन भंग नहीं होता है।

सौगात : 7.93 करोड़ की लागत से होगा तेनुघाट डैम का जीर्णोद्धार कार्य, मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया शिलान्यास

# पर्यटन के प्रमुख स्थलों में शामिल होगा तेनुघाट डैम: योगेंद्र प्रसाद

## कहा- तेनुघाट डैम को पर्यटन के रूप विकसित करने को मिल रही 55 करोड़ की स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता



तेनुघाट डैम के सौंदर्यीकरण कार्यों का उद्घाटन करते मंत्री योगेंद्र प्रसाद।

**तेनुघाट।** जल संसाधन विभाग की ओर से तेनुघाट बांध की सुरक्षा और सौंदर्यीकरण के लिए डीएसआरपी 2021 की अनुशंसा पर आधारित कार्यों की शुरूआत हो गई है। रविवार को झाड़ी कटिंग, बोल्डर पिचिंग, नाली सफाई, ग्रास पिचिंग और सौंदर्यकरण कार्यों का विधिवत शिलान्यास राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने किया। तेनुघाट बांध के सुरक्षा मापदंडों को पूरा करने के लिए विभिन्न कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डैम के संपूर्ण विकास के हमारे लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में किया गया यह शिलान्यास ऐतिहासिक है। बताया कि 7.93 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न कार्यों के पूर्ण हो जाने के बाद तेनुघाट डैम को एक नई पहचान मिलेगी जिससे जलापूर्ति के साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। शिलान्यास करने के बाद मंत्री जी ने कहा कि तेनुघाट को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। बताया कि तेनुघाट और आसपास के लोगों की वर्षों पुरानी मांग अब साकार होने जा रही है। तेनुघाट डैम को पर्यटन के रूप विकसित करने के लिए 55 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल रही है। बहुत जल्द काम शुरू होगा। मंत्री ने कहा कि आगे अन्य विभागों से भी काम किये जायेंगे, जिससे यह क्षेत्र पर्यटन के मानचित्र पर एक प्रमुख स्थान प्राप्त करेगा। साथ ही कहा कि तेनुघाट में बिजली की समस्या का समाधान अतिशीघ्र हो जाएगा। इस मौके पर तेनुघाट के मुखिया नीलम श्रीवास्तव, पंसस अजीत कुमार पांडेय, रमेंद्र कुमार सिन्हा, रतन कुमार सिन्हा, दीपक कुमार गुप्ता, संजय यादव, राजन नायक, अख्तर अंसारी, रामचंद्र यादव, मुकेश कुमार, मनोज कुमार यादव, बबलू, सुजात, बसंत, अनिल कुमार यादव और पंकज नायक आदि मौजूद थे।

# गुणवत्तापूर्ण सड़कों का जाल बिछाने को सरकार कृतसंकल्पित : मंत्री



सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते मंत्री योगेंद्र प्रसाद।

**मंत्री ने सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास, लोगों से निगरानी करने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया/बेरमो।** राज्य के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने रविवार को गोमिया प्रखंड अंतर्गत बारीडारी पंचायत में तिरला मुख्य पथ से सोमस्वरवा गोंडरा तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार जनता की आवश्यकताओं को पूरा करने और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। क्षेत्र में उच्च गुणवत्तापूर्ण सड़कों का जाल बिछाने के लिए सरकार कृतसंकल्पित है। इस परियोजना के पूरा होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर यातायात सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा। इस मौके पर मुखिया तेजलाल महतो, किशुन महतो और संतोष करमाली सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# सस्ती दर पर मिलेगी दवाइयां लाभावित होंगे लोग: विधायक



**धनबाद के विधायक ने किया जन औषधि केंद्र का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** हीरापुर के ज्ञान मुखर्जी रोड, सेंट्रल बैंक के समीप प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के जन औषधि केंद्र का उद्घाटन विधायक राज सिन्हा ने किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। इससे धनबाद के लोगों को 200-250 रुपए की दवाइयां 20-25 रुपए में बहुत सस्ती दर पर मिलेगी। जिससे लोगों को बहुत राहत मिलेगा आम जनता को राहत देने वाली इन्हीं सब योजनाओं के लिए कहा जाता है कि मोदी है तो मुमकिन है। वहीं, पूजा शर्मा स्टोर के मालिक ने कहा 50 से 80 फीसदी तक सस्ती दवाइयां उपलब्ध है। इसके देशभर में 14000 से अधिक केंद्र कार्यरत है और केंद्र में 2000 से अधिक उच्च गुणवत्ता युक्त दवाइयां उपलब्ध होंगी। इस मौके पर स्टोर मैनेजर आनंद कुमार, अंशु फार्मासिस्ट अमित कुमार, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ सबिता राय चौधरी, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया हीरापुर के ब्रांच मैनेजर दीपेंद्र, बिहारी लाल चौधरी, हीरापुर शाखा के कुसुम कुमार, यशोदा इंटरप्राइजेज के शिव प्रसाद शर्मा और नंद लाल शर्मा आदि उपस्थित थे।

# धनबाद पहुंचे केंद्रीय कोयला खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंद्रीय कोयला खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे रविवार को धनबाद पहुंचे। जिनका विधायक राज सिन्हा, श्री राम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, भाजपा के महानगर जिला अध्यक्ष सरवन राय, हर्ष सिंह, मनोज मालाकार और रवि सिन्हा ने स्वागत किया। उदय प्रताप सिंह ने मंत्री से आउटसोर्सिंग में मजदूरों पर हो रहे शोषण पर संज्ञान लेने की मांग की। साथ ही कोलियरी क्षेत्र में पानी का छिड़काव सहित मजदूरों की अन्य समस्याओं से अवगत करवाया। इसके बाद सभी लोग धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ कार्यालय, विश्वकर्मा भवन, हीरापुर पुलिस लाइन के लिए रवाना हुए।

# टैंकर का ब्रेक हुआ फेल, आपस में टकराये चार वाहन

**टैंकर चालक सहित दो घायल, पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल**

आजाद सिपाही संवाददाता







**धनबाद।** गोविंदपुर थाना क्षेत्र में एनएच-19 जीटी रोड पर चार वाहनों की आपस में टक्कर हो गई। इस हादसे में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें सीएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घटना की मुख्य वजह एक टैंकर का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। टैंकर चालक अमन ने बताया कि वह मध्य प्रदेश से कोलकाता जा रहा था। उसके आगे एक कंटेनर चल रहा था। कंटेनर चालक ने अचानक ब्रेक लगाया। पर टैंकर का ब्रेक फेल होने से वह कंटेनर से टकरा गया। इसके बाद पीछे से आ रही एक 407 और एक अन्य वाहन भी आपस में टकरा गए। दुर्घटना में टैंकर चालक अमन के दोनों पैरों की हड्डियां टूट गई हैं।

### टैंकर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त

गोविंदपुर पुलिस ने सभी दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। तीन वाहनों को पुलिस यार्ड में रखा गया है। टैंकर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण सड़क पर ही खड़ा था। जिसे बाद में हटा लिया गया। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच-19 के इस क्षेत्र में हादसे आम बात हो गए हैं। तेज रफ्तार, खराब सड़कें और ट्रैफिक नियंत्रण की कमी इसका मुख्य कारण है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती बढ़ाई जाए। साथ ही स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं और सड़कों की मरम्मत कराई जाए।

# लोको पायलट की पत्नियों का दिखा रौद्र रूप, गोमो स्टेशन पर जमकर हंगामा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गोमो रेलवे क्रू लॉबी में लोको पायलट की पत्नियों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान उन्होंने डीआरएम के खिलाफ नारे भी लगाए। इतना ही नहीं महिलाओं ने कुछ देर के लिए रेल क्रू लॉबी का कामकाज भी पूरी तरह से ठप कर दिया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने कहा कि जब तक रेल प्रशासन एनके गौतम का ट्रांसफर वापस नहीं लेती, तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। दूसरी ओर, महिलाओं का रौद्र रूप देख अधिकारियों ने बाद की और सकारात्मक आश्वासन दिया, जिसके बाद महिलाओं का धरना समाप्त हुआ। इस दौरान करीब तीन घंटे तक महिलाओं ने क्रू लॉबी में धरना दिया। बतातें चलें कि गोमो के लोको पायलट एनके गौतम का ट्रांसफर शक्तिनगर कर दिया गया है। जिस कारण उनकी पत्नी सहित सैकड़ों संख्या में लोको पायलट की पत्नियों ने गोमो क्रू लॉबी को घेरकर ट्रांसफर को रद्द करने की मांग करने लगी। गौतम कुमार की पत्नी ज्योतिमाला कुमारी ने मोबाइल में खून की उल्टी की तस्वीर को दिखाते हुए बताया कि मेरे बेटे को खून की उल्टी हो रही थी। जिस कारण मेरे पति गौतम कुमार अपनी ड्यूटी करने के बाद कोडरमा रनिंग रूम में थे। वहां से सूचना पाकर वे गोमो घर आ गए, जिस कारण उनके पति का ट्रांसफर कर दिया गया. जिसका विरोध कर रहे हैं। वहीं, कुछ महिलाओं ने बताया कि उनके लोको पायलट पातियों से बंधुआ मजदूरों की तरह से रेल के अफसरों द्वारा काम करवाया जा रहा है। हम लोको पायलट के परिवार किसी तरह के त्योहारों को नहीं मना पाते हैं। धरना दे रही महिलाओं ने धनबाद डीआरएम के नाम लिखित रूप से अपनी मांगों को लेकर आवेदन दिया। वहीं अधिकारियों के आश्वासन के बाद करीब 3 घंटे बाद धरना समाप्त किया।

# मामा के घर घूमने आये किशोर की दामोदर नदी में डूबने से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के ढोरी खास के पास रविवार की दोपहर दामोदर नदी में नहाने गये 16 वर्षीय एक किशोर की डूबने से मौत हो गयी। उसकी पहचान आयुष जायसवाल (16) के रूप में हुई है। वह ओडिशा के बरबील का रहने वाला है। अपनी मां संजू देवी के साथ शुक्रवार को अपने मामा 5 नंबर धौड़ा निवासी भोला निषाद के यहां घूमने आया था। रविवार की दोपहर दो बजे आयुष अपने मामा के दो बेटों गोलू कुमार और श्याम कुमार के साथ ढोरी खास दामोदर नदी नहाने गया था। नहाने के क्रम में गहराई में चले जाने के कारण तीनों बच्चे डूबने लगा। तभी पास में मछली पकड़ रहे एक युवक ने किसी तरह दो बच्चों श्याम और गोलू को बचा लिया, लेकिन आयुष को नहीं बचा पाया। बीएमएस नेता ललन मल्लाह को इसकी खबर मिली तो वे तुरंत मौके पर पहुंच गये और बेरमो सीओ संजीत कुमार सिंह, बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह को सूचना दिया। प्रशासन ने तुरंत गोतखोर को इसकी सूचना देकर आयुष को खोजने के लिए बुलाया। देर शाम छह बजे गोतखोर की टीम घटनास्थल पर पहुंची। काफी अंधेरा होने के वजह से पहले तो नदी में उतारने के लिए असमर्थता जताई। बाद में टार्च की रोशनी से नदी में गोताखोर की टीम उतरी। तबे आयुष का शव नदी तट पर ही मिला। जिसे गोतखोर की टीम ने बाहर निकला। बतातेंच चलें कि आयुष के पिता विशाल जायसवाल धनबाद के रहने वाले है, जो ओडिशा के बरबील में काम करते है। वहीं, आयुष और उसकी मां भी रहती थी। आयुष अपने मां-बाप का इकलौता बेटा है।

# गलत टिकट देने पर कटा फाइन हंगामा के बाद वापस मिले पैसे




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** गलत टिकट देने और धनबाद रेलवे स्टेशन पर टीटी द्वारा यात्री को पकड कर उसका 540 रुपया का काट दिये जाने के बाद जमकर हंगामा होने का मामला प्रकाश में आया है। धोखरा के ग्रामीणों द्वारा जमकर हंगामा करने और मामला बढ़ता देख रेलवे कर्मियों ने बाद में पैसा लौटा दिया। जानकारी के मुताबिक कर्माटांड़ स्थित ढोकरा हाल्ट टिकट काउंटर पहुंचे एक व्यक्ति ने धनबाद जाने के लिए टिकट काउंटर से टिकट खरीदा था। उस व्यक्ति को गोमो का टिकट दिया गया। जिसकी कीमत 30 रुपए है। वह व्यक्ति धनबाद में उतर गया। वहां से धनबाद स्टेशन टिकट काउंटर जाने के क्रम में टीटी ने टिकट दिखाने को कहा। उसने ढोकरा हाल्ट टिकट काउंटर से जो टिकट लिया था उसे दिखाया। पर टिकट देखते ही टीटी ने कहा कि यह टिकट गलत है। उसका फाइन कटेगा। इस पर भुक्तभोगी ने कहा कि उसने रेलवे के टिकट काउंटर से टिकट लिया है और पैसे भी दिए हैं फिर यह गलत कैसे हो सकता है? पर टीटी ने उसे व्यक्ति की एक न सुनी और 540 रुपए का चालान काट दिया। उसने वहां फाइन भर दिया और वापस ढोकरा हाल्ट टिकट काउंटर पहुंच गया। जिसने टिकट दी थी उसे सारी बात बतायी, लेकिन टिकट काउंटर पर बैठे व्यक्ति ने उसकी कोई मदद नहीं की। इस पर उक्त व्यक्ति ने इसकी जानकारी वहां के लोगों को दी, जिसके बाद ग्रामीण उग्र हो गए हैं और टिकट काउंटर में बैठे व्यक्ति की पिटाई कर दी। इससे भयभीत टिकट काउंटर में बैठे कर्मचारियों ने भीतर से टिकट काउंटर को बंद कर दिया और अपने वरीय अधिकारियों को फोन कर इसकी जानकारी दी। इसके बाद रेलवे प्रशासन सहित कई अधिकारी पहुंचे और मामले की जांच की। इसके बाद जिस व्यक्ति के साथ यह घटना घटी उस व्यक्ति का फाइन रसीद सहित टिकट काउंटर के कर्मचारियों ने पैसे वापस कर दिया गया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई नया मामला नहीं है। इससे पहले भी इस प्रकार की घटना घट चुकी हैं।

# दामोदर एवं उसकी सहायक नदियों को बचाने के लिए सभी को मिलकर करना होगा प्रयास : रामचंद्र रवानी

## दामोदर एवं सहायक नदियों को बचाने को लेकर झारखंड किसान विकास संघ की बैठक


बैठक में उपस्थित गणमान्य लोग।

धनबाद (आजाद सिपाही)। दामोदर एवं उसकी सहायक नदियों पर चल रहे जन जागरण कार्यक्रम के तहत झारखंड किसान विकास संघ की ओर से साउथ बलिहारी स्थित पंचायत भवन के प्रांगण में रविवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समाजसेवी सुनीता कुमारी ने की। इसमें भागाबांध, बोर्रागढ़ क्षेत्र से होकर बहने वाली कालिजोरिया नदी को प्रदूषण मुक्त करने को लेकर अभियान चलाया गया। बैठक में वार्ड नंबर 10 के पूर्व पार्षद देवाशीष पासवान, संगठन के अध्यक्ष रामचंद्र रवानी, राम रतन राम, दशरथ तांती, महिला नेत्री पूनम सिंह, जैहुरून बीवी, किरण देवी, संगीता देवी, फैयाज अहमद, अब्दुल रज्जाक, पिंकी देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर रामचंद्र रवानी ने कहा कि पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के तहत अगली बैठक मूनीडीह स्थित भटिंडा फॉल से शुरू होगी। दामोदर एवं उसके सहायक नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के लिए जन जागरण अभियान चलाया जा रहा हैं। प्रदूषित हो रही नदियों को देखकर तकलीफ होती है। सभी सहायक नदियां खतरे की ओर अग्रसर है। कुछ तो लुप्त हो गई है। प्रशासन के साथ मिलकर उसे प्रदूषण मुक्त करना और नदियों को स्वच्छ बनाने के लिए हम सभी को मिलकर नदियां निरंतर बहती रहे इसका प्रयास किया जाना है। बतातें चलें कि विगत 22 अप्रैल पृथ्वी दिवस से लेकर पांच जून पर्यावरण दिवस तक कार्यक्रम संचालित होगी। इसमें महिलाए बढ़ चढ़ कर भाग ले रही है। बैठक के बाद सभी कालीजोरिया नदी पर जाकर देखा एवं स्थानीय लोगों से नदी को स्वच्छ करने के लिए आग्रह किया गया।

# गोविंदपुर एरिया-3 के नये क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक ने ग्रहण किया पदभार




**कतरास (आजाद सिपाही)।** ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड मुगमा एरिया के क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक यशवंत सिंह ने बीसीसीएल के गोविंदपुर एरिया 3 में क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया है। इस पर गोविंदपुर एरिया के वित्त प्रबंधक चंद्रेश चंद्र चौधरी, सचिन जायसवाल, अभिषेक गुप्ता, प्रशांत कुमार आदि ने उनका स्वागत किया। वहीं, नये वित्त प्रबंधक ने बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया को बारहों एरिया में नंबर वन बनाने के लिए सभी कर्मचारियों को नए-नए सुझाव दिये। बताते चलें कि यहां कार्यरत क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक रविकांत की पदोन्नति हो गयी है और वे नागपुर स्थानांतरित हो गये हैं।

# गोमिया पंचायत के झामुमो अध्यक्ष बने रंजीत दास



**आइइएल (आजाद सिपाही)।** झामुमो गोमिया पंचायत के अध्यक्ष रंजीत कुमार दास को बनाया गया। वहीं नवनियुक्त पंचायत अध्यक्ष रंजीत दास ने बताया कि पार्टी के वरीय अधिकारियों ने जो जिम्मेवारी सौंपी है उसे पूरी ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा। साथ ही गोमिया पंचायत में पार्टी को मजबूत बनाने का प्रयास करूंगा। उधर, रंजीत दास को गोमिया पंचायत का अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।




# देवघर के प्रकाश केशरी को राष्ट्रपति भवन में मिला सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघरवासियों के लिए आज का दिन गर्व और गौरव से भरा रहा जब शहर के वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश केशरी को राष्ट्रपति भवन, नयी दिल्ली में आयोजित 'Ageing With Dignity' कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें आमंत्रित कर वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु उनके योगदान को सराहा।

कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों के सम्मान, सुरक्षा और जीवन गुणवत्ता में सुधार को बढ़ावा देना था। महामहिम राष्ट्रपति ने अपने भाषण में कहा कि बुजुर्ग लोग अतीत से जुड़े होते हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी। समाज के हर नागरिक को चाहिए कि वे बुजुर्गों की भलाई, सम्मान और खुशी के लिए स्वयं को समर्पित करें, उनके अनुभवों को महत्व दें और उनके सान्निध्य का आनंद लें।

प्रकाश केशरी, जो वर्षों से सामाजिक सेवा में सक्रिय हैं, विशेषकर बुजुर्गों और जरूरतमंदों के लिए काम करते रहे हैं। उनके लिए यह निमंत्रण एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इस सम्मान को सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि समस्त देवघरवासियों के लिए गौरव की बात बताया।

श्री केशरी ने कहा कि यह मेरे जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण क्षण है। यह सम्मान केवल मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि देवघर के हर उस व्यक्ति की मेहनत और सेवा का परिणाम है, जो समाज की बेहतरी के लिए समर्पित है। मैं भगवान बाबा बैद्यनाथ और बाबा बासुकिनाथ की कृपा तथा देवघरवासियों के आशीर्वाद का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। प्रकाश केशरी को इससे पूर्व भी कई सामाजिक मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है, लेकिन राष्ट्रपति भवन से मिला यह निमंत्रण विशेष रूप से प्रेरणास्पद है। यह सम्मान आने वाली पीढ़ियों को यह संदेश देता है कि सेवा का मार्ग कभी निष्फल नहीं होता। देवघर के स्थानीय लोगों ने इसे देवघर की संस्कृति और सेवा भावना की जीत बताया।

# देवघर में माता रानी का भव्य दरबार : यहां विज्ञान खामोश है और चमत्कार बोलते हैं

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ धाम की पवित्र धरती पर इन दिनों एक और आस्था का केंद्र बनकर उभरा है चांदनी चौक स्थित हीरा चंद कुंजिलवार का आवास। यहां माता रानी का भव्य दरबार सजा है। यहां हर दिन हजारों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। कोई अपनों के लिए दुआ लेकर आता है, तो कोई अपने टूटे सपनों को जोड़ने की उम्मीद लिये। इस दरबार की आत्मा हैं बाबा, जो खुद को सिर्फ माता रानी का सेवक बताते हैं, लेकिन उनके अनुयायियों की नजर में वो एक फरिश्ता हैं। बाबा का दावा है कि माता की कृपा से वह पिछले 30 वर्षों से गूंगे को आवाज, अंधे को रोशनी और लकवे से जूझते लोगों को चलने की ताकत दे रहे हैं। उनका कहना है कि ये मेरी नहीं, माता रानी की महिमा है। जो सच्चे मन से आता है, उसका दुख माता खुद हर लेती हैं।

श्रद्धालु इस चमत्कारी दरबार को देखकर भावुक हो उठते हैं। एक महिला ने बताया कि डॉक्टरों ने जवाब दे दिया था। हम टूट चुके थे, लेकिन यहां आकर जैसे किसी ने फिर से जीवन लौटा दिया। कई लोगों ने वर्षों पुरानी बीमारियों से मुक्ति पाने का अनुभव साझा किया है। वहीं कुछ इसे अंधविश्वास कहकर खारिज करते हैं, लेकिन बाबा ने उन लोगों को खुला चैलेंज दिया है: अगर कोई यह साबित कर दे कि ये सब झूठ है, तो उसे एक लाख रुपये इनाम दूंगा। देवघर की हवाओं में आजकल भक्ति की सुगंध है, मंत्रों की गूंज है, और उस शक्ति की उपस्थिति है – जो नजर नहीं आती, लेकिन लोगों की आंखों में उम्मीद और दिलों में विश्वास बनकर बस जाती है। यह सिर्फ एक दरबार नहीं, आस्था और चमत्कार का संगम है – जहां हर मनुहार सुनती हैं माता रानी।

# डीसी-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर** जिले में आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर और पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग द्वारा सयुंक्त रूप से रविवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एएस कॉलेज, देवघर कॉलेज एवं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रिखीया में बनाये गये परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने को लेकर एनटीए द्वारा जारी दिशा निर्देश का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निदेश संबंधित अधिकारियों व केंद्राधीक्षकों को दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त विशाल सागर ने शांतिपूर्ण, नकल विहीन, पारदर्शिता से परीक्षा को लेकर सुरक्षा के सभी इंतजाम के अलावा परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की स्थिति के साथ अभ्यर्थियों के बॉयोमेट्रिक उपस्थिति, पेयजल, सीसीटीवी, शौचालय एवं बिजली व्यवस्था की वस्तुस्थिति से अवगत हुए। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, अव्यवस्था या नकल की घटना न हो, इसका ध्यान रखें।

**कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम** : परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। साथ ही धारा 144 के अंतर्गत परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित था। प्रत्येक केंद्र पर मजिस्ट्रेट की तैनाती थी।

# कार्तिकनाथ ठाकुर ने सरकार से की तीर्थ पुरोहितों के लिए स्वास्थ्य बीमा की मांग



**देवघर (आजाद सिपाही)।** बाबा बैद्यनाथ धाम के पंडा धर्मरक्षिणी सभा के पूर्व महामंत्री कार्तिकनाथ ठाकुर ने राज्य और केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि तीर्थ पुरोहितों को भी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्षों से तीर्थ क्षेत्र में सेवा दे रहे पुरोहित आज भी सरकारी योजनाओं से वंचित हैं, जिससे उन्हें कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सरकार से मांग की कि तीर्थस्थलों पर सेवाएं देनेवाले सभी मान्यता प्राप्त पुरोहितों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया जाये।

# बाल विवाह रोकने को लेकर जागरूकता बैठक



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल क्षेत्र के मारगोमुंडा प्रखंड के पट्टाजोड़ी गांव में लड़कियों को बाल विवाह से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। कम उम्र में शादी करने से लड़कियों का विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और खेलकूद यह सभी रुक जाता है। मानसिक, शारीरिक हानि होती है। इसलिए कम उम्र में शादी करना अपराध है। लड़की की शादी उम्र कानूनन 18 वर्ष और लड़का की 21 वर्ष है। बैठक में किशोरियों को आश्रय के मुस्कान प्रवीण ने बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूक किया। इस बैठक में आश्रय से तमन्ना प्रवीण, आमना खातून आदि ने भाग लिया।

# देवघर पुलिस और रेडक्रॉस सोसाइटी का रक्तदान शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघर रेडक्रॉस सोसाइटी और देवघर पुलिस के संयुक्त प्रयास से शनिवार को शहर के एक निजी होटल में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान में जिले के 12 थानों की पुलिस ने सक्रिय भागीदारी निभायी और सेवा परमो धर्म की भावना को साकार करते हुए उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन ने जानकारी दी कि तीन दिन तक चलने वाले इस शिविर का कुल लक्ष्य 300 यूनिट रक्त संग्रह करने का है। पहले दिन के लिए 100 यूनिट का लक्ष्य रखा गया था, जिसे पूरा करने की दिशा में उल्लेखनीय योगदान देखने को मिला। इस अभियान की अगली कड़ियों में 8 मई को सारठ और 11 मई को मधुपुर में रक्तदान शिविर आयोजित किये जायेंगे।

देवघर पुलिस द्वारा जनसेवा के इस कार्य में दिखायी गयी तत्परता और समर्पण की सर्वत्र सराहना हो रही है। एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग ने बताया कि सोशल पुलिसिंग के तहत रेडक्रॉस सोसाइटी के साथ मिल कर यह रक्तदान सिविल आयोजित किया गया है। इसमें जिले के सारे पुलिस पदाधिकारी और कर्मी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि आनेवाले दिनों में जिले के अन्य स्थानों में भी ऐसे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। साथ ही एसपी ने जिलावासियों से भी अपील की है कि रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभायें।

एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग ने बताया कि सोशल पुलिसिंग के तहत रेडक्रॉस सोसाइटी के साथ मिल कर यह रक्तदान सिविल आयोजित किया गया है। इसमें जिले के सारे पुलिस पदाधिकारी और कर्मी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में जिले के अन्य स्थानों में भी ऐसे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा।



































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**